राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ,मंगलवार, 21 अप्रैल 2026
वर्ष 07,अंक 198, पृष्ट 12,मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

महमूदाबाद ब्लॉक परिसर में भाकियू (टिकैत) का जोरदार प्रदर्शन....03

SRN हॉस्पिटल के पीजी सेंटर में लगी आग, फायर ब्रिगेड की तत्परता से बड़ा हादसा टला...08

# मैं केस से नहीं हटूंगी...जस्टिस स्वर्ण कांता ने खारिज की केजरीवाल की याचिका

● जज बदलने की मांग को लेकर अरविंद केजरीवाल की अर्जी पर जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने फैसला सुनाते हुए याचिका को खारिज कर दिया है. उन्होंने कहा 'मैं केस से नहीं हटूंगी.' इससे पहले केजरीवाल की याचिका पर फैसला सुनाते हुए जस्टिस शर्मा ने कहा कि उनकी निष्पक्षता पर सवाल उठाए गए हैं. जस्टिस शर्मा ने अपने आदेश में कहा कि जब उन्होंने फैसला लिखना शुरू किया, तो कोर्ट रूम में पूरी तरह सन्नाटा था.



आबकारी मामले में जज बदलने की मांग को लेकर अरविंद केजरीवाल की अर्जी पर जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने फैसला सुनाते हुए याचिका को खारिज कर दिया है. उन्होंने कहा 'मैं यह कहना चाहती हूं कि मैं ये याचिकाएं खारिज करती हूं. मैं केस से नहीं हटूंगी.' इससे पहले केजरीवाल की याचिका पर फैसला सुनाते हुए जस्टिस शर्मा ने कहा कि उनकी निष्पक्षता पर सवाल उठाए गए हैं. जस्टिस शर्मा ने अपने आदेश में कहा कि जब उन्होंने फैसला लिखना शुरू किया, तो कोर्ट रूम में पूरी तरह सन्नाटा था. उन्होंने कहा कि उस समय उन्हें एक जज के तौर पर अपनी जिम्मेदारी का अहसास हुआ, क्योंकि उन्होंने भारत के संविधान की शपथ ली है. उन्हें लगा कि उनकी चुप्पी भी एक तरह से परीक्षा में है और सवाल सिर्फ उन पर नहीं, बल्कि न्यायपालिका की निष्पक्षता और संस्थान की गरिमा पर भी है। जस्टिस शर्मा ने आगे कहा, 'मैं इस केस से रिक्यूज नहीं करूंगी. मैं इस केस की सुनवाई करूंगी.' जस्टिस शर्मा ने अरविंद केजरीवाल समेत अन्य की मामले की सुनवाई छोड़ने की याचिका खारिज करते हुए कहा 'मैं इस मामले की सुनवाई से नहीं हटूंगी. अगर मैं सुनवाई से अलग होती हूं और बिना बताए सुनवाई से अलग होती हूं तो शायद यह फाइल बंद हो जाएगी. लेकिन जो मुद्दे इस आवेदन में उठाए गए हैं. इसकी चर्चा हर जगह चलेगी कि क्या किसी जज को सजा के बदलाव किया जा सकता है.' जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा, 'मैं ये एप्लीकेशन रिजेक्ट करती हूं. क्योंकि मेरी शपथ संविधान से है. मेरी शपथ ने सिखाया है कि जस्टिस प्रेशर में झुकने से नहीं होता. जस्टिस वो ही है जो प्रेशर में झुका नहीं है. मेरा ये ही रिजॉल्व रहा है और रहेगा. मैं बिना किसी डर और भेदभाव के काम करूंगीं।'

**बरी किए गए लोगों को आखिरी मौका**

जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा 'इस बात के बावजूद कि मैंने इन एप्लीकेशन पर फैसला कर लिया है. मैं इस मामले पर फैसला करूंगी, बिना इस बात से प्रभावित हुए कि केस से अलग होने की एप्लीकेशन है और जैसे कि ये एप्लीकेशन कभी केस में फाइल ही नहीं की गई थीं. इन एप्लीकेशन में मैंने जो कुछ भी कहा है, वह सिर्फ इन एप्लीकेशन के फैसले के लिए है.' वहीं, दिल्ली हाईकोर्ट ने मुख्य मुकदमें में अपना जवाब दाखिल करने के लिए बरी किए गए लोगों को आखिरी मौका दिया. कोर्ट सीबीआई द्वारा ट्रायल कोर्ट के **बरी करने के फैसले के खिलाफ 4 से 7 मई सुनवाई करेगी।**

इससे पहले जस्टिस शर्मा ने कहा कि केजरीवाल के अरेस्ट केस में सिर्फ अरेस्ट की जरूरत का सवाल ही बड़ी बेंच को भेजा गया था और अंतरिम बेल दी गई थी. उनके कोर्ट का ऑर्डर रद्द नहीं किया गया था. अगर किसी जज का ऑर्डर कोई सुपीरियर कोर्ट रद्द कर दे तो उस लिटिगेंट को यह अधिकार नहीं मिलता कि वो यहां खड़ा हो कि ये बोले कि ये जज केस सुनने लायक नहीं है? जस्टिस शर्मा ने कहा कि अब होम मिनिस्टर अमित शाह के बयान पर केजरीवाल के आरोपों का जवाब, इस आधार पर सुनवाई से अलग होने की मांग करना पूरी तरह से कल्पना पर आधारित होगा. इस कोर्ट का इस पर कोई कंट्रोल नहीं है कि कोई नेता पब्लिक डोमेन में क्या कहना चाहता है. इसी तरह यह नेताओं के बयानों को रेगुलेट नहीं कर सकता।

**मुद्दई ने न्यायपालिका की संस्था को चुनौती दी**

जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा कि 'मैंने एप्लीकेशन पर फैसला करने का फैसला किया क्योंकि यह इंस्टीट्यूशन का सवाल था. मैंने फैसला किया कि मैं इस एक्विजिशन से प्रभावित हुए बिना इस पर फैसला करूंगीं, जैसा कि मैंने अपने 34 साल के ज्यूडिशियल करियर में किया है.' उन्होंने आगे कहा कि काम इसलिए मुश्किल हो गया है क्योंकि बहस के दौरान अलग-अलग बातें कही गई हैं. उन्होंने कहा है कि उन्हें जज की ईमानदारी पर शक नहीं है, लेकिन वे केस ट्रांसफर करवाना चाहते हैं, इसलिए नहीं कि 'मैं बायस्ड हूं, बल्कि उन्हें बायस का डर है. मुद्दई ने न्यायपालिका की संस्था को चुनौती दी है।'

**'मैंने विवाद सुलझाने का रास्ता चुना'**

उन्होंने कहा 'मैंने विवाद सुलझाने का रास्ता चुना है. न्यायपालिका की ताकत अधिग्रहण पर फैसला करने के उनके पक्के इरादे में है. मैंने बिना किसी बात से प्रभावित हुए ऑर्डर लिख दिया है.' उन्होंने कहा 'मैं दो उदाहरण दे रही हूं जहां पर अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी के नेताओं को पहली तारीख पर राहत दी है.' जस्टिस शर्मा ने एक ऑर्डर का जिक्र किया जिसमें अरविंद केजरीवाल और दूसरों के पक्ष में एकतरफा ऑर्डर पास किया गया था. राघव चड्ढा और दूसरों के एक केस का जिक्र भी किया।

**जब आदेश पक्ष में दिए तो नहीं लगाए आरोप**

जस्टिस शर्मा ने कहा कि उस समय किसी तरफदारी या विचारधारा के झुकाव का कोई आरोप नहीं लगाया गया था. अरविंद केजरीवाल की पार्टी के लोगों ने यह तर्क नहीं दिया कि उनके पक्ष में कोई अंतरिम आदेश पास नहीं किया जाना चाहिए. उन्होंने कहा कि इस कोर्ट में अरविंद केजरीवाल की पार्टी के नेताओं सहित कई और मामले पेंडिंग हैं. इस कोर्ट और उन्होंने ऐसे कई आदेशों को जारी रखा है, लेकिन तब कोई आरोप नहीं लगाया गया क्योंकि शायद आदेश उनके पक्ष में था. जब ऑर्डर उनके पक्ष में होता है तो बिना किसी आपत्ति के स्वीकार की गई न्यायिक प्रैक्टिस पर तब आपत्ति नहीं की जा सकती. जब ऑर्डर दूसरे पक्ष के पक्ष में पास किया जाता है।

**संजय सिंह और मनीष सिसोदिया केस का किया जिक्र**

जस्टिस शर्मा ने आगे कहा कि 'अब मैं उस आरोप पर बात करूंगी जहां पर ये कहा गया कि मैं जो भी ऑर्डर करती हूं उसे सुप्रीम कोर्ट रद्द कर देता है.' जस्टिस शर्मा ने संजय सिंह केस का जिक्र किया और कहा कि ईडी की रियायत पर जमानत दी गई थी और मेरे ऑर्डर पर कोई कमेंट नहीं किया गया. इसी तरह मनीष सिसोदिया केस में भी इस कोर्ट के पास किए गए ऑर्डर पर सुप्रीम कोर्ट ने कोई नतीजा या ऑब्जर्वेशन नहीं किया था।

## एमपीः अवैध खनन मामले में सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई करने से इनकार



मध्यप्रदेश में अवैध खनन से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कटनी निवासी आशुतोष दीक्षित की याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया. सुप्रीम कोर्ट ने याचिककर्ता को हाईकोर्ट जाने को कहा. आशुतोष दीक्षित ने अपनी याचिका में कहा था कि बीजेपी विधायक संजय सत्येंद्र पाठक से जुड़ी तीन कंपनियां जबलपुर जिले के सिहोरा क्षेत्र और वन भूमि में 'अवैध और अत्यधिक खनन' में लिप्त हैं।

सोमवार को याचिककर्ता के वकील देवदत्त कामत ने सीजेआई की बेंच से कहा कि एक मौजूदा विधायक ने जज को फोन किया. साथ ही जज ने अपनी नाराजगी व्यक्त की. अब मेरी याचिका खारिज कर दी गई है, स्वतः संज्ञान लिया जाना चाहिए था।

सीजेआई ने कहा कि ज्यादातर ये राजनीतिक लड़ाइयां अदालत के अंदर होती हैं. जस्टिस बागची ने कहा कि लेकिन उनकी बात नहीं सुनी गई. याचिककर्ता के वकील कामत ने कहा कि लेकिन यह तो जज को फोन करने की बात है! क्या यह राजनीतिक है?

**राजनीतिक बयानबाजी न करें: सीजेआई**

सीजेआई ने कहा कि राजनीतिक बयानबाजी न करें, हमें यह पसंद नहीं है, यह एक नया चलन है, सोचिए आप वहां जज के साथ कैसा व्यवहार कर रहे होंगे. अवमानना में हमें बताएं कि आप कहां सुनवाई की मांग कर रहे हैं? आपने दूसरों को दोषी ठहराते हुए अन्य राहत की मांग की है, पहले इसे साबित होने दीजिए। कामत ने कहा कि मेरी याचिका के कारण अवमानना हुई है, मेरे पास सबूत हैं. सीजेआई ने कहा कि आप सबूत हाईकोर्ट को दे सकते हैं. सिर्फ इसलिए कि आपको राजनीतिक लाभ नहीं मिला, आप यहां आए हैं. आपकी रिट का निपटारा आरोपी के खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्यवाही शुरू करके किया गया था. वहां आप कहते हैं कि आप सहायता करना चाहते हैं।

**हाईकोर्ट में मामला दायर करने की दी इजाजत**

सीजेआई ने कामत से कहा कि आप राजनीतिक मामले दायर करते रहते हैं. आपको बेहतर पता होना चाहिए. कामत ने कहा कि कृपया ऐसा न कहें कि मैं केवल राजनीतिक मामले दायर करता हूं. इसमें राजनीतिक क्या है? एक विधायक ने जज को बुलाया और वह कह रहे हैं कि वे चर्चा करना चाहते हैं. सीजेआई ने कहा कि यदि किसी ने यह कार्रवाई की है, तो उसे दंडित किया जाना चाहिए।

## संक्षिप्त ख़बरें

### सिविल लाइंस के पत्रिका चौराहे पर भीषण आग, दो रेस्टोरेंट व अंग्रेजी मॉडल शॉप जलकर खाक

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र अंतर्गत पत्रिका चौराहे पर देर रात भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। आग की इस घटना में एक ही भवन में संचालित दो रेस्टोरेंट और एक अंग्रेजी मॉडल शॉप पूरी तरह जलकर खाक हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, पत्रिका चौराहे पर स्थित एक बहुमंजिला बिल्डिंग में रात करीब 2:30 बजे अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर तथा फर्स्ट फ्लोर को अपनी चपेट में ले लिया। बताया जा रहा है कि बेसमेंट और फर्स्ट फ्लोर पर रेस्टोरेंट संचालित थे, जबकि ग्राउंड फ्लोर पर अंग्रेजी मॉडल शॉप की दुकान थी। आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं। आग की भयावहता को देखते हुए चार दमकल गाड़ियों को लगाया गया। दमकल कर्मियों की कड़ी मशक्कत के बाद करीब चार घंटे में आग पर काबू पाया जा सका। इस भीषण आगजनी में लाखों रुपये से अधिक के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। हालांकि घटना के समय प्रतिष्ठान बंद होने के कारण किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। प्राथमिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है, हालांकि पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीमें पूरे मामले की जांच में जुटी हैं।

### पूर्वी दिल्ली में युवक के सिर, पेट और सीने में ताबड़तोड़ घोंपे चाकू; मामूली बात पर कर दी हत्या

**पूर्वी दिल्ली।** सोमवार को एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस जेपीसी अस्पताल पहुंची, जहां घायल को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान इस्माइल पुत्र लुकमान के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया कि सुबह इस्माइल अपने घर के पास मोहम्मद इरशाद के साथ बैठा था। इसी दौरान आरोपित दानिश वहां से गुजर रहा था। पुरानी रंजिश के चलते घूरने की बात पर आरोपित भड़क गया और गाली-गलौज करने लगा, जिससे विवाद बढ़ गया। इसी बीच शाहिद अली मौके पर पहुंचा और बीच-बचाव करने की कोशिश की, लेकिन आरोपित ने उसके साथ मारपीट करते हुए उसकी आंख पर चोट पहुंचाई। इसके बाद आरोपित चाकू लेकर आया और इस्माइल के सीने, पेट और सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिए।

## द्वारका हिट एंड रन केस में साहिल की मां की दलीलें खारिज, नाबालिग की जमानत रद करने से कोर्ट का इनकार

● द्वारका कोर्ट ने नाबालिग की जमानत रद करने से इनकार किया

● मृतक के परिवार ने पछतावे की कमी का तर्क दिया था

● कोर्ट ने कहा, केवल संपन्न होने पर स्वतंत्रता नहीं छीनी जा सकती



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पश्चिमी दिल्ली।** द्वारका साउथ थाना क्षेत्र में स्कार्पियो कार की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार साहिल धनेशरा की मौत मामले में द्वारका कोर्ट ने नाबालिग आरोपित की जमानत रद करने से इनकार कर दिया है।

**मां की दलीलों कोर्ट का तर्क**

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने अपने आदेश में कहा कि मृतक के परिवार ने दलील दी थी कि नाबालिग के मन में अपने किए का कोई पछतावा नहीं है। इस पर कोर्ट ने कहा कि शुरुआती जांच के दौरान पछतावे की कमी को पूरे मामले का आधार नहीं बनाया जा सकता हैं। याचिकाकर्ता ने यह डर जताया था कि आरोपित का परिवार प्रभावशाली और संपन्न है, जिससे वह कानूनी प्रक्रिया को प्रभावित कर सकता है। कोर्ट ने इस दलील को खारिज करते हुए कहा कि केवल किसी के संपन्न होने की आशंका के आधार पर एक किशोर की व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार को नहीं छीना जा सकता है। मृतक के परिवार (अपीलकर्ता) के वकील ने तर्क दिया था कि अगर इस नाबालिग को जमानत मिल गई, तो जनता का न्याय व्यवस्था से भरोसा उठ जाएगा। लोगों को लगेगा कि नाबालिग चाहे जो भी अपराध करें, उन्हें कोई सजा नहीं मिलेगी। इस पर कोर्ट ने कहा कि जमानत देने का मतलब यह नहीं है कि नाबालिग को उसके किए की सजा नहीं मिलेगी।

**क्या है मामला**

फरवरी 2026 में द्वारका साउथ थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार स्कार्पियो ने साहिल धनेशरा की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी थी, जिसमें उनकी जान चली गई थी। कार चलाने वाला आरोपित नाबालिग था। किशोर न्याय बोर्ड ने 10 मार्च को उसे जमानत दे दी थी, जिसे मृतक की मां ने ऊपरी अदालत में चुनौती दी थी।

### गोवंश तस्करी मामले में 4 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार





**होलागढ़।** गोवंश तस्करी से जुड़े मामले में पुलिस टीम ने चार वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, थाना होलागढ़ में पंजीकृत मुकदमा संख्या 31/26, धारा 3/5ए/8 गौवध निवारण अधिनियम एवं धारा 11 पशु क्रूरता अधिनियम से संबंधित चार आरोपियों–बशारतउल्ला, आफताब अहमद, शमसाद और मोहम्मद साकिब–को 20 अप्रैल 2026 को पश्चिमनारा स्थित गंगा एक्सप्रेस-वे ओवरब्रिज के नीचे से गिरफ्तार किया गया। गौरतलब है कि 10 अप्रैल 2026 को इन अभियुक्तों द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर डीसीएम वाहन (संख्या UP25DT7001) में गोवंश लादकर जनपद प्रतापगढ़ से कैमूर (बिहार) ले जाया जा रहा था। इसी दौरान थाना होलागढ़ क्षेत्र के पश्चिमनारा नहर पुलिया के पास वाहन फंस गया। मौके का फायदा उठाकर सभी आरोपी वाहन छोड़कर फरार हो गए थे। इस संबंध में थाना होलागढ़ में मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में पुलिस पहले ही एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज चुकी है, जबकि एक बाल अपचारी को बाल सुधार गृह भेजा जा चुका है।

## दिल्ली के पटपड़गंज में मोमोज खाने से 15 से ज्यादा लोग बीमार, एक बच्चा ICU में एडमिट

» पटपड़गंज में मोमोज खाने से 15 से ज्यादा लोग बीमार

» आनंद फास्ट फूड दुकान से मोमोज खाने के बाद हुई शिकायत

» निगम पार्षद रेनू चौधरी ने दुकान पर कराई छापेमारी



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूर्वी दिल्ली।** पटपड़गंज इलाके में फास्ट फूड खाने के बाद कई लोगों के बीमार पड़ने का मामला सामने आया है। यहां स्थित आनंद फास्ट फूड नामक दुकान से मोमोज खाने के बाद बच्चों सहित 15 से अधिक लोग फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक, रविवार को कुछ लोगों ने दुकान से मोमोज खाए थे। इसके एक दिन बाद ही उन्हें उल्टी और दस्त की शिकायत शुरू हो गई। हालत बिगड़ने पर कई लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। बीमारों में कई बच्चे भी शामिल हैं। इनमें से एक बच्चे मनु राज की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिसे आईसीयू में भर्ती कराया गया है।

**निगम पार्षद रेनू चौधरी अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचीं**

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। लोगों ने इसकी शिकायत क्षेत्रीय निगम पार्षद रेनू चौधरी से की। जिसके बाद पार्षद ने अधिकारियों की टीम के साथ मौके पर पहुंचीं और दुकान पर छापेमारी कराई। जांच के दौरान दुकान में साफ-सफाई की भारी कमी पाई गई और खाद्य सामग्री की गुणवत्ता पर भी गंभीर सवाल उठे।बताया जा रहा है कि कार्रवाई से पहले ही दुकान संचालक फरार हो गया। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है और उसकी तलाश की जा रही है। जांच में यह भी सामने आया कि दुकान में नाबालिगों से काम कराया जा रहा था, जो श्रम कानूनों का उल्लंघन है। फिलहाल प्रशासन पूरे मामले की जांच में जुटा है।

### लुटियंस दिल्ली में कबूतरों को दाना खिलाने वालों पर सख्ती, 3 महीने में 76 चालान; एनजीटी को सौंपी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** लुटियंस दिल्ली में जगह-जगह पर कबूतरों को दाना खिलाने वालों के खिलाफ नई दिल्ली पालिका परिषद (एनडीएमसी) लगातार कार्रवाई कर रही है। इस वर्ष के शुरुआती तीन महीने में 76 चालान किए गए हैं। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) में दाखिल ताजा रिपोर्ट में एनडीएमसी ने कहा कि दाना खिलाने के स्थान पर नियमित रूप से सफाई अभियान चलाया जा रहा है। रिपोर्ट में एनडीएमसी ने कहा कि कबूतरों को दाना खिलाने वाली जगहों की पहचान करने के लिए सफाई पर्यवेक्षक कर्मचारियों द्वारा एक सर्वेक्षण किया गया था और इसके बाद जनवरी में 23, फरवरी में 14 और मार्च में 39 चालान जारी किए गए थे। कबूतरों के अलावा एनडीएमसी की ओर से सार्वजनिक जगहों पर बंदरों को दाना खिलाने वालों पर नकेल कसने के लिए, चार लोगों को चालान जारी किए गए। इसके अलावा बंदरों को भगाने के लिए खुले में लंगूरों के कट-आउट (तस्वीरें) लगाए गए हैं। एक छात्र की लंबित याचिका पर एनडीएमसी ने यह जानकारी एनजीटी में दी है। याचिकाकर्ता अरमान पालीवाल ने दावा किया था कि जगह-जगह पर ट्रैफिक लाइट व फुटपाथ पर कबूतरों को दाना खिलाने के कारण जगहें उनकी बीट से भरी रहती है। इन जगहों पर सफाई की जाती है तो सूखे बीट के जहरीले कण धूल में मिलकर न सिर्फ पर्यावरण को प्रदूषित करते हैं।

## वाराणसी नगर निगम के जोनल अधिकारी की बर्खास्तगी रद, साढ़े तीन साल पुराने केस में HC का फैसला

» नियमों के विरुद्ध देवोर संपी नामांतरण का आरोप था।

» अनुशासनात्मक कार्यवाही में निष्पक्षता की कमी पाई गई।

» हाई कोर्ट ने जोनल अधिकारी की बर्खास्तगी रद्द की।



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने वाराणसी नगर निगम के जोनल अधिकारी रामेश्वर दयाल की बर्खास्तगी आदेश को रद कर दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी ने याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है। याची पर आरोप था कि उन्होंने वाराणसी के एक घर (मकान नंबर डी 28/105) जो नगर निगम के अभिलेखों में देवोत्तर संपत्ति के रूप में दर्ज थी, उसका नामांतरण नियमों के विरुद्ध जाकर मोहम्मद जावेद और अन्य के नाम कर दिया।

विभाग का तर्क था कि सेवायतों को इस सार्वजनिक संपत्ति को बेचने का अधिकार नहीं था। इसके लिए सक्षम न्यायालय की अनुमति भी नहीं ली गई थी। इसी आधार पर उन्हें 12 दिसंबर 2022 को आरोप पत्र दिया गया और जांच के बाद सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था।

दलील दी गई कि नामांतरण की प्रक्रिया एक अर्ध न्यायिक और संक्षिप्त प्रक्रिया है, जो केवल कर वसूली के उद्देश्य से की जाती है। इससे संपत्ति के मालिकाना हक पर कोई असर नहीं पड़ता। उन्होंने तर्क दिया कि संपत्ति के स्वामियों ने जिलाधिकारी की अनुमति से मूर्तियों को पहले ही लखनऊ स्थानांतरित कर दिया था। इसके बाद वह निजी संपत्ति बन गई थी। हाई कोर्ट ने कहा कि अनुशासनात्मक कार्यवाही में प्रक्रियात्मक निष्पक्षता का अभाव है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि न्यायिक समीक्षा का उद्देश्य अपील के रूप में कार्य करना नहीं है, बल्कि यह देखना है कि क्या कार्यवाही निष्पक्ष रूप से संचालित की गई थी।

## रेलवे स्टेशन पर कचरा फेंका और पकड़े गए तो आपको झाड़ू लगाना पड़ेगा, रेलवे ने अपराध की सजा का बदला तरीका

» रेलवे स्टेशनों पर हुड़दंग मचाने वाले भी सावधान हो जाएं

» कचरा फेंकने व हुड़दंग करने वालों के खिलाफ ऐसी मिलेगी सजा





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** अब स्टेशन पर कचरा फैलाना या हुड़दंग मचाना आपकी जेब ही नहीं, बल्कि आपकी 'साख' पर भी भारी पड़ेगा! क्या आप इमेजिन कर सकते हैं कि स्टेशन परिसर में गंदगी फैलाते पकड़े जाने पर आपको वहां झाड़ू पकड़कर सफाई करते हुए देखा जाएगा? जी हां, भारतीय रेलवे ने अब अपराध की सजा का तरीका पूरी तरह बदल दिया है।

**रेलवे के नियमों में बड़ा बदलाव**

भारतीय रेलवे ने अपने नियमों में एक बड़ा बदलाव किया है। 'जन विश्वास 2.0 संशोधन विधेयक 2026' के लागू होते ही रेलवे ने अपनी दंड प्रणाली में एक ऐसा बदलाव किया है, जो न केवल सख्त है, बल्कि रचनात्मक भी है। अब छोटे-मोटे अपराधों के लिए जेल की सलाखों के पीछे जाने के बजाय, आपको सार्वजनिक रूप से स्टेशन की सफाई करते हुए देखा जा सकता है।

**नया कानून आ गया है**

भारतीय रेलवे ने अपने नियमों में एक बड़ा और क्रांतिकारी बदलाव किया है। अब रेलवे स्टेशन पर उपद्रव मचाना, गंदगी फैलाना या अनुशासनहीनता करना यात्रियों को भारी पड़ सकता है। 'जन विश्वास 2.0 संशोधन विधेयक 2026' के लागू होते ही रेलवे ने अपनी दंड प्रणाली में एक ऐसा बदलाव किया है, जो न केवल सख्त है, बल्कि रचनात्मक भी है। अब छोटे-मोटे अपराधों के लिए जेल की सलाखों के पीछे जाने के बजाय, आपको सार्वजनिक रूप से स्टेशन की सफाई करते हुए देखा जा सकता है।

**जेल नहीं, अब 'कम्युनिटी सर्विस' का दौर**

रेलवे प्रशासन का मानना है कि छोटे अपराधों के लिए यात्रियों को जेल भेजने से सिस्टम पर अनावश्यक बोझ पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए, अब 'जेल की जगह जुर्माना और कम्युनिटी सर्विस' (सामुदायिक सेवा) का नया प्रावधान लाया गया है।

**सफाई ही सजा**

यदि कोई यात्री स्टेशन पर हंगामा करता है या गंदगी फैलाता है, तो उसे जुर्माने के साथ-साथ सफाई जैसे कार्यों में हाथ बटाना पड़ सकता है। उद्देश्य : इस अनूठी पहल का मुख्य उद्देश्य यात्रियों के व्यवहार में सुधार लाना और उन्हें उनकी जिम्मेदारी का अहसास कराना है।

## संक्षिप्त खबरें

### भगवान परशुराम जयंती पर ब्राह्मणों के एक जुटता पर जोर



बलरामपुर जनपद के पचपेड़वा विकास खंड अंतर्गत गुरुचिहवा समय माता पर परशुराम जन्मोत्सव धूम धाम और पुष्प अर्पण,भव्य आरती के साथ मनाया गया।आयोजक द्वारा विप्र समाज को माला पहनाकर अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। ब्राह्मण समाज के कामेश्वर मिश्रा ने कहा कि हम सुधरेंगे तो समाज सुधरेगा,ब्राह्मण रहेगा तो ब्रह्मांड रहेगा।इसलिए ब्राह्मणों के आत्मसम्मान के लिए एकजुटता पर जोर दिया। पंडित राम कृपाल शुक्ल ने कहा कि ब्राह्मण हमेशा राष्ट्र की सोचता है,पूरे विश्व का कल्याण हो यही भावना के साथ जीवन जीता है।मंच पर मुख्य अतिथि विनय मिश्रा और अध्यक्षता राजेंद्र ओझा रहे।ब्लॉक प्रमुख मनोज तिवारी ने कहा कि ब्राह्मण समाज के लिए मै हमेशा से खड़ा रहा हूं,भगवान परशुराम मंदिर निर्माण हेतु एक लाख रुपए भेट करूंगा।विनय प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि ब्राह्मण कभी कमजोर नहीं होता,ब्राह्मण ने वेद दिया ,विज्ञान और ज्ञान दिया।शाश्वत मिश्रा,राधेश्याम मिश्रा,लोकतंत्र सेना रक्षक सेनानी ओम प्रकाश त्रिपाठी,दिलीप मिश्रा, आलोक पाठक,गिरजेश पांडेय,पप्पू मिश्रा सहित हजारों की संख्या में ब्राह्मण उपस्थित रहे। परशुराम जयंती पर मुख्य यजमान अरुणदेव पाठक ने सपत्नीक पूजा अर्चना किया।इस मौके पर वक्ताओं ने भगवान परशुराम के सिद्धांतों पर चलने के लिए ब्राह्मणों से निवेदन किया।कार्यक्रम समाप्ति पर ब्राह्मण समाज ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

### लालूडीह में अग्निकांड: 40 बकरियां जिंदा जलीं, 250 ट्रॉली भूसा राख

**उतरौला (बलरामपुर)-** तहसील क्षेत्र के ग्राम चिचूडी सहनिया के मजरा लालूडीह में सोमवार दोपहर अज्ञात कारणों से लगी आग ने भारी तबाही मचा दी। गांव निवासी चौधरी ताज़ाम्मुल हुसैन के घर लगी आग तेज गर्म हवाओं के चलते विकराल हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दोपहर करीब 2 बजे अचानक आग भड़क उठी। कुछ ही देर में घर के पास रखा लगभग 250 ट्रॉली भूसा जलकर राख हो गया। इस अग्निकांड में करीब 40 बकरियां जिंदा जल गई, जिससे परिवार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ। ग्रामीणों की तत्परता से गाय-भैंसों को समय रहते बाहर निकाल लिया गया, वरना नुकसान और बढ़ सकता था। सूचना पर ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। बाद में दमकल टीम भी पहुंची और घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घटना के बाद गांव में शोक और दहशत का माहौल है। हल्का लेखपाल फखरूल हसन ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन शुरू किया। शुरुआती अनुमान में लाखों रुपये की संपत्ति और पशुधन का नुकसान बताया जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने की मांग की है। विशेषज्ञों के अनुसार भीषण गर्मी, सूखी हवाएं और भूसा-फूस के ढेर आग की घटनाओं को बढ़ा रहे हैं। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि खुले में आग न जलाएं, बिजली उपकरणों की जांच कराएं और ज्वलनशील सामान सुरक्षित रखें। आग लगने पर तुरंत दमकल को सूचना दें।

### संग्रामपुर पुलिस द्वारा वांछित व 20 हजार रुपये का ईनामिया अभियुक्त गिरफ्तार



**अमेठी ।** पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में संदिग्धों की चेकिंग व अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' के तहत क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा विभिन्न धाराओं में थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी में वांछित व 20 हजार रुपये का ईनामिया अभियुक्त ललित पुत्र पुत्तीलाल निवासी चकधरपुर थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया है । थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई अभियुक्त घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा 20 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था ।उक्त सराहनीय कार्य हेतु पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा पुलिस टीम को 20,000 रुपये नकद पुरस्कार देने की घोषणा की गई है ।

# गरीब बिटिया की शादी में फरिश्ता बने हाईकोर्ट के अधिवक्ता के.एल. तिवारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के हरैया तहसील के मुईली गांव में एक गरीब परिवार की बेटी की शादी उस समय संकट में पड़ गई, जब मेहनत-मजदूरी कर जोड़े गए 70 हजार रुपये अचानक खाते से गायब हो गए। पीड़ित श्याम नारायण निषाद की पुत्री सपना निषाद की शादी 21 अप्रैल 2026 को तय है।अपरिवार का आरोप है कि हरैया द्वितीय क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य जवाहर लाल और उनके पुत्र दिवाकर विक्रम द्वारा संचालित खाते से गरीब खाताधारकों का करोड़ों रुपये गबन कर फरार हो गए हैं। इस घटना का खुलासा तब हुआ जब शादी की तैयारियों के लिए परिजन पैसा निकालने बैंक पहुंचे, लेकिन खाते में शून्य राशि देखकर उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। जिसकी शिकायत कई जगह किया गया लेकिन इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से निराश हो करके लौट आए




इस विपरीत परिस्थिति में जब परिवार पूरी तरह टूट चुका था, तब 'सेवा समर्पण भाव परिवार' के मुखिया दिलीप पांडे ने सोशल मीडिया के माध्यम से मदद की अपील की। यह अपील इंसानियत की मिसाल बन गई।

जैसे ही यह खबर हाईकोर्ट इलाहाबाद के अधिवक्ता के.एल. तिवारी तक पहुंची, वे रविवार देर शाम खुद पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और न केवल 5 साड़ियां, कुर्ता-धोती, गमछा भेंट किया बल्कि आर्थिक सहायता देकर बेटी की शादी में सहयोग का भरोसा भी दिया।

इस दौरान दिलीप पांडे, पशुपतिनाथ चतुर्वेदी, आकाश त्रिपाठी, उमंग पांडे सहित गांव के कई लोग मौजूद रहे। अधिवक्ता तिवारी द्वारा किए गए इस मानवीय कार्य की क्षेत्र में जमकर सराहना हो रही है और सोशल मीडिया पर भी लोग इसे 'इंसानियत की मिसाल' बता रहे हैं। समाज सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं अधिवक्ता कन्हैया लाल तिवारी हमेशा गरीबों की सहायता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं भगवान उनकी मदद करें

### रास्ता रोककर युवक से मारपीट, जान से मारने की धमकी

**ललितपुर।** मड़ावरा थाना क्षेत्र में एक युवक के साथ रास्ता रोककर मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर नामजद आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मड़ावरा निवासी रौनक जैन 17 अप्रैल को दोपहर करीब 1 बजे परीक्षा देकर ललितपुर से घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में रानू राजा नामक युवक ने उसे रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों से मारपीट की। पीड़ित के अनुसार आरोपी ने पहले बस स्टैंड के पास और बाद में पुराने बाजार स्थित संस्कृति गार्डन के सामने फिर से रोककर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना में पीड़ित का मोबाइल भी टूट गया और उसके शरीर में चोटें आई हैं। घटना से भयभीत पीड़ित ने पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 115(2), 352, 351(2), 351(3) व 324(4) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### बलरामपुर में मॉडिफाइड साइलेंसर पर अभियान:10 हजार तक जुर्माना, वर्कशॉप पर भी छापेमारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बलरामपुर में ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए परिवहन विभाग और पुलिस प्रशासन ने संयुक्त अभियान शुरू किया है। उत्तर प्रदेश परिवहन आयुक्त के निर्देशों के बाद, जनपद में मॉडिफाइड साइलेंसर लगे दोपहिया वाहनों के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।इस अभियान के तहत सड़कों और प्रमुख चौराहों पर वाहनों की सघन जांच की जा रही है। इसके साथ ही, दोपहिया वर्कशॉप और ऑटोमोबाइल पार्ट्स की दुकानों पर भी छापेमारी की कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों ने स्पष्ट संदेश दिया है कि नियमों का उल्लंघन अब महंगा पड़ेगा।यदि किसी वाहन में मॉडिफाइड साइलेंसर पाया जाता है, तो मोटर यान अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत चालान किया जाएगा। ऐसे मामलों में वाहन चालक पर 10,000 तक का भारी जुर्माना लगाया जाएगा। अवैध साइलेंसर बेचने



वाले दुकानदारों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की तैयारी है। आज के विशेष अभियान का नेतृत्व सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) बृजेश और प्रभारी निरीक्षक यातायात उमेश सिंह ने संयुक्त रूप से किया। टीम ने कई संदिग्ध वाहनों की जांच की और चालकों को नियमों का पालन करने की सख्त चेतावनी दी। प्रशासन ने बताया है कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। इसका उद्देश्य ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना और आम जनता को इससे होने वाली परेशानी से राहत दिलाना है।

# 41 के पार पहुंचा पारा, गर्म हवा से जनजीवन अस्त-व्यस्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज तराई (बलरामपुर)-** अप्रैल का दूसरा पखवाड़ा शुरू होते ही गर्मी ने तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। जिले में पारा 41 के पार पहुंच गया है। दिन भर गर्म हवाएं चलने से जहां राह चलना दुश्वार है वहीं आम लोगों का जनजीवन प्रभावित हो गया है। धूप के कारण दोपहर के समय लोग घरों से बाहर नहीं निकल पाते हैं। मौसम विभाग के अनुसार अभी और गर्मी बढ़ने की संभावना व्यक्त की गई है।शहर में सुबह सात बजे ही तेज धूप निकल गया। 10 बजते ही तापमान इतना अधिक हो गया कि बाहर निकलते लोग पसीने से तरबतर दिखे। रविवार को जिले में अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 25 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जिले में रविवार को दिन भर तेज गर्म हवाएं चलती रही। हवा चलने के कारण वातावरण में धूल का गुबार छाया रहा, इससे सड़क पर चलने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। लोग सिर व मुंह को ढककर आवागमन करते दिखे। गर्मी से बचाव के लिए लोगों ने गन्ने का रस व बेल के शरबत का सहारा लिया।



विकासखंड तुलसीपुर के ग्राम पंचायत अधिकारी ग्राम विकास अधिकारी कृपा शंकर श्याम लाल मीनाक्षी राव दिनेश कुमार अनिल कुमार द्वितीय सहित कर्मचारियों ने बताया कि इस भयानक गर्म में दिन में क्षेत्र भ्रमण कर काम कर पाना मुश्किल दिखाई देता है अब सुबह,शाम ही ग्राम पंचायत में रहकर कार्य करना पड़ेगा जिससे ग्राम वासियों को कोई परेशानी न हो वही ग्रामीणयो का कहना है दो दिनों से धूप तेज हो रही है। ऐसे में बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है इसी गर्मी में बिजली कटौती हो रही है जिस कारण पेड़,बाग का सहारा लेना पड़ता है जिला आपदा प्रबंधक अरुण सिंह ने बताया कि उत्तरी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना व्यक्त की गई है। बलरामपुर व आसपास के क्षेत्रों में पारा बढ़ने के साथ लू का प्रकोप जारी रहेगा। गर्मी व लू से बचाव के लिए लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। श्री दत्त गंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. आनंद प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि इस समय गर्मी का असर तेज हो गया है। ऐसे में उल्टी-दस्त की समस्या से बचने के लिए लोगों को अपने सेहत का ख्याल रखना होगा। बेवजह धूप में न निकलें, यदि जरूरी काम है तो सिर व शरीर को ढककर ही बाहर जाएं। धूप से आते समय तुरंत ठंडा पानी न पिएं। कुछ देर तक इंतजार करके ही ठंडे पदार्थों का सेवन करना चाहिए। प्यास न लगने पर भी नियमित अंतराल पर पानी पीते रहना चाहिए। नारियल पानी, छाछ, लस्सी, नींबू पानी और ओआरएस का घोल पीने से शरीर में पानी की कमी नहीं रहेगी। गर्मी में खानपान पर विशेष ध्यान देना चाहिए। हल्का भोजन करें, खीरा, ककड़ी, तरबूज, खरबूजा और कच्चा प्याज अधिक खाएं। तला-भुना और मसालेदार खाने से बचना चाहिए। यदि तेज बुखार हो, बेहोशी आए, पसीना आना बंद हो जाए तो तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक से परामर्श अवश्य लें।

### तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत, चालक फरार

**ललितपुर।** तालबेहट थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित महिला गिरजा के पुत्र हीरो 13 मार्च 2026 की शाम करीब 6.30 बजे अपने साथी के साथ मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। जब वह टेटा जमालपुर के पास एनएच-44 हाईवे पर पहुंचे, तभी तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रहे ट्रैक्टर (नंबर एम.पी.32 जेड.बी.5780) ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में हीरो गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। मृतक की मां ने बताया कि पुत्र के अंतिम संस्कार में व्यस्त रहने के कारण रिपोर्ट दर्ज कराने में देरी हुई। पुलिस ने बीएनएस की धारा 281, 125(बी) व 106(1) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### बनपुरवा-पूरे महीपत मार्ग 10 साल से जर्जर

**●विद्यार्थियों को 2 की जगह 6 किमी घूमकर जाना पड़ता है स्कूल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

शुकुल बाजार क्षेत्र में बनपुरवा मोड़ से पूरे महीपत मीरमऊ को जोड़ने वाला मार्ग पिछले 10 वर्षों से जर्जर हालत में है। सड़क पर उखड़ी गिट्टियां और बड़े-बड़े गड्ढे हैं, जिससे ग्रामीणों और विद्यार्थियों का आवागमन बाधित हो रहा है। इस मार्ग के खराब होने के कारण स्थानीय लोगों और स्कूली छात्रों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए नजदीकी 2 किलोमीटर के रास्ते के बजाय 6 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। विद्यार्थियों को विद्यालय पहुंचने के लिए घर से एक घंटा पहले निकलना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि साइकिल और मोटरसाइकिल चलाने वालों के लिए उखड़ी गिट्टियों के कारण दुर्घटना का खतरा बना रहता है। कई राहगीर गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। जर्जर मार्ग के कारण आपात स्थिति में एंबुलेंस जैसी सुविधाएं भी समय पर नहीं पहुंच पाती हैं।

मीरमऊ और पूरे महीपत के निवासियों ने तीन साल पहले अमेठी की सांसद स्मृति ईरानी, क्षेत्रीय विधायक सुरेश पासी और संबंधित एसडीएम मुसाफिरखाना को सड़क मरम्मत के लिए प्रार्थना पत्र सौंपा था। एक साल पहले भी इस समस्या को दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया था। यह मार्ग विकासखंड शुकुल बाजार से कामाख्या माता मंदिर जाने वाले मुख्य मार्ग से जुड़ा एक लिंक रोड है, जो बनपुरवा मोड़ से पूरे महीपत मीरमऊ को जोड़ता है। यह सड़क पूरे महीपत में सरकारी राशन की दुकान, प्राथमिक विद्यालय पूरे महीपत, पश्चिम बखरा, पूरब बखरा और अन्य गांवों के लोगों के साथ-साथ सासाहिक बाजार पाली, बनपुरवा और शुकुल बाजार जाने वाले लोगों के लिए भी आवागमन का मुख्य साधन है।

# इंडोरामा पब्लिक स्कूल के जिला टापर अहान सिन्हा सहित मेधावियों को समाजसेवी ने किया प्रोत्साहित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कमरौली अमेठी।** जनपद अमेठी के प्रतिष्ठित विद्यालयों मे शुमार औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर स्थित इंडोरामा पब्लिक स्कूल के होनहार छात्र अभिनव सिन्हा एवं अंशिता सिन्हा के होनहार सुपुत्र अहान सिन्हा ने सीबीएसई बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा मे 99.6% अंकों के साथ जनपद अमेठी मे टाप किया वहीं विनय कंसल एवं इंदू कंसल की होनहार सुपुत्री अवनि कंसल ने 99%अंक अर्जित कर विद्यालय मे दूसरा स्थान प्राप्त किया तथा सुरेश यादव एवं सुमन देवी के होनहार सुपुत्र आदित्य कुमार यादव तथा अरुण कुमार यादव एवं रेनू यादव के होनहार सुपुत्र श्रेयांश यादव ने संयुक्त रुप से 97.6%अंक प्राप्त कर विद्यालय मे तीसरा स्थान प्राप्त किया इन होनहारों ने विद्यालय के साथ साथ पूरे जनपद का नाम रोशन किया है जिससे लोगों का शुभकामनाएं देने का सिलसिला अनवरत जारी है वहीं सामाजिक कार्यों के अन्तर्गत विभिन्न क्षेत्रों मे



उत्कृष्ट योगदान देने वाली संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि के प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी ने इंडोरामा पब्लिक स्कूल पहुंचकर शिक्षा क्षेत्र मे उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रिंसीपल डॉ राघवेंद्र कुमार द्विवेदी से मुलाकात कर उनके कुशल नेतृत्व मे यह विशिष्ट उपलब्धि हेतु बतौर संस्था प्रबंधक श्री राधाकृष्ण प्रतिमा भेंटकर शुभकामनाएं दी एवं होनहार विद्यार्थियों तथा श्रेयांश यादव की अनुपस्थिति मे उनके माता पिता को प्रिंसीपल डॉ राघवेंद्र कुमार द्विवेदी के साथ बतौर संस्था प्रबंधक प्रोत्साहन प्रमाण पत्र एवं पेन भेंटकर प्रोत्साहित किया एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि विगत कयी वर्षो से यह विद्यालय शिक्षा क्षेत्र मे बहुत ही उत्कृष्ट योगदान दे रहा है जो कि क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण है और यह भी कहा कि इस विद्यालय के कुशल शिक्षकों की कुशल कार्यशैली एवं कर्तव्यनिष्ठा एवं अनुशासन से ही विद्यालय नित नई ऊंचाइयों पर जा रहा है समाजसेवी पी के तिवारी ने प्रिंसीपल डॉ राघवेंद्र कुमार द्विवेदी,विनीत सर,दीपक सर,गुंजन मैम,नीना मैम,मनीभूषण सर,अरविंद सर,एनडी सर,अतुल सर,दिनेश सर,विपिन जोशी सर,राजीव सर,उजमा सुहैल एवं समस्त विद्यालय परिवार की शिक्षा के प्रति समर्पण भाव की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दी वहीं होनहार विद्यार्थियों तथा विद्यालय परिवार ने संस्था द्वारा कराए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए समाजसेवी पी के तिवारी का धन्यवाद किया बताते चलें कि इंडोरामा पब्लिक स्कूल हाईस्कूल के सभी पचासी विद्यार्थियों ने फस्ट डिवीजन मे परीक्षा उत्तीर्ण किया।

### थाना सोनहा पुलिस द्वारा 09 अभियुक्तों को रुपया नगद 45,580/ 07 अदद मोबाइल फोन व 13 अदद मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले केथानाध्यक्ष सोनहा महेश सिंह द्वारा बड़ी सफलता हासिल की मय पुलिस टीम द्वारा दिनांक 19.4.2026 को मुखबिर की सूचना पर ग्राम असनहरा स्थित आम के बाग में सार्वजनिक स्थान पर हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे 09 अभियुक्तों को समय करीब 16.45 बजे गिरफ्तार किया गया । इनके कब्जे से कुल 45,580/-नगद , 52 तास के पते , 08 मोबाइल फोन व 13 अदद मोटर साइकिल बरामद किया गया। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0- 80/2026 धारा 13 सार्वजनिक जुआ अधिनियम पंजीकृत किया गया एवं वाहनों को एमवी एक्ट में सीज किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों को विवरणअब्दुल कयूम पुत्र हमीदुल्लाह निवासी पेलानी थाना सोनहा जनपद बस्तीमहेंद्र प्रसाद पुत्र शत्रुघ्न दुबे निवासी सिसवा बुजुर्ग थाना सोनहा जनपद बस्ती।वीरेंद्र कुमार पुत्र राम जी निवासी वनटीकरा थाना सोनहा जनपद बस्ती।सत्य प्रकाश पुत्र बसंतलाल निवासी असनहरा थाना सोनहा जनपद बस्ती। विकास यादव पुत्र बैजनाथ यादव निवासी मंडप थाना सोनहा जनपद बस्ती।अंगद चौहान पुत्र रामनरेश चौहान निवासी आमा थाना सोनहा जनपद बस्ती। श्यामलाल पुत्र झिनकान अग्रहरी निवासी भानपुर थाना सोनहा बस्ती।विकास अग्रहरि पुत्र पवन कुमार निवासी असनहरा थाना सोनहा बस्ती।राजू गुप्ता पुत्र स्नेही निवासी वरडाड़ थाना सोनहा जनपद बस्ती। बरामदगी का विवरण- माल फड़ से 45,580/- नगद।मोटरसाइकिल 13 अदद, ताश के 52 पते, फड़ प्लास्टिक बोरी, 08 मोबाइल फ़ोन ।

### मोटरसाइकिल टक्कर के बाद युवक से मारपीट

**नकदी व चांदी की चेन लूटी**

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र के रामनगर मोहल्ले में रविवार शाम एक युवक के साथ मारपीट और लूट की घटना सामने आई है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला रामनगर निवासी दिनेश कुशवाहा 19 अप्रैल की शाम करीब 7 बजे अपनी मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह देवरी मंदिर के पास पहुंचे, पीछे से दो मोटरसाइकिलों पर सवार युवकों ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए दोबारा टक्कर मारी और फिर रोककर लात-घूंसों, बेल्ट व डंडों से बुरी तरह मारपीट की। पीड़ित के अनुसार शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके की ओर आने लगे, जिसे देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना के दौरान झड़प में पीड़ित के गले से चांदी की चेन और जेब में रखे करीब 2500 रुपये भी गायब हो गए। पीड़ित ने मोहल्ले के ही आकाश कुशवाहा उर्फ राक, विक्की पंथ और करन कुशवाहा उर्फ क्लांटू समेत अन्य अज्ञात लोगों पर आरोप लगाया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 352, 351(3) व 115(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के उपाध्यक्ष ने गो संरक्षण एवं संवर्धन समिति की किया बैठक

**●गौ संरक्षण व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करने के दिए निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** प्रदेश में निराश्रित गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार की संवेदनशील पहल के क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार में गौ संरक्षण, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के माननीय उपाध्यक्ष महेश कुमार शुक्ल एवं सदस्य श्री दीपक गोयल ने जिलाधिकारी संजय चौहान तथा पुलिस अधीक्षक सरवणन टी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ जनपद में संचालित व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के उपरांत उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से मुखातिब होते हुए बताया कि माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 'गो सेवा' को केवल प्रशासनिक दायित्व न मानते हुए मानवीय, सामाजिक एवं आध्यात्मिक उत्तरदायित्व के रूप में स्वीकार किया गया है। इसी दृष्टि से प्रदेश सरकार द्वारा निराश्रित एवं असहाय गोवंश के संरक्षण, संवर्धन एवं समुचित देखभाल के लिए व्यापक और बहुआयामी योजनाएं संचालित की जा रही हैं,




जिनके सकारात्मक परिणाम प्रदेशभर में स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहे हैं। उत्तर प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य है जहां निराश्रित गोवंश के भरण-पोषण के लिए सरकार द्वारा प्रति गोवंश 50 रुपये प्रतिदिन की दर से धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेश के विभिन्न जनपदों में 7,700 से अधिक गो-आश्रय स्थल सक्रिय रूप से संचालित हो रहे हैं, जहां 16 लाख से अधिक निराश्रित गोवंश को सुरक्षित आवास, नियमित आहार, स्वच्छ पेयजल एवं आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। यह व्यवस्था न केवल गोवंश के संरक्षण को सुनिश्चित कर रही है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं सामाजिक संतुलन को भी सुदृढ़ बना रही है। गौशालाओं के प्रभावी संचालन एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु बड़ी संख्या में सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं तथा 24म7 निगरानी प्रणाली लागू है, जिससे सुरक्षा, देखभाल की गुणवत्ता और प्रशासनिक जवाबदेही सुनिश्चित हो रही है। 'मुख्यमंत्री निराश्रित गोवंश सहभागिता योजना' के माध्यम से गो संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप दिया गया है। योजना के अंतर्गत अब तक लाखों गोवंश इच्छुक एवं जिम्मेदार गोपालकों को सुपुर्द किए जा चुके हैं। प्रत्येक गोवंश के पालन-पोषण हेतु 50 रुपये प्रतिदिन की धनराशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से भेजी जा रही है। इससे एक ओर गोवंश का संरक्षण हो रहा है, वहीं दूसरी ओर गोपालकों की आय में भी वृद्धि हो रही है। जनपद अमेठी में भी गो संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं। वर्तमान में जनपद में 128 गो-आश्रय स्थल क्रियाशील हैं, जिनमें 27,492 गोवंश का संरक्षण एवं पालन-पोषण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त 2,747 प्रगतिशील गोपालकों द्वारा सहभागिता योजना के अंतर्गत 3,591 गोवंश को अपनाकर सामुदायिक सहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया गया है। समीक्षा बैठक में गो-आश्रय स्थलों में चारा, भूसा, स्वच्छ पेयजल, छांव एवं चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही चारागाह भूमि पर हरे चारे की बुवाई, उसकी सुरक्षा के लिए फेंसिंग की व्यवस्था एवं समुचित रखरखाव की स्थिति का भी बारीकी से आकलन किया गया। उद्यान विभाग को निर्देशित किया गया कि गौशालाओं से गोबर खाद की खरीद को बढ़ावा दिया जाए, जिससे जैविक खेती को प्रोत्साहन मिले। वहीं वन विभाग को प्रत्येक गौशाला में सहजन, नीम, पीपल एवं बरगद जैसे पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण वृक्षों का रोपण कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम 1955 के अंतर्गत गोवंश की सुरक्षा के प्रति पूर्ण प्रतिबंध लागू है। 'जीरो टॉलरेंस नीति' के तहत गोवंश संरक्षण से संबंधित नियमों के उल्लंघन पर त्वरित एवं कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही भ्रामक प्रचार फैलाने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध भी सख्त रुख अपनाया जा रहा है। माननीय उपाध्यक्ष ने बताया कि आयोग एवं संबंधित अधिकारी नियमित रूप से गो-आश्रय स्थलों का निरीक्षण कर रहे हैं और किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि निराश्रित गोवंश की सेवा एवं संरक्षण में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) अनिल चतुर्वेदी, अपर निदेशक पशुपालन विभाग अयोध्या मंडल, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. जी.के. शुक्ला सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### सांसद ने श्री शंकर मार्बल्स एण्ड ग्रेनाइट्स दुकान का किया उद्घाटन

**●सपा सांसद राम प्रसाद चौधरी ने दुकान के प्रोवाइडर के प्रति जताया आभर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले मे समाजवादी पार्टी सांसद राम प्रसाद चौधरी ने हरदिया चौराहा से पहले मारुती सुजुकी एंजेन्सी के निकट श्री कृष्णा मार्बल्स एण्ड ग्रेनाइटस की दुकान का उद्घाटन किया । सांसद ने दुकान के उद्घाटन के अवसर पर दुकान के प्रोवाइडर प्रभु जी वर्मा व दद्दन पाठक के प्रति आभार जताते हुए कहा कि बस्ती जिले में इतनी अच्छी दुकान मार्बल्स एण्ड ग्रेनाइट्स नही है इस दुकान के खुलने से समस्त जनपद वासियों को हर तरीके की मार्बल्स एण्ड ग्रेनाइट्स सस्ते दामों पर आसानी से मिलेगी । जनपद में व्यापारिक गतिविधियों को नई दिशा देने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 'श्री शंकर मार्बल्स एण्ड ग्रेनाइट्स' के नये प्रतिष्ठान का भव्य शुभारम्भ रविवार को दोपहर 01 बजे हुआ । यह प्रतिष्ठान हरदिया खुर्द, बांसी रोड पर मारुति सुजुकी के निकट स्थित है। प्रतिष्ठान के संचालक द्वारा अपार हर्ष के साथ यह जानकारी दी गई कि इस नये शोरूम में ग्राहकों को सभी प्रकार के उच्च गुणवत्ता वाले मार्बल्स एण्ड ग्रेनाइट्स हमेशा दुकान पर उपलब्ध रहेगी ।



ग्रेनाइट, साउथ ब्लैक, कोटा स्टोन, चिप्स, ब्रॉस पट्टियां, रंगोली, मूर्तियां एवं अन्य मार्बल से निर्मित आकर्षक सामग्री एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएगी। खास बात यह है कि ये सभी उत्पाद राजस्थान के प्रतिस्पर्धी दरों पर स्थानीय ग्राहकों को उपलब्ध होंगे, जिससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर गुणवत्ता के साथ किफायती विकल्प मिल सकेगा। श्री कृष्णा मार्बल्स एण्ड ग्रेनाइट्स की अन्य कई जिले में दुकान है बस्ती जिले में यह चौथा दुकान है जिसका आज शुभारंभ हुआ है । इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बस्ती के सपा सांसद राम प्रसाद चौधरी थे वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सदर क्षेत्र के विधायक महेन्द्र नाथ यादव ने कार्यक्रम में पहुंचकर गरिमा बढ़ाया । कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, व्यापारीगण एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे । आयोजकों ने जनपद वासियों से आग्रह किया है कि वे इस शुभ अवसर पर सपरिवार उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं और नये प्रतिष्ठान के शुभारम्भ के साक्षी बनें। यह प्रतिष्ठान क्षेत्र में निर्माण सामग्री के क्षेत्र में एक नया विकल्प प्रदान करेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित करेगा।

# तमिलनाडु की सियासत में बूथ की जंग: वोटर रिमाइंडर से बदला चुनावी मैदान, अस्मिता बनाम संगठन की टक्कर

तमिलनाडु की राजनीति एक बार फिर निर्णायक मोड़ पर खड़ी है, जहां चुनावी जंग अब बड़े-बड़े मंचों और नारों से निकलकर सीधे बूथ स्तर तक पहुंच चुकी है। इस बार मुकाबला केवल पार्टियों के बीच नहीं, बल्कि रणनीतियों, संगठन क्षमता और मतदाताओं तक पहुंच बनाने की कला के बीच भी है। सत्तारूढ़ एम. के. स्टालिन के नेतृत्व वाली द्रविड़ मुनेत्र कड़गम ने चुनावी लड़ाई को अंतिम चरण में एक नए आयाम पर ला दिया है, जिसे 'वोटर रिमाइंडर कैंपेन' के रूप में देखा जा रहा है। यह अभियान केवल मतदाताओं को मतदान की याद दिलाने तक सीमित नहीं है, बल्कि एक व्यापक सामाजिक-राजनीतिक संवाद का हिस्सा बन चुका है।

तमिलनाडु की राजनीति में दशकों से एक चक्र चलता आया है, जिसमें द्रविड़ मुनेत्र कड़गम और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम बारी-बारी से सत्ता में आती रही हैं। इस बार की सबसे बड़ी चुनौती इसी चक्र को तोड़ने की है। एम. के. स्टालिन के सामने यह केवल सत्ता में बने रहने का सवाल नहीं, बल्कि एक स्थायी राजनीतिक आधार तैयार करने की परीक्षा भी है। यही कारण है कि उनकी पार्टी ने प्रचार के पारंपरिक तरीकों से आगे बढ़कर मतदाताओं के दरवाजे तक पहुंचने की रणनीति अपनाई है।

'वोटर रिमाइंडर कैंपेन' दरअसल एक सूक्ष्म और लक्षित अभियान है, जिसके तहत पार्टी कार्यकर्ता घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं। इस अभियान में विशेष रूप से महिलाओं, सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों और शहरी क्षेत्रों के मतदाताओं को प्राथमिकता दी जा रही है। यह रणनीति इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि तमिलनाडु के चुनावों में महिलाओं की भागीदारी और उनका झुकाव अक्सर निर्णायक भूमिका निभाता है। इसके साथ ही शहरी, तटीय और अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में पार्टी की पकड़ को मजबूत करने का प्रयास भी स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

दूसरी ओर, विपक्ष में खड़ी ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम अपनी पारंपरिक ताकत, यानी मजबूत बूथ संगठन और ग्रामीण नेटवर्क पर भरोसा कर रही है। एडापड्डी के. पलानीस्वामी के नेतृत्व में पार्टी पश्चिमी तमिलनाडु के जिलों–कोयंबटूर, तिरुपुर, इरोड और सेलम–में अपनी पकड़ बनाए रखने की कोशिश कर रही है। यहां पार्टी का आधार मुख्य रूप से गौंडर समुदाय पर टिका हुआ है, जो लंबे समय से उसकी रीढ़ माना जाता रहा है। हालांकि, बदलते सामाजिक समीकरण और गठबंधन राजनीति ने इस बार इस समर्थन को चुनौतीपूर्ण बना दिया है।

भारतीय जनता पार्टी के साथ गठबंधन ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के लिए दोधारी तलवार साबित हो रहा है। जहां एक ओर यह गठबंधन कुछ क्षेत्रों में राजनीतिक मजबूती देता है, वहीं दूसरी ओर दलित और अल्पसंख्यक मतदाताओं के बीच पार्टी की स्वीकार्यता को प्रभावित कर रहा है। यही कारण है कि कई ऐसे क्षेत्र, जो पहले पार्टी के मजबूत गढ़ माने जाते थे, अब वहां स्थिति उतनी सहज नहीं दिख रही।

इस चुनाव में मुद्दों की बात करें तो केवल स्थानीय समस्याएं ही नहीं, बल्कि बड़े राष्ट्रीय और भावनात्मक विषय भी प्रमुखता से उभरे हैं। डिलिमिटेशन यानी परिसीमन का मुद्दा, जिसे द्रविड़ मुनेत्र कड़गम ने तमिलनाडु के अधिकारों से जोड़ दिया है, चुनावी बहस के केंद्र में है। पार्टी इसे 'राज्य बनाम केंद्र' के रूप में प्रस्तुत कर रही है, जिससे क्षेत्रीय अस्मिता को बल मिलता है। इसके अलावा महिला कल्याण योजनाएं, नकद सहायता और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े वादे भी मतदाताओं को प्रभावित करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

युवाओं के बीच भी इस बार चुनावी चर्चा काफी सक्रिय है। रोजगार, शिक्षा और विशेष रूप से हृश्वश्वज्ञ परीक्षा जैसे मुद्दे लगातार उठ रहे हैं। द्रविड़ मुनेत्र कड़गम ने इन मुद्दों को राज्य की स्वायत्तता और केंद्र के हस्तक्षेप से जोड़ते हुए अपनी राजनीतिक रणनीति को धार दी है। सोशल मीडिया पर भी पार्टी की सक्रियता इस बात का संकेत देती है कि वह युवा मतदाताओं तक पहुंच बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती।

इसके साथ ही, तमिल सिनेमा और राजनीति का पारंपरिक संबंध भी इस चुनाव में नजर आ रहा है। अभिनेता विजय की राजनीतिक सक्रियता और उनके नए प्रयासों ने युवा मतदाताओं में एक अलग तरह की उत्सुकता पैदा की है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि इसका सीधा लाभ किसे मिलेगा, लेकिन यह निश्चित है कि इससे चुनावी माहौल में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

तमिलनाडु की राजनीति में जातीय समीकरण हमेशा से महत्वपूर्ण रहे हैं, लेकिन इस बार उनका प्रभाव अपेक्षाकृत कम प्रत्यक्ष रूप से दिखाई दे रहा है। इसके बजाय 'अस्मिता ', 'अधिकार' और 'कल्याण' जैसे व्यापक मुद्दे अधिक प्रमुखता से उभरकर सामने आए हैं। यह बदलाव इस बात का संकेत है कि राज्य की राजनीति धीरे-धीरे एक नए चरण में प्रवेश कर रही है, जहां मतदाता केवल पारंपरिक पहचान के आधार पर नहीं, बल्कि ठोस नीतियों और प्रदर्शन के आधार पर भी निर्णय ले रहे हैं।

चुनाव के इस अंतिम चरण में सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि लड़ाई अब पूरी तरह से बूथ स्तर पर सिमट गई है। कौन पार्टी अपने समर्थकों को मतदान केंद्र तक पहुंचाने में सफल होती है, कौन अपने मतदाताओं को अंतिम समय तक जोड़े रख पाती है–यही जीत और हार का निर्धारण करेगा। द्रविड़ मुनेत्र कड़गम का 'वोटर रिमाइंडर कैंपेन' और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम का मजबूत बूथ नेटवर्क–इन दोनों के बीच की टक्कर इस चुनाव की असली कहानी बन चुकी है।

अंततः, तमिलनाडु का यह चुनाव केवल एक राज्य की सत्ता का संघर्ष नहीं है, बल्कि यह उस दिशा का संकेत भी है, जिसमें क्षेत्रीय राजनीति आगे बढ़ रही है। क्या एम. के. स्टालिन इस बार सत्ता में वापसी कर इतिहास रच पाएंगे, या फिर ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम अपने संगठन के बल पर वापसी करेगी–यह तो परिणाम ही बताएंगे। लेकिन इतना तय है कि इस बार की जंग ने तमिलनाडु की राजनीति को एक नए स्तर पर पहुंचा दिया है, जहां हर वोट, हर बूथ और हर मतदाता निर्णायक बन चुका है।

**कांतिलाल मांडोत**

# ज्ञान, संस्कार और चरित्र से ही श्रेष्ठ समाज और राष्ट्र का निर्माण

विचार और सिद्धांत व्यक्ति के अंदर की अतः प्रज्ञा होती है। और यह सिद्धांत तथा अंतः विचारधारा जनमानस तक पहुंचने से बाधित किया जाए अंतरात्मा को प्रभावित करती है और इसके गहरे प्रभाव से व्यक्ति वह सब कर सकता है जो बिना मार्गदर्शन के व्यक्ति नहीं कर सकता। प्राचीन काल से अब तक वैचारिक सिद्धांत और विचारधारा सदैव समाज के दिग्दर्शक मार्गदर्शक रहे हैं। इनकी भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है।यदि यही सिद्धांत और अंतःप्रज्ञा जनमानस आत्मसात कर लेता है, तो इसका प्रभाव एक जन आंदोलन का रूप ले लेता है और यहीं से युग परिवर्तन की लहर प्रस्फुटित होती है। प्राचीन यूनान में एक बहुत ही कुरूप किंतु विद्वान व्यक्ति रहते थे,उनके विचारों में मौलिकता,नयापन जनजागृति की अद्भुत क्षमता थी। उनकी विद्वता के कारण आम जनमानस होने राजा से ज्यादा महत्व और बुद्धिमान मानते थे। राजकीय तानाशाही के चलते उनके विचारों के कारण उनको मृत्युदंड दे दिया गया। जहर का प्याला पीने के बाद भी विद्वान, चिंतक, सुकरात अमर हो गए, उनकी विचारधारा आज भी जीवित है, एवं लोग उसे अपनाकर अपना जीवन सुधारने में इसका उपयोग करते हैं। अब्राहम लिंकन ने अमेरिकी स्वतंत्रता के बाद दास प्रथा के बारे में कहा था कि दास भी मनुष्य हैं, उन्हें भी उतना ही जीने का अधिकार है जितना स्वामी को है। अब्राहम लिंकन के आंदोलनकारी विचार से तत्कालीन समय में अमेरिका के लोग घबरा गए थे,और उनकी हत्या कर दी गई थी। पर अब्राहम लिंकन के विचारों ने दास प्रथा के उन्मूलन की अंतर आत्मा को जागृत कर दिया था, और जनमानस ने अपने अधिकारों के लिए लड़ते हुए दास प्रथा से मुक्ति पाई थी।

स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि हम जो सोचते हैं वही बन जाते हैं। विचार एवं सिद्धांत ही व्यक्ति का निर्माण करता है। वही दुष्ट होने या महान होने का निर्णायक है। और बिना विचारों सिद्धांतों के व्यक्त व्यक्ति का अस्तित्व ही नहीं । विवेकानंद जी के विचार सर्व कालीन प्रासंगिक है। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके जीवित रहते हुए थे। आज हमारे बीच विवेकानंद जी स शरीर मौजूद नहीं है, पर उनके विचारों की महत्ता कायम है।भौतिक शरीर के नष्ट हो जाने से और भौतिक विचार तथा सिद्धांत उतनी ही तीव्रता रखते हैं, वेग रखते हैं, जो एक समाज में परिवर्तन ला सकती है ।विचारों की यह अमरता तथा तीव्रता किसी भी तानाशाह के लिए इतनी खतरनाक है, जितनी की सुप्त शेर की गुफा में रहना। जनता के मध्य शुद्ध विचारधारा के जागृत होने पर क्रांति लाई जा सकती है। फिर चाहे वह फ्रांस के वर्साय के महल का विध्वंस हो अथवा भारत की स्वतंत्रता हेतु वृहद आंदोलन हो। व्यक्ति या व्यक्तियों के दबाव को दबाने के बाद विचारों की पीड़िता ने जनसामान्य को एक गरजते हुए सिंह में तब्दील कर दिया था। यह शाश्वत सत्य है कि व्यक्ति को जरूर आप दबा सकते हैं,पर विचारधारा सिद्धांत अजर अमर होते हैं,और वही युग निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाते हैं।

विचारों के संदर्भ में कहा जाता है कि एक व्यक्ति का विचार तब तक उस व्यक्ति के पास है, जब तक वह अकेला है किंतु जैसे ही विचारधारा एवं सिद्धांत का प्रचार प्रसार होता है, तो वह व्यक्ति अकेला ना रह कर उस जैसे हजारों लाखों लोग उसके साथ हो जाते हैं। तब वह अकेला नहीं रह जाता। वह अपने विचारों के माध्यम से जन सामान्य को प्रभावित कर लोगों को उस लड़ाई में शामिल कर लेता है, जिस लड़ाई के वह कभी अकेले नहीं लड़ सकता था। विचारों सिद्धांतों की तीव्रता आवेश तथा सघनता किसी भी क्रांतिकारी लक्ष्य की प्राप्ति में एक बड़ा साधक हो सकता है। विचार व सिद्धांत एक से दूसरे व्यक्ति तक स्थानांतरित होते रहते हैं। जिसमें विचारों को सघनता प्राप्त होती है। ताकि सत्ता के दमन के समय वैचारिक अमरता स्थाई बनी रहे। चीन उत्तर कोरिया जैसे राष्ट्रों में विचारों के इस स्वतंत्र का प्रवाह को बाधित नियंत्रित कर दिया गया। अभिव्यक्ति के तमाम माध्यमों को प्रतिबंधित कर दमन चक्र चलाया गया। वहां विचार और सिद्धांत विद्वान व्यक्ति तक ही सीमित रहे उसका फैलाव या विस्तार नहीं हो पाया। जो मानव समाज तथा मानव अधिकारों की संवेदना तथा धाराओं का उल्लंघन भी है।

किसी स्वस्थ,स्वतंत्र राष्ट्र के लिए व्यक्ति समाज और राष्ट्र के विचारों की स्वतंत्रता नवीनता तथा उत्कृष्टता अत्यंत आवश्यक है। क्योंकि विचारधारा और सिद्धांतों को रोक पाना किसी भी सत्ता या निरंकुश राजा के नियंत्रण में नहीं होता। विचारों और सिद्धांत अनादि काल से गतिशील है तथा अनंत तक जगत तक गतिशील रहेंगे,और उसका प्रतिपादक एवं अनुशीलन कर्ता विचारों के साथ अमर हो जाते हैं।

**संजीव ठाकुर**

# जब व्यवस्था बोलती है, तो नाम सिविल सेवकों का होता है

**प्रशासन नहीं, परिवर्तन का विज्ञान: सिविल सेवा दिवस**

**फाइलों के पीछे की फौज: जो भारत को हर दिन चलाती है**




राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस उस अदृश्य शक्ति का उत्सव है जो देश की शासन व्यवस्था को गति, स्थिरता और दिशा प्रदान करती है। 21 अप्रैल को मनाया जाने वाला यह दिन उन सिविल सेवकों के योगदान को रेखांकित करता है, जो केवल प्रशासनिक पदों पर नहीं, बल्कि परिवर्तन के वाहक के रूप में कार्य करते हैं। ये अधिकारी योजनाओं को नीति-पत्रों से निकालकर समाज की वास्तविक जरूरतों से जोड़ते हैं और विकास को जमीनी स्तर पर जीवंत बनाते हैं। संकट की घड़ी हो या विकास की चुनौती, उनकी त्वरित निर्णय क्षमता और निष्ठा पूरे राष्ट्र को संतुलन और विश्वास देती है। यह अवसर हमें उनके मौन लेकिन प्रभावशाली योगदान को समझने और एक ऐसे प्रशासन के निर्माण का संकल्प लेने की प्रेरणा देता है, जो अधिक उत्तरदायी, संवेदनशील और जनकेंद्रित हो।

राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस का ऐतिहासिक आधार उतना ही प्रेरक है जितना इसका वर्तमान संदेश। 21 अप्रैल 1947 को सरदार वल्लभभाई पटेल ने दिल्ली के मेटकाफ हाउस में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के प्रथम बैच के परिवीक्षाधीन अधिकारियों को संबोधित किया था। उन्होंने उन्हें 'देश का स्टील फ्रेम' (स्टील फ्रेम ऑफ इंडिया) कहा, जो एक मजबूत, निष्पक्ष और ईमानदार प्रशासन की राष्ट्र निर्माण में अनिवार्य भूमिका को दर्शाता है। उनका यह संदेश सिविल सेवकों के लिए निर्भीकता, निष्पक्षता और जनसेवा की स्पष्ट दिशा बन गया। यह दिवस उसी विचार को जीवंत करता है, जब प्रशासनिक सेवाओं के महत्व को पुनः स्मरण करते हुए उनके योगदान को सम्मान और कृतज्ञता के साथ स्वीकार किया जाता है तथा राष्ट्र निर्माण में उनकी निर्णायक भूमिका को और अधिक सशक्त करने का संकल्प लिया जाता है।

राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस का उद्देश्य सिविल सेवकों के योगदान को सम्मान देना ही नहीं, बल्कि उन्हें जनसेवा में अधिक प्रभावी और उत्तरदायी बनने की प्रेरणा देना है। इस अवसर पर केंद्र सरकार द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों/जिलों/संगठनों को प्रधानमंत्री पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं, जो उनके उल्लेखनीय प्रयासों और सफल क्रियान्वयन का सम्मान है। यह सम्मान न केवल उनकी मेहनत को मान्यता देता है, बल्कि पूरे प्रशासन तंत्र में बेहतर कार्य की प्रेरणा भी पैदा करता है। साथ ही यह दिन पारदर्शिता, जवाबदेही और जन-केंद्रित शासन को मजबूत करने का संदेश देता है, ताकि सरकारी योजनाएँ बिना बाधा समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँच सकें।

भारत जैसे देश में, जहाँ सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक विविधता अत्यधिक है, सिविल सेवकों की भूमिका केवल प्रशासन तक सीमित नहीं, बल्कि राष्ट्र की जीवनरेखा के समान है। वे नीतियों को लागू करने वाले साधारण कार्यकर्ता नहीं, बल्कि समानता, न्याय और सामाजिक सद्भाव के वास्तविक रक्षक हैं। विकास योजनाओं को गाँव-गाँव तक पहुँचाना, वंचित और कमजोर वर्ग के अधिकारों को सुनिश्चित करना तथा समाज को एकता के सूत्र में बाँधना–ये सभी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ उनके कंधों पर होती हैं। संकट के समय उनकी भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। चाहे कोविड-19 जैसी महामारी हो, बाढ़, भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाएँ हों या कोई अन्य राष्ट्रीय संकट, सिविल सेवक सदैव अग्रिम पंक्ति में रहकर देश को संभालते हैं। उनकी अटूट निष्ठा, समर्पण और कर्तव्यपरायणता ही भारत को हर कठिन परिस्थिति में स्थिरता और प्रगति की दिशा प्रदान करती है।

आज का समय तकनीकी परिवर्तन और डिजिटल नवाचार का युग है, जिसने सिविल सेवकों की जिम्मेदारियों को पहले से अधिक व्यापक और जटिल बना दिया है। अब उन्हें पारंपरिक प्रशासनिक कार्यों के साथ-साथ आधुनिक तकनीकों को अपनाकर शासन को अधिक पारदर्शी, तेज और प्रभावी बनाना होता है। डिजिटल इंडिया जैसी पहलों ने ई-गवर्नेंस को मजबूत किया है, जिससे ऑनलाइन सेवाएँ, डिजिटल लेन-देन और सरल प्रक्रियाएँ जनता तक सुविधाजनक रूप से पहुँच रही हैं। साथ ही साइबर सुरक्षा, डेटा संरक्षण और डिजिटल जागरूकता जैसी नई चुनौतियाँ भी सामने आई हैं। ऐसे में सिविल सेवकों का दायित्व है कि वे इन चुनौतियों का समाधान करते हुए प्रशासन को अधिक सक्षम, जन-केंद्रित और भविष्य उन्मुख बनाएँ, ताकि भारत एक सशक्त डिजिटल राष्ट्र के रूप में निरंतर आगे बढ़ सके।

आज सिविल सेवकों के सामने सामाजिक-आर्थिक असमानता, पर्यावरणीय संकट और जनसंख्या वृद्धि जैसी गंभीर चुनौतियाँ हैं, जिनके लिए दीर्घकालिक और प्रभावी समाधान जरूरी हैं। इनसे निपटने के लिए नवाचार, सहयोग और दूरदर्शी सोच अपनाना आवश्यक है। आदर्श सिविल सेवक वही है जो निष्पक्षता, ईमानदारी और जवाबदेही के साथ जनहित को सर्वोपरि रखे। राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस इस विचार को मजबूत करता है और प्रशासन में सुधार, दक्षता और पारदर्शिता पर चिंतन का अवसर देता है। निरंतर प्रशिक्षण, तकनीकी दक्षता और मजबूत व्यवस्था से सिविल सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है तथा जन-केंद्रित दृष्टिकोण से यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि प्रशासन वास्तव में जनता के हित में कार्य करे।

राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस सिविल सेवकों के लिए आत्मचिंतन और कर्तव्यनिष्ठा को पुनः जागृत करने का प्रेरक अवसर है। यह दिन सरदार वल्लभभाई पटेल के उस विचार को फिर से सशक्त करता है, जिसमें उन्होंने निष्पक्षता, ईमानदारी और जनता के प्रति जवाबदेही को सुशासन की आधारशिला बताया था। इस अवसर पर सिविल सेवकों को यह संकल्प लेना चाहिए कि वे देश, संविधान और नागरिकों के हित में पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करेंगे। उनकी यह निष्ठा ही भारत को मजबूत, समावेशी और प्रगतिशील राष्ट्र बनाने में आधार बनती है। यह दिवस उनके योगदान को सम्मान देने के साथ यह विश्वास भी जगाता है कि सिविल सेवाएँ ही राष्ट्र की एकता और विकास की वास्तविक शक्ति हैं।

**कृति आरके जैन**

# भारत में कभी शाश्वत नहीं रही अस्पृश्यता



वर्तमान भारत में अस्पृश्यता को लेकर कई प्रकार के विमर्श चल रहे हैं। एक विमर्श यह है कि भारत में उच्च वर्ग के लोगों ने निम्न वर्ग के साथ भेद - भाव किया। उन्हें पानी पीने, शिक्षा प्राप्त करने एवं समान व्यवहार के लिए वंचित किया गया। यह विमर्श सर्वथा झूठ और मन गठन्त कहानी और कुंठा से भरा हुआ है। सच तो यह है कि इस प्रकार की उच्च जाति व निम्न जाति का विषय भारत के लोगों द्वारा नहीं अपितु भारत में लम्बे समय तक हुए बाह्य आक्रमणों मुगलों व अंग्रेजों की देन है। जो कभी स्थाई नहीं रही। प्राचीन भारत में कभी जाति वैमनस्यता, घृणा, ऊंच नीच का भाव जनमानस में नहीं था। इसके उदाहरण हम आज भी अपने घरों में देखते है। जैसे जब हमारे घरों में वैदिक परंपरा से विवाह होता है तब उस विवाह को संपन्न कराने के लिए सर्व समाज जाति बिरादरी के लोगों का कार्य होता है उनके भाग के बिना विवाह के सारे कार्यक्रम सम्पन्न होना संभव ही नहीं। इसमें किसी भी प्रकार का कोई भेद भाव नहीं है। वहीं यदि सतयुग की बात करते हैं तो राजा हरिश्चंद्र आते हैं जो डोम के यहां नौकरी करते हैं कोई भेद भाव नहीं है। राजा बलि और भगवान वामन देव का उदाहरण कोई भेद नहीं है। इसी प्रकार त्रेता युग में भगवान श्रीराम के जीवन से स्पष्ट होता है कि समाज कितना एक रस था। भीलनी के झूठे बेर खाने का प्रसंग, वनवासियों के साथ संगठन कर लंका विजय का प्रसंग, निषादराज को गले लगाना 'तुम मोहि प्रिय भरतहीं सम भाई' इत्यादि अनेकों उदाहरण समाज को एक साथ बिना किसी भेद के दर्शाते हैं। द्वापर में जब हम बात करते हैं तब भी समाज में कोई जातीय वैमनस्य अस्पृश्यता नहीं है भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाएं सारे भेदों से परे हैं। पांडवों का अज्ञातवास के समय अनेकों ऐसी घटनाएं मिलती है जहां कोई भेद भाव नहीं है। भीम और हिडम्बा का विवाह, राजा शांतनु का विवाह, विदुर के यहां भगवान का भोजन इत्यादि। महाभारत में बहुत सारे सहज समरसता के विषय मिल जाएंगे जो समाज में एकाकार को दर्शाते हैं अब हम कलियुग की बात करते हैं यहां भी कोई जातीय वैमनस्य नहीं है। मध्यकाल में भारत में हुए आक्रमणों से हिन्दू समाज में कुछ विकृतियां आई लेकिन कभी शाश्वत नहीं रही उन्हें दूर करने के लिए भारत में अनेकों संत, महात्माओं, मनीषियों, महापुरुषों ने समय समय पर समाज को दिशा प्रदान कर अभियान चलाया है। चाहे वह स्वामी दयानंद सरस्वती जी, गोस्वामी तुलसीदास जी, राजा राममोहन राय, सन्त रविदास, गुरुनानक देव जी, मीराबाई, सन्त नामदेव जी, शिवा जी महाराज, महाराणा प्रताप, डॉ केशव बलीराम हेडगेवार, सावित्री बाई फुले, लोकमाता अहिल्याबाई होकलर आदि सैकड़ों नाम है जो भारत में बाहर से आई कुरीतियों को लेकर समाज में लम्बा संघर्ष किया। आज डॉ भीमराव रामजी अंबेडकर के विषय को लेकर राजनैतिक लोग समाज में घृणा फैलान का कार्य करते हैं। डॉ अम्बेडकर ने कभी भी समाज को विभाजित करने की बात नहीं की उन्होंने भी संपूर्ण हिन्दू समाज को साथ रहने की वकालत की है। डॉ अम्बेडकर के जीवन में जब कभी ऐसी घटनाएं अस्पृश्यता की आई भी तो हमारे ही लोगों ने उनका विरोध किया और डॉ अम्बेडकर को आगे बढ़ाया। डॉ अम्बेडकर को उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति देने वाले ब्राह्मण बड़ौदा के महाराजा सयाजीराव गायकवाड़ थे। डॉ. भीमराव अंबेडकर को 'अंबेडकर' सरनेम उनके ब्राह्मण शिक्षक कृष्णाजी केशव अंबेडकर ने दिया था। स्कूल के रिकॉर्ड में उनका मूल उपनाम 'अंबावाडेकर' (गांव के नाम पर) से बदलकर शिक्षक ने अपना उपनाम 'अंबेडकर' रख दिया था। इसलिए भारत में जातीय घृणा का सिद्धांत कभी नहीं रहा है। मेरा सभी से आग्रह है कि भारत को जानो, भारत को मानो और भारत के बनो। किसी भी पूर्वाग्रह से बाहर निकलिए स्वच्छ मन मस्तिष्क से भारत के ग्रंथों का अध्ययन करें। भारतीय वांग्मय में भी कहीं पर घृणा, उन्मूलन का संदर्भ नहीं है बस शास्त्रों का अध्ययन उनकी व्याख्या मनमाने ढंग से करने से बचें परम्परा से प्राप्त ज्ञान के आचार्यों से मिलकर अध्ययन करें सबकुछ समझ में आयेगे। डॉ अम्बेडकर का मत भी है कि सबके साथ समान व्यवहार, समान शिक्षा, समान सम्मान। खूब पढ़ो, परिश्रम करो, सफलता प्रदान करो आरक्षण की वैशाखी से बाहर निकले।

**बाल भास्कर मिश्र**

# जलती धरती पर करुणा की छांव: प्यासे परिंदों के लिए इंसानियत का सबसे सुंदर अभियान

भीषण गर्मी जब अपने चरम पर होती है, तब सिर्फ इंसान ही नहीं बल्कि हर जीव-जंतु उसके प्रभाव से जूझता है। जहां मनुष्य अपने लिए ठंडे पानी, पंखे, कूलर और एसी का इंतजाम कर लेता है, वहीं आकाश में उड़ने वाले छोटे-छोटे पक्षी, गिलहरियां और अन्य अबोल जीव प्यास से तड़पते हुए इधर-उधर भटकते नजर आते हैं। तपती धूप, सूखते जलस्रोत और कंक्रीट के फैलते जंगलों ने उनके लिए जीवन को और कठिन बना दिया है। ऐसे समय में यदि कोई उनके लिए पानी और दाने का छोटा सा इंतजाम कर दे, तो यह उनके लिए जीवनदान से कम नहीं होता। यही सोच आज कई शहरों में एक संवेदनशील अभियान का रूप ले चुकी है, जहां महिलाएं और समाज के जागरूक लोग मिलकर प्यासे परिंदों के लिए राहत बन रहे हैं। आठ साल पहले शुरू हुआ एक छोटा सा प्रयास आज जनआंदोलन का रूप ले चुका है। शुरुआत एक साधारण सी भावना से हुई थी, लेकिन इस भावना में इतनी सच्चाई और करुणा थी कि यह धीरे-धीरे सैकड़ों लोगों को अपने साथ जोड़ती चली गई। एक दिन कुछ महिलाओं ने देखा कि भीषण गर्मी में गौरैया, कबूतर और गिलहरियां पानी की तलाश में भटक रही हैं। वे कभी किसी सूखी नलकी के पास बैठतीं, कभी किसी गड्ढे में जमे गंदे पानी की ओर जातीं, लेकिन उनकी प्यास पूरी नहीं हो पाती। यह दृश्य इतना मार्मिक था कि उसने उनके दिल को झकझोर दिया। उसी क्षण उन्होंने तय कर लिया कि वे इन अबोल जीवों के लिए कुछ करेंगी। यही संकल्प आगे चलकर एक संगठित अभियान में बदल गया। शुरुआत में कुछ ही महिलाओं ने अपने घरों की छतों और आस-पास के पेड़ों पर मिट्टी के छोटे-छोटे बर्तन रखकर पानी भरना शुरू किया। धीरे-धीरे उन्होंने पार्कों, मंदिरों, गौशालाओं और सार्वजनिक स्थानों पर भी ऐसे बर्तन लगाने शुरू किए। हर दिन इन बर्तनों में पानी भरना, उन्हें साफ रखना और आसपास दाना डालना उनकी दिनचर्या का हिस्सा बन गया। यह काम किसी दिखावे या प्रचार के लिए नहीं, बल्कि सच्ची सेवा भावना से किया जा रहा था। समय के साथ इस प्रयास ने लोगों का ध्यान खींचा। आसपास के लोग इस पहल से प्रभावित हुए और उन्होंने भी अपने घरों के बाहर पानी के बर्तन रखना शुरू कर दिया। देखते ही देखते यह छोटा सा प्रयास एक बड़े अभियान में बदल गया, जिसमें आज कई महिलाएं और परिवार जुड़े हुए हैं। हजारों की संख्या में 'परिंदे' यानी पानी के बर्तन अलग-अलग स्थानों पर लगाए जा चुके हैं। यह अभियान सिर्फ पक्षियों को पानी देने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह लोगों के भीतर छिपी संवेदनशीलता और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी को भी जागृत करने लगा है।

इस पहल की सबसे खास बात यह है कि इसमें जुड़ी महिलाएं इसे सिर्फ एक सेवा नहीं मानतीं, बल्कि इसे अपना कर्तव्य समझती हैं। उनका मानना है कि पक्षी हमारे पर्यावरण का एक अहम हिस्सा हैं। वे न केवल प्रकृति की



सुंदरता बढ़ाते हैं, बल्कि पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अगर ये पक्षी नहीं रहेंगे, तो इसका असर पूरे पर्यावरण पर पड़ेगा। इसलिए उनकी रक्षा करना और उनकी जरूरतों का ध्यान रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। आज जब शहरों में हरियाली कम होती जा रही है और प्राकृतिक जलस्रोत सूखते जा रहे हैं, तब पक्षियों के लिए पानी ढूंढना एक बड़ी चुनौती बन गया है। ऐसे में यह अभियान उनके लिए जीवन की एक किरण बनकर सामने आया है। जिन इलाकों में पहले पक्षियों की चहचहाहट सुनाई नहीं देती थी, वहां अब फिर से उनकी आवाज गूंजने लगी है। यह बदलाव इस बात का प्रमाण है कि छोटे-छोटे प्रयास भी बड़ा असर डाल सकते हैं।

इस अभियान के पीछे एक गहरी सोच और समझ भी है। पानी के लिए मिट्टी या सिरेमिक के बर्तन इस्तेमाल किए जाते हैं, क्योंकि ये धूप में जल्दी गर्म नहीं होते और पानी को ठंडा बनाए रखते हैं। बर्तनों को हमेशा छांव में रखा जाता है, ताकि पानी ज्यादा देर तक उपयोगी रहे। हर दिन पानी बदलने और बर्तन साफ रखने का विशेष ध्यान रखा जाता है, ताकि पक्षियों को स्वच्छ पानी मिल सके। साथ ही, पानी के पास थोड़ा दाना भी रखा जाता है, जिससे उन्हें भोजन की भी सुविधा मिल सके। यह पहल हमें यह सिखाती है कि इंसानियत केवल इंसानों तक सीमित नहीं होनी चाहिए। सच्ची मानवता वही है, जो हर जीव के प्रति करुणा और दया का भाव रखे। जब हम किसी प्यासे पक्षी के लिए पानी रखते हैं, तो यह केवल एक छोटा सा काम नहीं होता, बल्कि यह प्रकृति के प्रति हमारे प्रेम और जिम्मेदारी का प्रतीक होता है। यह हमें यह भी याद दिलाता है कि हम इस धरती पर अकेले नहीं हैं, बल्कि लाखों-करोड़ों जीवों के साथ इसे साझा करते हैं। आज के समय में, जब जीवन की भागदौड़ में लोग अपने आसपास की दुनिया को नजरअंदाज कर देते हैं, ऐसे अभियान हमें रुककर सोचने पर मजबूर करते हैं। वे हमें यह एहसास दिलाते हैं कि थोड़ी सी संवेदनशीलता और प्रयास से हम किसी के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकते हैं। यह जरूरी नहीं कि हम बहुत बड़े स्तर पर कुछ करें; एक छोटा सा कदम भी किसी के लिए बहुत मायने रख सकता है। भीषण गर्मी के इन दिनों में, जब सूरज की तपिश हर चीज को झुलसा रही होती है, तब एक कटोरा पानी किसी प्यासे पक्षी के लिए अमृत के समान होता है। यह सिर्फ उसकी प्यास नहीं बुझाता, बल्कि उसे जीवन जीने की ताकत भी देता है। और जब वह पक्षी पानी पीकर चहचहाते हुए उड़ जाता है, तो वह दृश्य किसी भी इंसान के दिल को सुकून और खुशी से भर देता है।

# पारिवारिक कलह से रिश्तों का रोज़ होता पतन



भारत जनसंख्या की दृष्टि से विश्व का सबसे बड़ा देश है, लेकिन देश में बढ़ते अपराध—विशेषकर घरेलू और पारिवारिक हिंसा के जघन्य मामलों—में निरंतर वृद्धि होना एक सभ्य समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय बनता जा रहा है। आज के आधुनिक दौर में जब भी हम समाचार पत्रों या न्यूज़ चैनलों से रूबरू होते हैं, तो राजनीति से इतर आपराधिक घटनाओं और पारिवारिक कलह से जुड़ी खबरों का प्रतिशत लगातार बढ़ता दिखाई देता है। मीडिया द्वारा इन घटनाओं को प्रमुखता से दिखाना अब मजबूरी बन गई है, क्योंकि देश के लगभग हर धर्म, वर्ग और समाज में पारिवारिक हिंसा का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है, जो कई बार जघन्य अपराधों का रूप ले लेता है। भारत विश्व को शांति, प्रेम और भाईचारे का संदेश देने वाला देश माना जाता है, लेकिन विडंबना यह है कि हमारे अपने ही परिवारों में रिश्तों के बीच दूरियाँ इतनी बढ़ती जा रही हैं कि साथ बैठकर भोजन करना भी कठिन होता जा रहा है। सिर्फ भाई-भाई के रिश्ते ही नहीं, बल्कि पति-पत्नी के संबंधों में भी जिस गति से अलगाव बढ़ रहा है और उसके भयावह परिणाम सामने आ रहे हैं, वह पूरे समाज के लिए गहन चिंतन का विषय है। यह स्थिति हर धर्म, हर वर्ग और हर व्यक्ति को आत्ममंथन के लिए प्रेरित करती है।

आधुनिकता की दौड़ में हमने नई पीढ़ी को महंगी शिक्षा और भौतिक सुख-सुविधाएँ तो भरपूर दी हैं, लेकिन उन्हें सहनशीलता, धैर्य, अपनत्व, विनम्रता और परिवार को साथ लेकर चलने के संस्कार देने में हम कहीं पीछे रह गए हैं। परिणामस्वरूप, नवपीढ़ी में धैर्य और सहनशीलता का अभाव बढ़ रहा है, जो पारिवारिक कलह को जन्म देकर कई बार गंभीर अपराधों में बदल जाता है। आज कोई भी समाज या व्यक्ति यह दावा नहीं कर सकता कि वह पारिवारिक कलह से पूरी तरह मुक्त है। जो घटनाएँ आज हम समाचारों में देख-सुन रहे हैं, वे कल किसी भी परिवार की वास्तविकता बन सकती हैं। कहीं पैसों के विवाद, कहीं अवैध संबंधों की आशंका, कहीं कर्ज का दबाव, तो कहीं नशे की लत या पारिवारिक हस्तक्षेप—इन सभी कारणों से महानगरों से लेकर गाँवों तक रिश्तों का पतन तेजी से बढ़ रहा है। स्थिति इतनी भयावह हो चुकी है कि कई बार कम उम्र और कम समझ वाले लोग भी संदेह या आवेग में आकर अपने ही जीवनसाथी की हत्या जैसे जघन्य अपराध कर बैठते हैं। वहीं, कर्ज और पारिवारिक तनाव से परेशान होकर अपने ही मासूम बच्चों की हत्या कर आत्महत्या करने की घटनाएँ भी समाज को झकझोर देती हैं।

यह भी एक कटु सत्य है कि पारिवारिक कलह अब केवल आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तक सीमित नहीं रही। जहाँ गरीब परिवारों में इसे आर्थिक तंगी का परिणाम माना जाता है, वहीं संपन्न और भौतिक रूप से समृद्ध घरों से उठती कलह की आवाजें रिश्तों के आंतरिक विघटन की ओर संकेत करती हैं। हर दिन अवैध संबंधों की शंका और अविश्वास के चलते प्रेम, विश्वास और अपनत्व जैसे रिश्तों का गला घोंटने की घटनाएँ सामने आ रही हैं। ऐसे में समाज के हर वर्ग को पारिवारिक मूल्यों के संरक्षण और रिश्तों की गरिमा बनाए रखने के लिए गंभीरता से विचार करना होगा। यदि हम परिवार की खुशहाली, सौहार्द और विश्वास को बनाए रखना चाहते हैं, तो मजबूत और संतुलित दाम्पत्य जीवन पर सामूहिक मंथन समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है।

**अरविंद रावल**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### आस्था का महासंगमः धूप काली माई मंदिर में भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह



**कुशीनगर।** पडरौना में श्री श्री धूप काली माई मंदिर समिति द्वारा भगवान शिव जी एवं पंचमुखी हनुमान जी की मूर्तियों का प्राण प्रतिष्ठा समारोह बड़े ही भव्य और श्रद्धा भाव के साथ संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर विधि-विधान से हवन पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान पूरे मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चारण और हवन की आहुतियों से वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव और पंचमुखी हनुमान जी के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए पूजा-अर्चना की। इस आयोजन में नगर के कई गणमान्य नागरिकों और मंदिर समिति के सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही। धर्मेंद्र सिंह, रमाशंकर शाह, संतोष मिश्रा, अजय शाह, आशुतोष दीक्षित, उग्रर साह, दीपक त्रिपाठी, शेषनाथ साह, आदित्य गुप्ता, आलोक गुप्ता, साजन शाह, कृष्णानंद मिश्रा, रेखा देवी, कलावती देवी, मंजू देवी, आराधना त्रिपाठी, रेनू दीक्षित, आशा देवी, कविता सिंह और पिंकी चतुर्वेदी सहित स्थानीय नागरिकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। मंदिर समिति ने बताया कि इस तरह के धार्मिक आयोजनों का उद्देश्य समाज में धार्मिक और सामाजिक एकता को मजबूत करना तथा सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना है।

### अभ्युदय योजना में फ्री कोचिंग के लिए आवेदन शुरू

**पांच जून तक करें आवेदन, जुलाई से शुरू होंगी कक्षाएं**

**देवरिया।** प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए अच्छी खबर है। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत निःशुल्क कोचिंग के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पाण्डेय ने बताया कि इसके तहत राजकीय इंटर कॉलेज, देवरिया और महाराजा अग्रसेन कॉमर्स कॉलेज, देवरिया में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए आवेदन 20 अप्रैल से शुरू हो गए हैं, जबकि अंतिम तिथि 05 जून निर्धारित की गई है। प्रवेश परीक्षा जून के दूसरे सप्ताह में होगी। इसके बाद परिणाम, काउंसिलिंग और मेरिट के आधार पर जून के तीसरे सप्ताह में चयन प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। कोचिंग कक्षाएं 01 जुलाई 2026 से प्रारंभ होंगी। योजना के अंतर्गत यूपीएससी, यूपीपीएससी, जेईई, नीट और एकदिवसीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी निःशुल्क कराई जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी महाराजा अग्रसेन कॉमर्स कॉलेज स्थित मुख्यमंत्री अभ्युदय पुस्तकालय (कक्ष संख्या-4) से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी 9140893676, 7258826133 और 9695925434 पर कार्यालय समय में संपर्क कर सकते हैं। आवेदन और कोचिंग पूरी तरह निःशुल्क है। पात्रता के अनुसार अलग-अलग परीक्षाओं के लिए अभ्यर्थी एक से अधिक आवेदन भी कर सकते हैं।

### राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने स्मार्ट कार्ड को लेकर क्षेत्रीय प्रबंधक को घेरा




**घाटमपुर।** कानपुर राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने आज परिवहन निगम की बसों में निशुल्क यात्रा के लिए परिचालकों द्वारा स्मार्ट कार्ड मांगे जाने की शिकायते आ रही थी,, इसके संबंध में राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने 11 अप्रैल व 17 अप्रैल को क्षेत्र प्रबंधक एवं सड़क परिवहन निगम कानपुर क्षेत्र को पत्र लिखा था,,पत्र पर कारवाई न होने पर आज राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के कार्यकताओं ने क्षेत्रीय प्रबंधक का कार्यालय घेर लिया,और स्मार्ट कार्ड के संबंध में स्थित स्पष्ट करते की मांग की ,जिस पर क्षेत्रीय प्रबंधक महेश कुमार ने कहा कि स्मार्ट कार्ड की कोई स्कीम सरकार की तरफ से नहीं आई हैं यूडीआईडी कार्ड के आधार पर ही दिव्यांग जन राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में निशुल्क यात्रा करेंगे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने कहा कि अगर परिवहन निगम की बसों के परिचालक दिव्यागो से स्मार्ट कार्ड मांगे,और निशुल्क यात्रा में बाधा उत्पन्न करें तो उनके खिलाफ नजदीक थाने में जाकर शिकायत दर्ज कराएं ज्ञापन देने वालों में वीरेंद्र कुमार राहुल कुमार अल्पना कुमारी वैभव दीक्षित गुड्डी दीक्षित आदि लोग मौजूद रहे।

# घर में आगजनी कर दहशत फैलाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने दबिश देकर भेजा जेल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सहजनवां -गोरखपुर।** सहजनवा थाना क्षेत्र में घर में आगजनी कर फरार चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया। घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल था, लेकिन पुलिस की सक्रियता से मामले का जल्द खुलासा हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, मुजौली गांव निवासी कंचन यादव पत्नी कृष्णा यादव 13 अप्रैल को अपने मायके में आयोजित रामायण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए परिजनों के साथ गई थीं। इसी दौरान रात में गांव के ही दो मनबढ़ युवकों ने पीड़िता के मोबाइल पर कॉल कर घर में आग लगाने की धमकी दी। धमकी को अंजाम देते हुए आरोपियों ने सूने पड़े घर को आग के हवाले कर दिया, जिससे घर में रखा सामान जलकर खाक हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पीड़िता ने सहजनवा थाने में तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी महेश कुमार चौबे के नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही थी।

सोमवार को उपनिरीक्षक अरविंद सिंह व कांस्टेबल सुभाष संदिग्धों और वारंटियों की तलाश में क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि आगजनी की वारदात को अंजाम देने वाले दोनों आरोपी पिपरा चौराहे पर मौजूद हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने बिना देर किए मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और दोनों आरोपियों को धर दबोचा। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान मनबढ़ लाल यादव पुत्र भवनाथ यादव और कौशल यादव पुत्र स्वर्गीय श्रीभागवत यादव के रूप में हुई है। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए दोनों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह की आपराधिक गतिविधियों पर सख्ती से अंकुश लगाया जाएगा। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है और पुलिस की तत्परता की सराहना की है।

## कांग्रेस नेता की माता के निधन पर शोक सभा, दी श्रद्धांजलि

**देवरिया।** कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष मुजफ्फर हुसैन मंसूरी की माता हबीबूब निशा (90) का रविवार सुबह निधन हो गया। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। टाउन हॉल स्थित कांग्रेस कार्यालय में शोक सभा आयोजित कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' सहित कई कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।

शोक सभा में सुयश मणि त्रिपाठी, बिस्मिल्ला लारी, राधवेंद्र सिंह 'राकेश', धर्मेंद्र सिंह, रामजी गिरी, जयदीप त्रिपाठी, संजीव कुमार मिश्रा, धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय, भरत मणि त्रिपाठी, अब्दुल जब्बार, शिव शंकर सिंह, हरिहर त्रिपाठी, राजकुमार जायसवाल, डॉ. सी.पी. चौहान, चंदू वर्मा, राजकुमार यादव, दीनदयाल प्रसाद, धनंजय यादव, जवाहरलाल बरनवाल, नागेंद्र शुक्ला, सुभाष राय, सत्य प्रकाश मणि, सुनील तिवारी, महेंद्र अंबेडकर, रत्नेश मल्ल 'पिंटू', रीता देवी, सुनील यादव, रविन्द्र मल्ल, जयप्रकाश पाल, मनोज मणि त्रिपाठी और रामप्रवेश सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## भीषण गर्मी में बच्चों की सेहत पर खतरा, अभिभावकों ने स्कूल समय बदलने की उठाई मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोलाबाजार गोरखपुर ।** भीषण गर्मी और लू का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। मौसम विभाग द्वारा हीट वेव को लेकर चेतावनी जारी की गई है, जिसमें आवश्यक न होने पर सुबह 10 बजे के बाद घर से बाहर न निकलने की सलाह दी गई है। इसके बावजूद क्षेत्र के अधिकांश विद्यालय सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक संचालित हो रहे हैं, जिससे बच्चों को तेज धूप और लू का सामना करना पड़ रहा है। अभिभावकों का कहना है कि वर्तमान मौसम परिस्थितियों में यह समय बच्चों के लिए बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। दोपहर के समय तापमान चरम पर पहुंच जाता है, जिससे स्कूल से लौटते वक्त बच्चों के बीमार पड़ने की आशंका बनी रहती है। कई अभिभावकों ने बताया कि तेज धूप के कारण बच्चों को चक्कर आना, सिरदर्द और कमजोरी जैसी समस्याएं हो रही हैं। अभिभावकों ने प्रशासन और शिक्षा विभाग से मांग की है कि विद्यालयों का समय तत्काल बदला जाए। उनका सुझाव है कि स्कूल सुबह 7 बजे से शुरू होकर अधिकतम 12 बजे तक बंद कर दिए जाएं, ताकि बच्चे भीषण गर्मी और लू के प्रभाव से सुरक्षित रह सकें। स्थानीय लोगों का भी मानना है कि छोटे-छोटे बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय बेहद जरूरी है। यदि समय रहते स्कूलों का समय नहीं बदला गया तो बच्चों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ सकता है। अभिभावकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस दिशा में कोई निर्णय नहीं लिया गया तो वे सामूहिक रूप से प्रशासन से मिलकर अपनी मांग को और जोरदार तरीके से उठाएंगे।

# गांव-गांव जागरूक करेगी आयुष्मान प्रचार वाहिनी

**●ई-एलईडी वैन को अपर निदेशक ने दिखाई हरी झंडी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**देवरिया।** जिले में पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने व्यापक प्रचार अभियान शुरू कर दिया है। सोमवार को गोरखपुर मंडल के अपर निदेशक डॉ. जयंत कुमार ने सीएमओ कार्यालय परिसर से ई-एलईडी प्रचार वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अपर निदेशक ने बताया कि यह प्रचार वाहिनी जिले के गली-चौराहों से होते हुए गांव-गांव जाएगी और लोगों को आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए जागरूक करेगी। उन्होंने सीएचओ, एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में शिविर लगाकर पात्र लोगों के कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें। सीएमओ डॉ. अनिल गुप्ता ने बताया कि जिले में अब तक करीब आठ लाख लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड जारी किए जा चुके हैं, जबकि छह लाख से अधिक पात्र लोगों के कार्ड बनना अभी शेष है। इन तक योजना का लाभ पहुंचाने के लिए ही प्रचार वाहनों की शुरुआत की गई है।

आयुष्मान योजना के नोडल अधिकारी डिप्टी सीएमओ डॉ. अश्वनी पाण्डेय ने बताया कि पात्र लाभार्थियों के कार्ड पूरी तरह निःशुल्क बनाए जा रहे हैं और इसके लिए किसी प्रकार का शुल्क नहीं देना है। जिन लोगों के कार्ड नहीं बने हैं, वे टोल फ्री नंबर 14555 या 180011565 पर अथवा आयुष्मान भारत की वेबसाइट पर अपनी पात्रता की जांच कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि योजना के तहत प्रत्येक पात्र परिवार को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज उपलब्ध कराया जाता है। इसके लिए आयुष्मान गोल्डन कार्ड अनिवार्य है, जिसके माध्यम से देश के किसी भी पैनल अस्पताल में निःशुल्क उपचार कराया जा सकता है। कार्यक्रम में एसीएमओ डॉ. एसके सिन्हा, डिप्टी सीएमओ डॉ. आरपी यादव, डॉ. विपिन रंजन, डीएमओ सीपी मिश्रा, डॉ. राकेश पाण्डेय समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# जनगणना प्रशिक्षण का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**●22 मई से 20 जून तक होगा जनगणना का प्रथम चरण, 7 से 21 मई तक स्व-गणना की सुविधाः जिलाधिकारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** जिलाधिकारी/प्रमुख जनगणना अधिकारी अनुपम शुक्ला ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/जिला जनगणना अधिकारी ज्योत्सना बंधु के साथ आगामी जनगणना कार्यों को सुव्यवस्थित एवं त्रुटिरहित ढंग से संपादित करने के उद्देश्य से तहसील अकबरपुर एवं तहसील भीटी में यथा बीएनकेबी महाविद्यालय अकबरपुर एवं राम लखन पीजी कॉलेज भीटी में संचालित सुपरवाइजर एवं प्रगणकों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता, उपस्थित कार्मिकों की सहभागिता तथा प्रशिक्षण सामग्री की उपयोगिता आदि का अवलोकन किया।

जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे गणनाकर्मियों एवं पर्यवेक्षकों से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें जनगणना के महत्व से अवगत कराया तथा कहा कि जनगणना देश की विकास योजनाओं की आधारशिला होती है। अतः प्रत्येक कार्मिक अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप शुद्ध एवं सटीक आंकड़ों का संकलन सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रशिक्षकों को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण को व्यवहारिक एवं सरल बनाते हुए सभी बिंदुओं को स्पष्ट रूप से समझाया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की भ्रम की स्थिति न रहे।

इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि सभी लोग गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करें एवं जनगणना कार्य की सभी प्रक्रियाओं एवं गतिविधियों को अच्छे से सीखें और समझें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण की उपरांत टेस्ट होगा टेस्ट में 70% से कम मार्क्स पाने वाले को पुनः प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि देश की विकास योजनाओं की आधारशिला है। सटीक, पारदर्शी और समयबद्ध जनगणना से ही शासन को जनसंख्या की वास्तविक स्थिति, आवासीय संरचना, संसाधनों की उपलब्धता तथा नागरिक सुविधाओं की आवश्यकता का सही आकलन प्राप्त होता है। जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना के आंकड़े शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, पेयजल, सड़क, बिजली, सामाजिक सुरक्षा, खाद्य वितरण, शहरी एवं ग्रामीण विकास, आपदा प्रबंधन सहित विभिन्न योजनाओं के निर्माण और क्रियान्वयन में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अतः प्रगणकों और सुपरवाइजर्स का दायित्व अत्यंत महत्वपूर्ण है कि वे प्रत्येक मकान, परिवार और नागरिक का विवरण पूर्ण शुद्धता एवं सावधानी के साथ दर्ज करने हेतु अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करें। इस दौरान जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण स्थल पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सभी प्रशिक्षण केंद्रों पर भोजन एवं नाश्ते हेतु मेन्यू निर्धारित करने और गुणवत्ता सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए। सहायक आयुक्त खाद्य को प्रत्येक दिन भोजन की गुणवत्ता की जांच करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे महिला सुपरवाइजर एवं प्रगणकों के छोटे बच्चों हेतु सभी प्रशिक्षण केंद्रों पर आंगनबाड़ी की ड्यूटी लगाते हुए एक कमरे में बच्चों के खेलने की सामग्री की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि प्रशिक्षण के दौरान सभी प्रतिभागियों को अद्यतन मॉड्यूल, प्रपत्रों एवं डिजिटल उपकरणों की जानकारी भली-भांति प्रदान की जाए।

जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि जनगणना के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 22 मई 2026 से 20 जून 2026 तक संचालित किया जाएगा। इससे पूर्व नागरिकों की सुविधा हेतु 07 मई से 21 मई 2026 तक स्व-गणना (Self Enumeration) की व्यवस्था भी उपलब्ध रहेगी, जिससे नागरिक स्वयं अपने विवरण ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे स्व-गणना सुविधा का अधिक से अधिक उपयोग करें तथा प्रगणकों को सही एवं सटीक जानकारी उपलब्ध कराएं। इस अवसर पर संबंधित उपजिलाधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## गोरखपुर में क्लब '17' पर देर रात पुलिस छापा, अवैध हुक्का कारोबार का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** जनपद के कैंट थाना क्षेत्र में देर रात पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक होटल में संचालित क्लब '17' पर छापा मारकर अवैध हुक्का संचालन का भंडाफोड़ किया। इस कार्रवाई से क्लब में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप की स्थिति बन गई। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कैंट क्षेत्र के एक होटल में स्थित क्लब '17' में अवैध रूप से हुक्का परोसा जा रहा है, जहां युवाओं की भीड़ जुट रही है। सूचना के आधार पर थाना कैंट पुलिस ने तत्काल टीम गठित कर देर रात छापेमारी की। जैसे ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, क्लब में मौजूद लोगों के बीच भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से हुक्का संचालन में लिप्त 4 लोगों को हिरासत में ले लिया। साथ ही क्लब से 20 हुक्के बरामद किए गए, जिनका उपयोग ग्राहकों को परोसने में किया जा रहा था। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना कैंट पुलिस के अनुसार, प्रदेश में सार्वजनिक स्थानों पर हुक्का बार संचालन पर प्रतिबंध के बावजूद इस तरह की गतिविधियां लगातार सामने आ रही हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है और आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस ने यह भी बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि इस अवैध कारोबार के पीछे और कौन-कौन लोग शामिल हैं। साथ ही क्लब संचालक और होटल प्रबंधन की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

## होटल के बाउंसर को कार सवार मनबढ़ो ने घेर के पीटा केस दर्ज

**सहजनवा** –गीडा थाना क्षेत्र के होटल में बाउंसर की नौकरी कर रहे दो युवक को कार सवार मनबढ़ो ने रास्ते में घेर कर पीट दिया। जिसमें दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से थाना क्षेत्र के तेनुहारी निवासी आदर्श यादव पुत्र धनश्याम यादव तथा इसका दोस्त उपेन्द्र कुमार पुत्र सूर्यबली निवासी मटकापार थाना सहजनवा दोनों एक होटल में बाउंसर का काम करते है। होटल में कुछ लोगों से विवाद हो गया था। रविवार को होटल का कार्य समाप्त कर दोनों एक ही बाइक पर बैठक कर घर आ रहे थे। बरहुआ के पास पहुंचे थे कि कार और बाइक पर सवार मनबढ़ो ने बाइक में ठोकर मार दिया। जिससे दोनों गिर गए। इसके बाद कार और बाइक सवार मनबढ़ो ने दोनों के साथ गाली गलौज करते हुए डंडे,लोहे की रॉड से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी शिवम चौधरी तथा 5 से 6 अज्ञात के खिलाफ बलवा,मारपीट,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

# महर्षि सावर्ण्य वेद विद्यापीठ का भूमि पूजन विधि विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खजनी-** गोरखपुर पूर्वांचल में पहला चारों वेद विद्यालय का भू छतमि पूजन हुआ, जो महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान चिंतामण, जवासिया,उज्जैन मध्य प्रदेश 456006 के द्वारा संचालित हैं। महर्षि सावर्ण्य वेद विद्यापीठ के पूर्व छात्र यहाँ से उत्तीर्ण होकर श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली में वास्तुशास्त्र, ज्योतिष की शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। जो वेद विद्यालय के लिए गर्व की बात है। खजनी गोरखपुर खजनी तहसील क्षेत्र के अंतर्गत साख डांड़ पांडे में आज प्रातः 6बजे विधी विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पुजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ विगत नव वर्षो से विद्यालय सुचारू रूप से संचालित हो रहा है। सोमवार को विद्यालय के स्थाई भवन के लिए विधि विधान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ स्थाई भवन हेतु भुमि पूजन कर भवन का आधारशिला रखा गया आधारशिला रखते समय विद्वानों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण देवमय हो गया ।

विद्यालय के प्रबंधक पंडित अजय पांडे सपत्तनी द्वारा पूजन कर आधारशिला रखा गया उक्त शुभ बेला मे क्षेत्र के विद्वानों शिक्षकों गणमान्य नागरिकों एवं विद्यालय परिवार के अध्यक्ष पंडित विजय पांडे सचिव पंडित श्री अजय पांडे कोषाध्यक्ष रिंकू पांडे कार्यकारणी सदस्य राघवेंद्र कुमार पांडे आमोद मद्धेशिया, जितेन्द्र तिवारी (ईफको आल इंडिया ऑफिसर यूनियन चेयरमैन) पूर्व, कुसुम तिवारी,यम पी शर्मा, गीता शर्मा सहित वेद विद्यालय के सभी छात्र एवं विद्यालय परिवार के कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आए हुए लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया एवं विद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष को उपस्थित लोगों ने बधाई दिया।

## गौरा विधायक ने मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ जी से मुलाक़ात कर क्षेत्र के समग्र विकास पर किया चर्चा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोण्डा –** गौरा विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक श्री प्रभात कुमार वर्मा जी ने उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट कर क्षेत्र के समग्र विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। इस दौरान विधायक जी ने अपने क्षेत्र के प्रमुख मार्ग अमवा-तामा-वीरपुर मार्ग के चौड़ीकरण की मांग रखते हुए बताया कि यह मार्ग क्षेत्रीय आवागमन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसके चौड़ीकरण से हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा तथा क्षेत्र में विकास को गति मिलेगी। इसके साथ ही विधायक जी ने क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं सुचारू बनाने हेतु दो नए पावर हाउस स्थापित करने की मांग भी की। जिसमें 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र, केशव नगर ग्रांट 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र, दौलतपुर ग्रांट स्थापित किए जाने का प्रस्ताव रखा गया, जिससे क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता बेहतर होगी और उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली उपलब्ध हो सकेगी। माननीय मुख्यमंत्री जी ने विधायक जी की बातों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित करने का आश्वासन दिया। इस मुलाकात के उपरांत क्षेत्रवासियों में विकास कार्यों को लेकर आशा और उत्साह का माहौल है।

## यातायात नियमों की अनदेखी पर सख्ती, 73 वाहनों का चालान

**पांच वाहन किए गए सीज, शहर में चला चेकिंग अभियान**

**देवरिया।** सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए यातायात पुलिस ने शहर में सघन चेकिंग अभियान चलाया। यातायात प्रभारी गुलाब सिंह के नेतृत्व में भटवलिया, बस स्टैंड, गोरखपुर ओवरब्रिज, कसया रोड और रागिनी मोड़ पर विशेष अभियान चलाया गया।

इस दौरान बिना लाइसेंस, बिना फिटनेस, बिना हेलमेट, तीन सवारी, नो पार्किंग में खड़े वाहन और मॉडिफाइड साइलेंसर वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। अभियान में कुल 73 वाहनों का ई-चालान किया गया, जबकि पांच वाहनों को सीज किया गया। पुलिस का कहना है कि ऐसे अभियानों से यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित होता है और सड़क दुर्घटनाओं में कमी आती है।

# सी बी एस सी की परीक्षा मे वरिशा शादाब ने सर्वोत्तम अंक प्राप्त कर बढ़ाया मान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोण्डा–** मेहनत अगर आदत बन जाए, तो कामयाबी मुकद्दर बन जाती है। जी हां अगर इंसान अपनी क्षमताओं पर भरोसा रखकर आगे बढ़ने का जुनून दिल में पैदा कर ले तो निश्चित ही सफलता उसका कदम चूमेगी। निरंतर मेहनत लगन और खुद पर विश्वास से ही परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने में सहायता मिलती है। मैं बात करने जा रहा हूं, सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल गोन्डा की मेधावी छात्रा वरीशा शादाब के बारे में। जिन्होंने हाल ही में सीबीएसई बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा में कठिन परिश्रम के बल पर 96.7 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होकर अपने विद्यालय के साथ-साथ घर का नाम रोशन किया है। वरीशा शादाब ने शुरू से ही अपने मन में ठान रखा था कि इतनी मेहनत करनी है जिससे मेरे स्कूल के साथ मेरे गांव और क्षेत्र का नाम भी रोशन हो। बताते चलें कि छात्रा वरीशा शादाब पेशे से सरकारी अध्यापक शादाब अहमद सिद्दीकी की पुत्री है। जब वरीशा शादाब से भविष्य के बारे में पूछा गया कि क्या बनने की चाहत है, पूछे जाने पर उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि दिल में डॉक्टर बनने की तमन्ना है, जिससे देश के लिए कुछ कर सकूं। बात यहीं खत्म नहीं होती है उसी घर के पेशे से सरकारी अध्यापक महताब अहमद सिद्दीकी के पुत्र मोहम्मद आरिश ने भी घर में दोगुनी खुशी दी है। उन्होंने 92% अंक प्राप्त कर अपने स्कूल नारायणा पब्लिक स्कूल गोन्डा के साथ-साथ अपने परिवार का नाम रोशन किया है। मोहम्मद आरिश ने भी कठिन परिश्रम करके इस मुकाम को प्राप्त किया है। मोहम्मद आरिश का भी सपना आईएएस बनकर समाज के लिए कुछ करने का है। भाई बहन के दोहरी कामयाबी ने घर में खुशी पैदा कर दी। घर के लोग काफी खुश थे। लोगों ने बच्चों के साथ- साथ एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर मुबारकबाद दिया। घर के लोग खासकर दादा पूर्व चीफ फार्मासिस्ट फसीहुद्दीन अहमद सिद्दीकी के साथ- साथ घर के लोगों में तथा आसपास के लोगों में खुशी का माहौल रहा।

## हीटवेव से बचाव को किसानों को अपनाने होंगे जरूरी उपाय

**●नमी संरक्षण और हल्की सिंचाई पर जोर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** जिले में बढ़ते तापमान को देखते हुए कृषि विभाग ने किसानों को हीटवेव से फसलों को बचाने के लिए जरूरी सुझाव जारी किए हैं। जिला कृषि अधिकारी उदय शंकर सिंह ने बताया कि लू का असर फसलों पर पड़ने की आशंका बढ़ गई है, ऐसे में सावधानी बरतना जरूरी है। उन्होंने किसानों से अपील की कि फसल कटाई के बाद खेतों में अवशेष न जलाएं। नमी संरक्षण के लिए मल्चिंग और खरपतवार नियंत्रण अपनाएं तथा जैव उत्पादों और फसल अवशेषों का उपयोग करें। पौध तैयार करते समय भी मल्च का प्रयोग लाभकारी रहेगा। सिंचाई के बेहतर प्रबंधन के लिए स्प्रिंकलर और ड्रिप पद्धति अपनाने की सलाह दी गई है। खेतों में नियमित अंतराल पर सायंकाल हल्की सिंचाई करें, जिससे नमी बनी रहे और पानी की बचत हो सके। साथ ही अंतःकर्षण क्रियाओं से तैयार मल्च के जरिए भूमि से नमी के वाष्पीकरण को कम किया जा सकता है। जिला कृषि अधिकारी ने अधिक तापमान में रासायनिक उर्वरकों के बजाय जैविक खाद के उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि फसलों की बुवाई पंक्तियों में करें और सिंचाई जल के समान वितरण के लिए खेतों को समतल रखें। धान की नर्सरी के संबंध में उन्होंने बताया कि उसमें पर्याप्त नमी बनाए रखने के लिए सायंकाल सिंचाई करें और जहां पानी अधिक जमा हो, वहां तत्काल निकासी की व्यवस्था करें, ताकि फसल को नुकसान से बचाया जा सके।

## मिशन शक्ति अभियान में महिलाओं को किया जागरूक

**हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी, पम्पलेट वितरित**

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन में जिले भर में मिशन शक्ति फेज-5.0 और 'शक्ति दीदी' अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया गया। इस दौरान विभिन्न थानों की मिशन शक्ति और एंटी रोमियो टीमों ने सार्वजनिक स्थानों, बैंकों और धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर पम्पलेट वितरित किए। थाना बनकटा और बरहज की टीमों ने महिलाओं और छात्राओं को डायल-112, महिला हेल्पलाइन-181, वुमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, सीएम हेल्पलाइन-1076, एंबुलेंस सेवा-108 और साइबर हेल्पलाइन-1930 समेत अन्य महत्वपूर्ण नंबरों की जानकारी दी।

## संक्षिप्त खबरें

### फार्मर रजिस्ट्री में ढिलाई पर एसडीएम ने लगाई फटकार



**तिलहर-शाहजहांपुर।** फार्मर रजिस्ट्री अभियान की सुस्त रफ्तार पर एसडीएम जीत सिंह राय का गुस्सा रविवार को खुलकर सामने आ गया। गांवों में लगे कैंपों के औचक निरीक्षण के दौरान उन्होंने लापरवाही पर कर्मचारियों को जमकर फटकार लगाई और स्पष्ट चेतावनी दी कि अब ढिलाई किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगी। एसडीएम सीधे फीलनगर और बतलैया गांव पहुंचे, जहां उन्होंने कैंपों की हकीकत परखी। मौके पर पंजीकरण की धीमी गति देखकर वह नाराज हो गए और जिम्मेदारों से जवाब-तलब किया। उन्होंने साफ कहा कि लक्ष्य के मुकाबले काम बेहद कम है, जो किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है।उन्होंने निर्देश दिए कि हर हाल में ज्यादा से ज्यादा किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए। कैंपों में आने वाले किसानों को योजनाओं की पूरी जानकारी देने पर भी जोर दिया, ताकि कोई भी पात्र किसान लाभ से वंचित न रह जाए। एसडीएम जीत सिंह राय ने दो टूक कहा कि यदि कहीं भी लापरवाही मिली तो संबंधित कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई तय है। उन्होंने सभी को चेताया कि शासन की मंशा के अनुरूप तय समय में लक्ष्य पूरा करना ही प्राथमिकता होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान राजस्व टीम में हड़कंप का माहौल बना रहा।

### वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार




**लखीमपुर खीरी** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना शारदा नगर पुलिस को एक और सफलता हाथ लगी है पुलिस ने लेब समय से वांछित चल रहे एक वारंटी अभियुक्त को गिरफतार कर न्यायालय भेज दिया पुलिस अधीक्षक खीरी डॉ 0 ख्याति गर्ग के निदेशन में चल रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण व क्षेत्र धिकारी सदर के मार्गदर्शन में थाना शारदा नगर पुलिस टीम ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए मु 0/स0864/2017/धारा 379/411/भादंवि से संबंधित वारंटी अभियुक्त मुनीर पुत्र कयूम निवासी ग्राम बड़ागांव थाना शारदा नगर को गिरफतार कर लिया गिरफ्तार अभियुक्त को विधिक कार्रवाई पूर्ण कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया गिरफ्तार अभियुक्त मुनीर पुत्र कयूम निवासी ग्राम बड़ागांव थाना शारदा नगर जनपद खीरी गिरफ्तार करने वाली टीम उपनिरीक्षक ऋषि राज पाण्डेय कांस्टेबल करन कुमार व कांस्टेबल शिवम मिश्रा थाना शारदा नगर पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है

### निघासन-ढखेरवा समेत जिले में पेट्रोल-डीजल संकट, जनता परेशान; प्रशासन ने कमी से किया इनकार




**निघासन/ढखेरवा (लखीमपुर खीरी):** जिले के निघासन, ढखेरवा सहित कई क्षेत्रों में इन दिनों पेट्रोल और डीजल को लेकर लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई पेट्रोल पंपों पर 'स्टॉक खत्म' होने का हवाला देकर ईंधन देने से मना किया जा रहा है। ग्रामीणों और वाहन चालकों का कहना है कि उन्हें कई किलोमीटर दूर तक भटकना पड़ रहा है, जिससे रोजमर्रा के कामकाज और खेती-बाड़ी पर भी असर पड़ रहा है। वहीं, जब इस संबंध में जिलाधिकारी (DM) से बात की गई, तो उन्होंने जिले में पेट्रोल और डीजल की किसी भी प्रकार की कमी से साफ इनकार किया। प्रशासन का कहना है कि सप्लाई सामान्य है और कहीं भी आधिकारिक रूप से कोई कमी नहीं है। अब सवाल यह उठता है कि अगर सप्लाई सामान्य है, तो जमीनी स्तर पर लोगों को ईंधन क्यों नहीं मिल पा रहा? क्या यह सप्लाई चेन में किसी तरह की दिक्कत है, या फिर स्थानीय स्तर पर प्रबंधन की समस्या? फिलहाल, इस पूरे मामले में आम जनता ही सबसे ज्यादा प्रभावित हो रही है सरकार अपनी नाकामी छिपाने में प्रशासन का सहयोग ले रही है।

## दिनदहाड़े धड़ल्ले से अवैध मिट्टी खनन, जेसीबी गरज रही, बच्चे जान जोखिम में डालकर जा रहे स्कूल

**● ढकबा चौकी से चंद कदम दूर केशवापुर-ढकबा मार्ग पर नियमों को ताक पर रखकर खनन, ओवरलोड डंपरों से बाजार में हादसे का खतरा**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी,** हैदराबाद थाना क्षेत्र की ढकबा पुलिस पिकेट के निकट हर्निया गांव के समीप केशवापुर से ढकबा को जाने वाले मार्ग पर अवैध मिट्टी का खनन दिन के उजाले में धड़ल्ले से चल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस की नाक के नीचे जेसीबी मशीनों से मिट्टी खोदी जा रही है और ओवरलोड डंपर फर्राटा भरते हुए निकल रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि इसी मार्ग से नन्हे मुन्ने बच्चे सुबह स्कूल जाते हैं और दोपहर को लौटते हैं। ओवरलोड डंपरों से उड़ने वाली धूल से बच्चों की ड्रेस गंदी हो जाती है, जिसके कारण उन्हें स्कूलों में डांट भी सुननी पड़ती है। ग्रामीणों का कहना है कि तेज रफ्तार डंपरों से सड़क पर चल रहे राहगीरों पर मिट्टी गिरती रहती है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

बताया जा रहा है कि केशवापुर में ढकबा रोड पर स्थित भट्ठे से नियमों को ताक पर रखकर अवैध खनन हो रहा है। केशवापुर में सप्ताह में दो दिन भारी बाजार लगता है। बाजार के दिन भी भीड़ भाड़ के बीच ओवरलोड मिट्टी के डंपर गुजरते रहते हैं। स्थानीय दुकानदारों और ग्राहकों में हमेशा हादसे की आशंका बनी रहती है।

राहगीरों का आरोप है कि डंपर चालक मिट्टी ओवरलोड कर तेज रफ्तार से वाहन चलाते हैं। इससे सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि जब इसी रोड से थानाध्यक्ष हैदराबाद और चौकी इंचार्ज ढकबा बराबर निकलते हैं, तो क्या उन्हें अवैध खनन दिखाई नहीं देता।

ग्रामीणों ने मांग की है कि बच्चों की सुरक्षा और जनहित को देखते हुए अवैध मिट्टी खनन पर तत्काल रोक लगाई जाए। साथ ही ओवरलोड वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि कोई अनहोनी न हो। सुनील मलिक थानाध्यक्ष हैदराबाद खीरी, ने बताया कि विना परमीशन किसी भी प्रकार का मिट्टी का खनन नही हो रहा है,यदि कही हो रहा है तो उसके जुमामेदार खनन विभाग है।

## इकलौते बेटे की मौत पर फूटा आक्रोश, मुआवजे के आश्वासन के बाद शांत हुआ प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिंगाही- खीरी।** तेंदुए के हमले में चार वर्ष के मासूम दिलशाद की दर्दनाक मौत के बाद पीड़ित परिवार और ग्रामीणों का आक्रोश रविवार को फूट पड़ा। पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही मासूम का शव गांव पहुंचा, परिजनों और ग्रामीणों ने हाईवे किनारे शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया।



ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए तत्काल मुआवजा और परिवार के भरण-पोषण की स्थायी व्यवस्था की मांग की। करीब दो घंटे तक चले इस प्रदर्शन के दौरान माहौल बेहद तनावपूर्ण बना रहा। सूचना मिलते ही क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को शांत कराने का प्रयास किया। प्रदर्शन के दौरान पहुंचे पूर्व विधायक आर.एस. कुशवाहा ने भी परिजनों को ढांढस बंधाया और प्रशासन से हरसंभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया। काफी समझाइश और बातचीत के बाद वन विभाग की ओर से डिप्टी रेंजर हरिलाल ने पीड़ित परिवार को 10 दिनों के भीतर पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता पिता के खाते में दिलाने तथा परिवार के एक सदस्य को नर्सरी में रोजगार उपलब्ध कराने का भरोसा दिया।आश्वासन मिलने के बाद परिजन और ग्रामीण शांत हुए और प्रदर्शन समाप्त किया गया। इसके बाद देर शाम मासूम का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

गौरतलब है कि सिंगाही थाना क्षेत्र के उमरा ग्राम पंचायत के नयापुरा गांव में शनिवार शाम तेंदुए ने मासूम दिलशाद को अपना शिकार बना लिया था। इस घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुए को जल्द पकड़ने और क्षेत्र में गश्त बढ़ाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। यह घटना एक बार फिर क्षेत्र में बढ़ते वन्यजीवों के खतरे और ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर रही है।

### तीन साल की गुमशुदा बच्ची को गोला पुलिस ने मात्र दो घंटे मे परिजनो को मिलाया

**गोला पुलिस की इस सक्रियता के लोग पुलिस की सराहना कर रहे है**



**गोला गोकर्णनाथ खीरी,** दिनांक 20/04/26 को समय करीब 01 बजे दोपहर के एक बच्ची जो अपने परिवार के साथ शिव मंदिर छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ आई थी। भीड़ में अपने परिवार से बिछड़ गई। अपना नाम, माता पिता का नाम एवं पता नहीं बता रही थी। विशाल बाजपेई मोहल्ला तीर्थ द्वारा बच्ची को अपने साथ लेकर थाना गोला पर लाया गया। जिसके पश्चात गोला कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह के आदेशानुसार गोला पुलिस टीम ने आस पास लोगो से बातचीत एवं संपर्क करके बच्ची के परिजनों का पता करके करीब 2 घंटे में बच्ची को इसके माता पिता को सुपुर्द किया गया। कोतवाली प्रभारी अंबर सिंह ने बताया कि स्नेहा उम्र 3 वर्ष पुत्री सतीश पुत्र कन्हैया लाल जो कि निवासी ढका घनश्याम थाना बंडॉ जिला शाहजहांपुर की रहने बाली थी जिसकी मां का नाम संध्या उम्र 24 वर्ष को संपूर्ण कर दिया गया है, जिसके पश्चात बच्चे की मां ने गोला पुलिस की भूरि भूरि प्रशंसा की है।

## काग़ज़ों पर काम दिखा लाखों के गवन के आरोप

**● ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव की मिली भगत से फर्जीवाड़ा कर काम कराए बिना भुगतान निकाले जाने का मामला बना चर्चा का विषय**

**ग्राम पंचायत पलहनापुर के मजरा वन टांगिया में स्ट्रीट लाइट लगवाए बगैर भुगतान निकालना और पलहनापुर में रास्ता पर मिटटी कार्य कराए बगैर तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय में खेल मैदान का निर्माण कराए बिना लाखों का बंदरबांट कर लिए जाने के आरोप**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी** विकासखंड विजवा के अंतर्गत ग्राम पंचायत पलहनापुर में प्रधान और पंचायत सचिव की मिली भगत से कागजों पर विकास की गंगा बहाकर लाखों का सरकारी सरकारी धन का भुगतान निकाल कर आपस में बंदरबाट कर अपनी अपनी तिजोरिया भर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है भ्रष्टाचार का सनसनी खेज खुलासा करते हुए वन टांगिया के दर्जनों ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव पर गांव में स्ट्रीट लाइट लगवाए बिना ही फर्जी बिल वाउचर लगाकर 30 स्ट्रीट लाइटों का भुगतान निकाल कर हजम कर लिए जाने के गंभीर आरोप लगाए हैं ।ग्रामीणों का कहना है गांव में जो भी लाइट लगाई गई है वह बैंक के तरफ/सौजन्य से लगाई गई है जिन पर स्पष्ट लिखा हुआ है जो प्रधान और पंचायत सचिव के भ्रष्टाचार की चीखकर पोल खोल रही हैं।

**पूर्व माध्यमिक विद्यालय में खेल मैदान का निर्माण कार्य कारण बिना सरकारी धन की लूट के आरोप-** पूर्व माध्यमिक विद्यालय पालनपुर में बच्चों के लिए खेल मैदान का निर्माण कार्य नहीं कराया गया और कागजों में निर्माण कार्य दिखाकर भुगतान निकालकर बंदर बांट कर लिए जाने के आरोप प्रधान और पंचायत सचिव पर लगाए गए हैं। तथा मामले की जांच टीम गठित कर निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग जोर पकड़ती जा रही है ।सूत्र बताते हैं गांव में एक चक रोड को पटवाए बगैर ही कागजों पर काम दिखाकर भुगतान निकाले जाने का मामला जन चर्चा का विषय बना है।

ग्राम पंचायत पलहनापुर के दर्जनों नागरिकों ने ऑन कैमरा बताया कि ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव की मिली भगत से ग्राम पंचायत के विकास को आए सरकारी धन की लूट घसोंटकर खुद का विकास किया जा रहा है और निर्माण कार्य कागजों पर दर्शाया जा रहा है। हकीकत की जमीन पर कोई काम नहीं कराया गया है स्ट्रीट लाइट गुणवत्ता विहीन और घटिया किस्म की लगवाई गई है जो बंद पड़ी है। रास्ता द्यद्व पटाई नहीं कारवाई गई।फर्जी लेबर चढ़ा कर और फर्जी बी और कार्य पूर्ति दिखाकर सरकारी धन की लूट का खेल खेला जा रहा है ग्रामीणों ने मामले की उच्च स्तरीय जांच कराकर फर्जीवाड़ा कर सरकारी धन हडपने वाले मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग के साथ-साथ जांच में आरोप सिद्ध होने पर दोषी प्रधान और पंचायत सचिव के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने और सरकारी धन की रिकवरी कराए जाने की मांग की है।

इस संबंध में जब ग्राम प्रधान पलहनापुर से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उन्होंने बताया कि मैंने कोई लाइट लगवाई ही नहीं है तो भुगतान निकालने का सवाल क्या उठता है? जबकि खंड विकास अधिकारी और ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा बताया गया की 30 लाइट वन टांगिया में लगवाई गई है। वही चक रोड पटवाने की बात पर भी प्रधान ने बताया कि मुझे जानकारी नहीं है कौन सा चकरोड पटवाए बगैर भुगतान निकल गया है मैं पंचायत सचिव से बात करने के बाद ही कुछ बता पाऊंगा।

ग्राम पंचायत सचिव ने बताया कि 30th स्ट्रीट लाइट लगवा दी गई है जबकि धरातल पर एक भी शौचालय भी नहीं बना है जबकि वन्य जीवों की चहल कदमी लोगों के लिए खतरा की घंटी के समान है फिर भी एक शौचालय तक नहीं बना है इस पर बताया जल्दी ही दो चार शौचालय बन जायेंगे।

## लघु सिंचाई विभाग में भ्रष्टाचार का खेल

**लखीमपुर- खीरी।** जिले के लघु सिंचाई विभाग में भ्रष्टाचार का बड़ा खेल सामने आया है। अवर अभियंता और बोरिंग टकनीशियन को बचाने के लिए विभाग में कुछ किसान संगठनों को बुलाकर गुपचुप वार्ता का दौर चल रहा है। सूत्रों की मानें तो पूरे मामले को दबाने के लिए पर्दे के पीछे बैठकें की जा रही हैं। रेस्टोरेंट में 'डीलर व जेई उपहार' लेकर पहुंचे थे साहब, बन गया वीडियो मामला तब और गरमा हो गया जब पूर्व में खबरें प्रकाशित होने के बाद अवर अभियंता साहब एक किसान नेता से मिलने रेस्टोरेंट पहुंच गए। बताया जा रहा है कि साहब अपने साथ 'डीलर जेई उपहार' भी लेकर गए थे, ताकि मामला रफा-दफा हो जाए। लेकिन अवर अभियंता साहब को भनक तक नहीं लगी कि रेस्टोरेंट में उनकी पूरी वीडियो रिकॉर्डिंग हो रही है। मामले को दबाने आए थे, लेकिन खुद ही फंस गए।सूत्रों का दावा है कि इस पूरे घटनाक्रम का मास्टरमाइंड विभाग का ही एक बाबू है। वही बाबू सभी अवर अभियंता और बोरिंग टकनीशियन को अपनी उंगलियों पर नचा रहा है। उसी के इशारे पर विभाग में गुपचुप बैठकें कर भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने की कोशिश की जा रही है।लघु सिंचाई विभाग में चल रहे इस खेल से किसानों में भारी आक्रोश है। किसानों का कहना है कि योजनाओं का लाभ असली जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच रहा। भ्रष्टाचार के इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग उठने लगी है। अब देखना होगा कि वीडियो सामने आने के बाद विभाग और जिला प्रशासन क्या कदम उठाता है।

### समझौते से इनकार पर महिला पर टूटा कहर, दबंग ने दी जान से मारने की धमकी




**तिलहर-शाहजहांपुर।** छेड़छाड़ के मुकदमे में समझौता करने से इनकार करना एक महिला को भारी पड़ गया। दबंग आरोपी ने घर के बाहर पहुंचकर न सिर्फ मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाया, बल्कि विरोध करने पर महिला के साथ जमकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। पीड़िता के मुताबिक, 10 अप्रैल को उसकी नाबालिग पुत्री के साथ मोहल्ला मुस्तफाबाद निवासी राजू उर्फ प्रेमप्रकाश ने छेड़छाड़ की थी। इस मामले में पहले ही थाने में मुकदमा दर्ज कराया जा चुका है। आरोप है कि 19 अप्रैल की दोपहर करीब तीन बजे आरोपी उसके घर के बाहर पहुंचा और पुराने मुकदमे को वापस लेने के लिए दबाव बनाने लगा। महिला के इंकार करते ही आरोपी आपा खो बैठा और गाली-गलौज करते हुए उस पर हमला बोल दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो आरोपी खुलेआम जान से मारने की धमकी देता हुआ मौके से फरार हो गया। घटना के बाद पीड़ित परिवार में भय का माहौल है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और उसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## परशुराम जयंती पर तिलहर में आस्था का सैलाब, भव्य शोभायात्रा में उमड़ा जनसमूह






स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तिलहर-शाहजहांपुर।** भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर नगर रविवार को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह से सराबोर नजर आया। मोहल्ला निजामगंज स्थित परशुराम धाम मंदिर से परंपरागत रूप से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सजीव झांकियों और भक्तिमय माहौल ने पूरे शहर को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। शोभायात्रा में भगवान परशुराम एवं राम दरबार की आकर्षक झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। बैंड-बाजों और जयघोष के बीच निकली यह यात्रा बारह पत्थर, बिरियागंज, पोटरगंज, सर्राफा बाजार, बजाजा मार्केट, दातागंज, मौजमपुर, पंजाबी कॉलोनी, नगर पालिका रोड और मुख्य बाजार से गुजरती हुई पुनः परशुराम धाम पहुंचकर संपन्न हुई। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं और व्यापारियों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया तथा जलपान की व्यवस्था कर सेवा भाव का परिचय दिया। व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष सौरभ गुप्ता रवि एवं अधिवक्ता शीलेंद्र मोहन मिश्रा ने प्रमुख रूप से शोभायात्रा का स्वागत किया। इस दौरान अधिवक्ता श्रीश चंद्र मिश्रा, आम आदमी पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी बीडी शर्मा, सचिन शर्मा, आशीष शर्मा, कैलाश चंद्र मिश्रा, राधा रमण मिश्रा और डॉ. प्रमोद मिश्रा को भगवान परशुराम का चित्र एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। सभा को संबोधित करते हुए बीडी शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम का जीवन अन्याय के खिलाफ संघर्ष और धर्म की रक्षा का प्रतीक है। उनके आदर्शों को अपनाकर समाज में एकता और समरसता को मजबूत करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

शोभायात्रा में पूर्व ब्लॉक प्रमुख अभिनव शर्मा वीरू, राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष पंडित अजीत शर्मा, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के पूर्व जिला अध्यक्ष शीलेंद्र मोहन मिश्रा, अभिषेक मिश्रा, वीर दीक्षित, राजदीपक शर्मा, शिवम शर्मा, अनुराग मिश्रा, हैप्पी मिश्रा, बीडीसी सदस्य देवेंद्र पांडे, अरुण यादव चैनू, प्रदीप पाठक, डा प्रमोद मिश्रा, अमर सिंह यादव, कृष्णा गंगवार, प्रमोद गंगवार, अनुज द्विवेदी, मुन्ना द्विवेदी, राजू पंडित, चंद्रकांता त्रिवेदी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।

## 47 करोड़ की परियोजनाओं से बदलेगी रफ्तार, अहिल्याबाई होलकर सैटेलाइट बस अड्डे का भव्य लोकार्पण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शाहजहांपुर।** जनपद की परिवहन व्यवस्था को नई उड़ान देते हुए रविवार को 47 करोड़ रुपये की लागत से तैयार चार महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण धूमधाम से किया गया। अहमदपुर नियाजपुर में बने आधुनिक सैटेलाइट बस अड्डे समेत इन योजनाओं का शुभारंभ प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना और परिवहन विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने संयुक्त रूप से बटन दबाकर किया।

लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर के नाम पर स्थापित यह सैटेलाइट बस अड्डा अब जनपद की यातायात तस्वीर बदलने को तैयार है। लोकार्पण के मौके पर मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा यह परियोजना न सिर्फ यातायात को सुगम बनाएगी, बल्कि जनपद को प्रदेश के प्रमुख शहरों से मजबूत कनेक्टिविटी भी देगी। सरकार आमजन को बेहतर और आधुनिक सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है।




परिवहन राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह ने अपने संबोधन में कहा परिवहन ढांचे को मजबूत करना सरकार की प्राथमिकता है। इन परियोजनाओं से यात्रियों को सुविधा, सुरक्षा और व्यवस्थित आवागमन का लाभ मिलेगा, जिससे क्षेत्रीय विकास को नई गति मिलेगी। अधिकारियों के अनुसार, इन योजनाओं के क्रियान्वयन से न केवल ट्रैफिक दबाव में कमी आएगी, बल्कि शहर के समग्र विकास को भी बल मिलेगा। सड़क निर्माण, स्मार्ट सिटी कार्यों और अन्य आधारभूत परियोजनाओं के साथ मिलकर यह पहल जनपद की तस्वीर बदलने की दिशा में अहम साबित होगी। कार्यक्रम के अंत में जनपद प्रशासन ने नागरिकों से अपील की कि वे सार्वजनिक संपत्तियों की सुरक्षा करें और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।






## बिना कार्य कराए सरकारी धनराशि हजम कर लिए जाने के आरोप

**● ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव की मिली भगत से अंबेडकर पार्क सहित कई अन्य निर्माण कार्य कराए बगैर ही लाखों का बंदरबाट कर लिए जाने का मामला बना चर्चा का विषय**

**बाउंड्रीवॉल और मिट्टी पटाई कार्य के नाम पर भी लाखों का गवन किए जाने का मामला**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी** मामला विकासखंड विजुआ की ग्राम पंचायत बेलहा सीकटिहा का बताया जाता है जहां पर सुबे के मुखिया की जीरो टॉलरेंस नीति का भद्दा 2मजाक उड़ाते हुए जमकर सरकारी धन की लूट किए जाने के गंभीर आरोप ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव पर लगाए गए हैं ।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव ने मिली भगत करके अंबेडकर पार्क में निर्माण कार्य कराए बगैर ही फर्जी बिल वाउचर लगाकर जे. ई.एम. आई. के संरक्षण में कागजों पर कार्य पूर्ण दिखाकर (5,88, 000) निकालकर आपस में बंदर बांट कर लिया गया। सूत्र बताते हैं कि यह पहली घटना नहीं है इससे पहले भी मनरेगा के तहत कई कार्य केवल कागजों पर करवा कर सरकारी धन का बंदर बांट कर लिया गया था और मामला अखबरी सुर्खियां बना था जिसमें खंड विकास अधिकारी विजुआ द्वारा जांच के आदेश दिए जाने की बात प्रकाश में आई थी। लेकिन मामला लेनदेन कर सुलट लिए जाने की भी बात कही गई थी। इनके द्वारा किए गए भ्रष्टाचार ने सरकारी सिस्टम और पारदर्शिता के बड़े-बड़े दावों और वादों की पोल खोल कर रख दी है जानकार सूत्रों द्वारा दी गई साक्ष्यों समेत जानकारी के अनुसार ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव गोल्डी वर्मा ने आपस में साठगांठ करके फर्जीवाडा कर अंबेडकर पार्क के निर्माण को आई धनराशि से कागजों पर काम दिखाकर हजम कर लिए जाने के आरोप ग्रामीणों ने लगाए हैं।

ग्रामीणों का आरोप है की हकीकत की जमीन पर एक ईट भी नहीं लगवाई गई है हकीकत तो यह है कि पार्क वाले स्थान पर एक पत्थर तक विकास के नाम पर नहीं लगवाया गया। ऐसे कई कार्य हैं जिनके नाम पर सरकारी खजाने को जमकर चपत लगाई गई है ।और इसकी भनक खंड विकास अधिकारी विजुआ को नहीं लगी ।ग्रामीणों के अनुसार सरकारी बिल वाउचरों के अनुसार इसी तरह के अन्य कई मामलों को बड़े ही शातिराना अंदाज में अंजाम दिया गया है। पार्क के नाम आई कुल धनराशि 5 लाख 88000 की निकासी अलग-अलग तिथियां में की गई।

वाउचर संख्या 5 वित्तीय वर्ष 2025-26 दिनांक 25. 6. 2025 को बाउंड्री बाल निर्माण के नाम पर 3,29,578 रुपया निकल गए वही दिनांक 26 10 2026 को बाउंड्री वाल12 के ही नाम पर 1200112 हजार 93 रुपए के निकासी बिल वाउचर फिफ्थ एसएससी 2025 26 दिनांक 26 12 2025 मिट्टी पिटाई कर के नाम पर ?20450 निकल गया दिनांक 26 12 25 को पुणे पंचामृत आयोग वित्तीय वर्ष 2025 26 को पार्क में अन्य व्यक्ति के नाम पर 40573 रुपए पंचम राज्य वित्त से दिनांक 24 जून 2026 को वाउचर संख्या 34 को पार्क निर्माण के नाम पर 800240 रुपए की निकासी कर ली गई और पर का निर्माण कारगिलों पर पूर्ण दिखा दिया गया ऐसे आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाए गए हैं

सबसे मजेदार और चौंकाने वाली बात तो यह पैदा होती है कि काम हुआ नहीं और उक्त वाउचरों में बाउंड्री बाल और मिट्टी पिटाई कार्य पूर्ण दिखाया गया है ।जबकि धरातल पर एक रोड़ी तक मिट्टी नहीं डलवाई गई। बाउंड्री बाल निर्माण की बात तो दूर की है ग्रामीणों ने बताया की जो जमीन बाबा साहब के पार्क के लिए चिह्नित की गई है वहां पर कोई निर्माण कार्य नहीं कराया गया है ।महज फर्जीवाड़ा कर सरकारी धन गवन कर लिए जाने का मामला जोर पकड़ता जा रहा है।

**जांच की मांग तेज-**

ग्रामीणों ने मामले में ग्राम प्रधान से इस फर्जीवाड़ा और सरकारी धन गवन की जानकारी ली तो प्रधान द्वारा निर्माण को लेकर कोरा आश्वासन दिया जाता रहा और आज तक कोई भी निर्माण कार्य नहीं करवाया गया। ग्रामीणों ने मामले की जानकारी अमर भारती समाचार पत्र संवाददाता को दी है और अंबेडकर पार्क के नाम पर की गई धांधली की जांच कराए जाने की मांग की है ।और जांच में लगाए गए आरोपों की पुष्टि के बाद सरकारी धन की रिकवरी कराकर अंबेडकर पार्क का धरातल पर निर्माण कराये जाने की भी मांग की गई है।

यहां पर कई अहम सवाल खड़े होते हैं कि किसके संरक्षण में खेला गया फर्जीवाड़ा/भ्रष्टाचार का खेल? आखिर जे. ई. एम आई ने कैसे लगा दी कार्य पूर्ण रिपोर्ट? बगैर कार्य का भौतिक सत्यापन और स्थलीय निरीक्षण किए किस सक्षम अधिकारी के आदेश से निकाला गया भुगतान? यदि मामले का जिले के तेज तर्रार मुख्य विकास अधिकारी ले संज्ञान और कराए जांच टीम गठित कर जांच तो भ्रष्टाचार और फर्जीवाड़ा खुलकर आएगा सामने। अब देखना है कि उक्त मामले में क्या कार्रवाई की जाएगी?

## संक्षिप्त खबरें

### भटके युवक को औराई पुलिस ने सकुशल परिजनों से मिलाया




**भदोही।** थाना औराई क्षेत्र में भटके 21 वर्षीय युवक को पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने बाजार उगापुर में मिले मानसिक रूप से कमजोर युवक की पहचान लकी सिंह पुत्र हीरामणि सिंह निवासी अर्जुन पट्टी के रूप में की और परिजनों से संपर्क कर उसे सौंप दिया। पुलिस की इस सराहनीय कार्यवाही पर परिजनों ने आभार जताया।

### आईजीआरएस शिकायतों पर सख्त हुए डीएम, लापरवाही पर वेतन रोकने के निर्देश



**भदोही।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में जनसुनवाई पोर्टल (आईजीआरएस) पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुपस्थित रहने पर खान निरीक्षक और जल निगम के अधिशासी अभियंता का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतकर्ताओं से सीधे वार्ता कर निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिन ग्रामों से अधिक शिकायतें या असंतुष्ट फीडबैक मिल रहा है, वहां संबंधित अधिकारी स्वयं पहुंचकर समस्या का समाधान करें। डीएम ने स्पष्ट किया कि कोई भी प्रकरण डिफाल्टर श्रेणी में नहीं जाना चाहिए और विशेष रूप से जमीन से जुड़े मामलों को गंभीरता से लेकर उनका स्थायी समाधान किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेन्द्र मौर्य, एडीएम न्यायिक विजय नारायण सिंह, एसडीएम भान सिंह, जिला विकास अधिकारी ज्ञानप्रकाश, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संतोष कुमार चक सहित जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### बरेली में पारा 40 डिग्री पार, घर से बाहर निकलना मुश्किल, अगले पांच दिन लू का अलर्ट जारी



**» बरेली में अधिकतम तापमान 40.7 डिग्री सेल्सियस पहुंचा।**

**» अगले 4-5 दिनों तक 'लू' चलने की संभावना।**

**» दोपहर में बाहर निकलने से बचें, तरल पदार्थ पिएं।**

**बरेली।** जिले में मौसम का रुख एकदम बदल चुका है, दोपहर में सूरज की तपिश तेज महसूस होने लगी है। अधिकतम तापमान 40.7 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा है, जो सामान्य से तीन डिग्री अधिक है। वहीं, रात के तापमान में भी वृद्धि दर्ज की गई है। न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री बढ़कर 22.6 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। दिन के साथ-साथ अब रातें भी गर्म होने लगी हैं, जिससे लोगों को चौबीसों घंटे गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। दोपहर के समय चिलचिलाती धूप और गर्म हवाओं के कारण सड़कों पर आवाजाही कम हो गई है। जरूरी काम से बाहर निकलने वाले लोग सिर ढंककर और पानी की बोतल साथ लेकर ही बाहर निकल रहे हैं। बाजारों में भी दोपहर के वक्त सन्नाटा देखा जा रहा है। मौसम विभाग और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने सलाह दी है कि लोग दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे के बीच घर से बाहर निकलने से बचें। तरल पदार्थों का सेवन बढ़ाएं और हल्के सूती कपड़े पहनें ताकि हीट स्ट्रोक से बचा जा सके।

**प्रतिचक्रवात के कारण बढ़ रहा तापमान**

एकीकृत मौसम पूर्वानुमान केंद्र के प्रभारी अतुल कुमार सिंह के अनुसार, निचले क्षोभ मंडल में आने वाली शुष्क पछुआ हवाओं और महाराष्ट्र के पास बने प्रतिचक्रवात के कारण तापमान में यह बढ़ोतरी देखी जा रही है। चार से पांच दिनों के दौरान बरेली सहित प्रदेश के कई हिस्सों में 'लू' चलने की प्रबल संभावना है।

# जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने टीबी मरीजों को वितरित किया पोषण पोटली

**● जनपद को टीवी मुक्त बनाने पर दिया जोर**

**जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सीएल वर्मा ने अब स्वयं संभाला टीबी मरीजों के गोद कार्यक्रम की जिम्मेदारी**




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मीरजपुर।** जिले को टीबी मुक्त बनाने के क्रम में शासन स्तर से जॉच व इलाज की सुविधा निःशुल्क प्रदान करने की प्रक्रिया जारी है किंतु इलाज पर चल रहे मरीजों को पोषण पोटली भेंट करते हुए गोद लेने के संख्या बल जिले में कम होने की स्थिति में अब स्वयं मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा मरीज हित में कमान संभालते हुए रेड क्रॉस सोसाइटी से विशेष पहलकर जिले के समस्त ब्लॉकों हेतु कुल प्राप्त 501 टीबी मरीजों को पोषण पोटली उपलब्ध कराने के सराहनीय कार्य का शुभारंभ जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार व मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार के हाथों से नगर के 51 टीबी मरीजों को पोषण पोटली भेंट कराकर किया गया। जिलाधिकारी द्वारा अपने संबोधन में स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया कि आप सभी अपने-अपने क्षेत्र में टीवी के प्रति लोगों को जागरूक करें साथ ही टीबी मरीजों को नियमित दवा सेवन करने के लाभ के विषय में बताते हुए जनपद को टीवी फ्री बनाने में अपना योगदान दें, उन्होंने रेड क्रॉस सोसाइटी के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि मरीज के हित में यह पहल एक सराहनी और मददगार पहल है ऐसे नेक कार्यों में सम्मानित एवं सक्षम लोगों को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की आवश्यकता है जिससे कि हमारा जनपद टीबी मुक्त हो सके। वहीं मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि टीबी मरीजों के लिए रेड क्रॉस सोसाइटी से उपलब्ध पोषण पोटली का शीघ्र वितरण करने हेतु जिले के सभी एमओआइसी को आदेशशित किया जा चुका है। रेड क्रॉस सोसाइटी के जिला अध्यक्ष आषुतोष दुबे द्वारा जिले को टीबी मुक्त बनाने हेतु कहा कि मेरी समिति द्वारा आगामी समय में भी ऐसे सहयोग दिए जाते रहेंगे। उपरोक्त आयोजित कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, एसीएमओ वीरेंद्र कुमार चैधरी, डॉ मुकेश प्रसाद, डॉ अनिल ओझा, डॉ गौतम डॉक्टर राकेश पटेल, डॉ आनंद यादव, डाक्टर डॉ आनंद, डॉ अवधेश, डॉ नवनीत, डीपीएम अजय कुमार सिंह, आदि उपस्थित रहे।

## बड़े धूमधाम से मनाई गई भगवान परशुराम की जयंती




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सीखड़,** भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव सर्व ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में नव चेतना वैदिक संस्थान सीखड़ में भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव सांय काल 7:00 बजे बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं भगवान श्री परशुराम को पुष्पांजलि अर्पित करके शुरू किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित कमलाकांत उपाध्याय ने किया। संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ गणेश शास्त्री ने परशुराम के जीवन के बारे में प्रकाश डाला। संस्था के उपाध्यक्ष पंडित कृष्णानंद चौबे ने कहा कि ब्राह्मणों को एक होकर देश और समाज का विकास करना है और देश में हो रही कुरीतियों को दूर करना है ।मुख्य अतिथि डा.विजय कुमार शुक्ला ने सभी विप्र बंधुओं को परशुराम जयंती की बधाई दी। राजेश कुमार मिश्र ज्योति ने परशुराम चालीसा का गायन किया ।नव चेतना फाऊंडेशन के सीईओ सौरभ कुमार पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

युवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अरुण कुमार उपाध्याय ने पूरे ब्राह्मण समाज को एकजुट होने का आह्वान किया। संस्था के युवा मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष स्नेहा द्विवेदी एवं सुनील कुमार उपाध्याय ने कार्यक्रम का संचालन किया। राष्ट्रीय कार्य समिति के सदस्य जनार्दन तिवारी जी ने मीरजापुर में संगठन को मजबूत बनाने की आह्वान किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित कमलाकांत उपाध्याय ने भगवान श्री परशुराम के बारे में विस्तृत चर्चा की एवं संगठन के बारे में बताया । कार्यक्रम में महेंद्र त्रिपाठी, शुभम पांडेय कैलाश नाथ पांडेय मुकेश पाठक, अमन मिश्रा, कृष्णकांत मिश्रा, अखिलेश त्रिपाठी जयप्रकाश उपाध्याय, रजनीकांत पांडेय,चंद्र मौली पांडेय, रामू मिश्रा, रामनिवास मिश्रा, सन्तोष पाठक, गणेश पांडेय,महेश पांडेय, नारायण पांडेय, रिक्कू पांडेय, सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## जिम्नास्टिक में भदोही पुलिस अव्वल, कबड्डी में उपविजेता



**भदोही।** रिजर्व पुलिस लाइन गाजीपुर में 15 से 17 अप्रैल तक आयोजित 31वीं अंतरजनपदीय वाराणसी जोन खेल प्रतियोगिता में भदोही पुलिस ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। टीम ने जिम्नास्टिक में प्रथम स्थान हासिल कर चलवैजंती अपने नाम की, जबकि कबड्डी प्रतियोगिता में उपविजेता रही। जिम्नास्टिक में शानदार प्रदर्शन करने वालों में मु0आ0 राजा यादव, रामलखन, उपेंद्र यादव तथा का0 राजीत यादव, रोहित कुमार गौड़ और अरविंद कुमार शामिल रहे। वहीं कबड्डी टीम में उपेंद्र यादव, लल्लन यादव, नुमानरजा सिद्दकी, प्रमोद तिवारी, दीपक यादव, ओमप्रकाश यादव, सुनील सिंह यादव समेत अन्य खिलाड़ियों ने दमदार खेल दिखाया। इस उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने सभी खिलाड़ियों को पुलिस कार्यालय में शील्ड देकर सम्मानित किया और उनका उत्साहवर्धन किया।

## लखीमपुर खीरी को मिला नया नेतृत्व, प्रशासनिक बदलाव से बढ़ीं उम्मीदें

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी।** जनपद में प्रशासनिक स्तर पर बड़ा बदलाव करते हुए शासन ने वर्ष 2014 बैच के आईएएस अधिकारी अंजनी कुमार सिंह को नया जिलाधिकारी (डीएम) नियुक्त किया है। वहीं वरिष्ठ आईएएस अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल को देवीपाटन मंडल का मंडलायुक्त बनाया गया है।

इस फेरबदल को प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी, सक्रिय और जवाबदेह बनाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। नए डीएम अंजनी कुमार सिंह के कार्यभार संभालने से जिले में विकास कार्यों को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। साथ ही कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने, सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान पर विशेष फोकस रहने की संभावना है। माना जा रहा है कि वे जमीनी स्तर पर कार्यों की समीक्षा कर पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करेंगे।

उधर, देवीपाटन मंडल की नई मंडलायुक्त बनीं दुर्गा शक्ति नागपाल अपने सख्त और प्रभावी प्रशासनिक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। उनके नेतृत्व में मंडल स्तर पर विकास योजनाओं की निगरानी मजबूत होने और जिलों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होने की उम्मीद है। कानून-व्यवस्था, राजस्व कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में उनकी भूमिका अहम मानी जा रही है। इस प्रशासनिक बदलाव को लेकर आम जनता और जनप्रतिनिधियों में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। लोगों को उम्मीद है कि नए नेतृत्व में लंबित विकास परियोजनाओं को गति मिलेगी और प्रशासनिक व्यवस्था अधिक चुस्त-दुरुस्त होगी। कुल मिलाकर, यह फैसला लखीमपुर खीरी और देवीपाटन मंडल में बेहतर शासन, पारदर्शिता और विकास के नए आयाम स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# होटल बुक था, शिकार तैयार था... लेकिन ठगी से पहले ही सलाखों के पीछे पहुँचा 'चीन कनेक्शन' वाला गैंग

**● साइबर गिरोह के सदस्यों के पास से मिले 22 खाते, अधिकतर केरला और कर्नाटक में सक्रिय**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बरेली।** कैंट पुलिस ने जिस साइबर ठग गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया वह बरेली में बैठकर एक और बड़ी ठगी करने वाले थे। इस ठगी को अंजाम देने के लिए गिरोह का सरगना सुमित लखनऊ से शनिवार शाम को ही बरेली आ रहा था। उसके रुकने के लिए होटल में कमरा बुक हो चुका था। सभी तैयारियां पूरी थीं। बस किसी व्यक्ति को अपने जाल में फंसाना बाकी था।

ठगी की जो भी रकम होती उसे वह डाक्टर सचेंद्र के खाते में भेजते और उसके खाते से 22 बेनिफिसरी खातों में ट्रांसफर कर दी जाती जो साउथ से आपरेट किए जाते हैं। इससे पहले ही पुलिस ने गिरोह को पकड़ लिया। कैंट पुलिस ने शनिवार को फरीदपुर के बक्सरिया मुहल्ला निवासी शाकिब अली, भमौरा के बलिया निवासी राजकुमार, करगैना के जागृति नगर निवासी आशीष, अंबेडकर नगर के सिधोली निवासी डा. सचेंद्र और बाराबंकी निवासी बब्लू उर्फ माधोराम को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपितों को जेल भेज दिया। अभी तक की जांच में सामने आया कि आरोपित साइबर ठगी की घटना को अंजाम देते थे। पुलिस को आरोपितों के पास से डाक्टर के नाम एसआर संस एंड ग्रुप्स ट्रस्ट का खाता मिला। उसकी जांच की गई तो उससे लिंक 22 अन्य खाते सामने आए। यह सभी खाते करेला, कर्नाटक आदि से संचालित हो रहे थे।

ट्रस्ट के खाते में ठगी का जो भी रुपया आता उसे तत्काल इन्ही 22 खातों में ट्रांसफर कर दिया जाता। जिससे यदि डाक्टर के ट्रस्ट के खाते को फ्रीज भी किया जाए तो उनका रुपया तब तक ट्रांसफर हो चुका हो। इन 22 खातों के विरुद्ध एनसीपीसीआर पोर्टल पर 554 शिकायतें दर्ज थीं। पुलिस ने अब इन सभी खातों की जानकारी के लिए गृह मंत्रालय को रिपोर्ट भेज दी है। पुलिस की जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि, यह गिरोह यहां पर इसलिए एकत्र हुआ था क्योंकि यह बरेली में बैठकर एक नई ठगी की घटना को अंजाम देने वाले थे। मूल रूप से नवाबगंज निवासी (वर्तमान में लखनऊ निवासी) सुमित जो लोगों को अपने जाल में फंसाकर ठगी करता था वह बरेली आ चुका था। इसके लिए गिरोह के सदस्यों ने होटल में रुकने की पूरी व्यवस्था की थी। शनिवार की रात यह किसी न किसी व्यक्ति को ठगी का शिकार बनाता और डाक्टर के ट्रस्ट के खाते में रुपये मंगाकर 22 बेनिफिसिरी खातों में ट्रांसफर कर फरार हो जाता। पुलिस अब डाक्टर के ट्रस्ट के खाते की भी जानकारी जुटा रही है।

**चाइना व अन्य देशों को क्रिप्टो करेंसी में भेजा जाता था रुपया**

पुलिस ने जब गिरोह के सदस्यों से पूछताछ की और पूछा कि उनका क्या प्राफिट होता है तो गिरोह के सदस्यों ने बताया कि उन्हें जो भी प्राफिट मिलता है वह क्रिप्टो करेंसी में मिलता है। ठगी का जो रुपया इन 22 खातों में जाता है उनसे कैश निकालकर उन्हें क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से ही देश से बाहर विदेशों में भेजा जाता है। पुलिस का कहना है कि इन 22 खातों की जानकारी के बाद अभी और भी चीजें स्पष्ट होंगी। बाकी गिरोह के मुख्य सरगना सुमित और उसके भांजे निर्मल की तलाश में दो टीम लगी हैं। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## पानी टंकी सीखड़ का एडीएम नमामि गंगे ने किया निरीक्षण



**सीखड़ मीरजापुर।** विकास खण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत सीखड़ में जल जीवन मिशन योजना के तहत बने पानी के टंकी का एडीएम नमामि गंगे विजेता ने सोमवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने अधिकारियों की घोर लापरवाही बताई। उनके निरीक्षण के दौरान कई खामियां मिलीं विभाग के अधिकारियों के उदासीनता से अभी तक विद्यालयो में पानी की सप्लाई नहीं की गई। घटिया पाइप लाइन बिछाने से आयें दिन पानी लीकेज की समस्या बनी रहती है।कई बस्तियों में अब भी नहीं पहुंचा है पानी जिसका उन्होंने ने स्थलीय निरीक्षण कर विभागीय अधिकारियों को समस्या को जल्द से जल्द समाधान कर सभी ग्राम पंचायतों और सरकारी विद्यालयों पंचायत भवनों में पानी की सप्लाई देने की दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के समय साथ में टी पी आई अधिकारी शोभीत मिश्रा,जल? निगम अभियंता श्याम बचन ,पी एम सी मनोज राय, प्रभारी एडीओ पंचायत अर्चना सिंह ग्राम पंचायत सचिव उमेश यादव, प्रधान प्रतिनिधि चंद्रबली यादव, सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीण जनता उपस्थित रहे।

## नैनो उर्वरकों पर आधारित कृषक गोष्ठी एवं मृदा परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही** जनपद भदोही में विकास खंड डीघ के ग्रामपंचायत छतमी में इफको नैनो उर्वरकों पर आधारित कृषक गोष्ठी एवं मृदा परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इफको डेलीगेट भदोही राजेंद्र कुमार सिंह थे। क्षेत्र अधिकारी, इफको, विमल कुमार जायसवाल द्वारा मृदा परीक्षण के महत्व के बारे में चर्चा की गई एवं किसानो को खेत से मिट्टी का नमूना लेने की वैज्ञानिक विधि के बारे में बताया गया।

किसानो को फसलों के लिए आवश्यक पोषक तत्वों के बारे में जानकारी दी गई। किसानो को नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया प्लस, नैनो जिंक ,नैनो कॉपर के प्रयोग विधि एवं लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। नैनो डीएपी के 5 मिलीलीटर प्रति किलोग्राम की दर से बीज शोधन एवं 5 मिलीलीटर प्रति लीटर के दर से जड़ शोधन करने के बाद आधा घंटा सुखाए उसके बाद बुवाई/रोपाई कर दे एवं जब फसल में पत्तियां आ जाए तो नैनो यूरिया प्लस या नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया प्लस का एक साथ 4 मिलीलीटर/लीटर के दर से पानी में घोल बनाकर छिड़काव करे। नैनो डीएपी के प्रयोग से बीजों का जमाव अच्छा होने के साथ साथ जड़ो का विकास भी अच्छा होता है।

किसानो को सागरिका, लिक्विड कंसोर्टिया,जल विलय उर्वरक एवं नवीनतम उत्पाद धरामृत, न्यूट्राक्स के बारे में भी जानकारी दी गई। इफको डेलीगेट द्वारा कृषकों को संतुलित मात्रा में उर्वरक उपयोग के साथ नैनो तकनीक पर आधारित नैनो यूरिया प्लस, नैनो डीएपी एवं नैनो जिंक के प्रयोग के लिए प्रोत्साहित किया गया एवं दानेदार उर्वरकों पर भारत सरकार द्वारा दी जा रही भारी भरकम सब्सिडी से भी अवगत कराया गया कार्यक्रम में प्राविधिक सहायक राकेश सिंह, एसएफए हॉटस्पॉट विकास यादव, प्रगतिशील किसान अमरेश चंद्र पाण्डेय सहित 60 से अधिक किसानो ने प्रतिभाग किया।

# भदोही की बेटियों ने रचा इतिहास, अब राज्य शतरंज चैम्पियनशिप में दिखाएंगी दम

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**भदोही।** जनपद भदोही की बेसिक शिक्षा विभाग की छात्राओं ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। कम्पोजिट स्कूल धनापुर (ज्ञानपुर) की छात्राओं की टीम ने कजाकिस्तान के अल्माटी में आयोजित वर्ल्ड स्कूल टीम चैम्पियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व कर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। अब यह टीम 22 अप्रैल से सीतापुर में आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश राज्य शतरंज चैम्पियनशिप में प्रतिभाग करेगी।

टीम में वंशिका मौर्य, सुनैना, आराधना कुमारी और काजल शामिल हैं। ग्रामीण परिवेश से आने वाली इन छात्राओं ने सीमित संसाधनों के बावजूद अपने अनुशासन और कड़ी मेहनत से बड़ी उपलब्धि हासिल की। अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में टीम ने 8 राउंड मुकाबले खेले और 8 देशों की टीमों के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन किया। उज़्बेकिस्तान और सिंगापुर जैसी मजबूत टीमों को ड्रॉ पर रोककर छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता से लौटने पर गांव में छात्राओं का भव्य स्वागत किया गया। ग्रामीणों, अभिभावकों और शिक्षकों ने उनका उत्साहवर्धन करते हुए सम्मानित किया। इस उपलब्धि से पूरे जनपद में गर्व का माहौल है।

इसी क्रम में जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने छात्राओं से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया और शतरंज घड़ी भेंट की। उन्होंने बच्चियों को निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि इन बेटियों ने भदोही और बेसिक शिक्षा विभाग को नई पहचान दिलाई है। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवम पांडेय भी उपस्थित रहे। अब सभी की नजरें सीतापुर में होने वाली राज्य शतरंज चैम्पियनशिप पर टिकी हैं, जहां ये बेटियां एक बार फिर अपनी प्रतिभा का परचम लहराने को तैयार हैं।

## भदोही में जनगणना-2027 प्रशिक्षण का शुभारंभ, डिजिटल तरीके से होगी गणना

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही।** जनगणना-2027 के तहत जनपद में प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी/प्रमुख जनगणना अधिकारी शैलेष कुमार ने सेंट थॉमस स्कूल, ज्ञानपुर में फीता काटकर किया। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे फील्ड ट्रेनर्स को निर्देश दिया कि किसी भी विषय में पूरी समझ होने तक प्रश्न पूछें, ताकि कार्य त्रुटिहीन ढंग से संपन्न हो सके। जिलाधिकारी ने बताया कि इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से होगी, जिसमें मोबाइल ऐप के जरिए रियल-टाइम डेटा सर्वर पर उपलब्ध रहेगा। साथ ही पहली बार नागरिकों को स्वगणना का अवसर भी दिया गया है, जिसके तहत 7 मई से 21 मई तक पोर्टल के माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज की जा सकेगी।

प्रशिक्षण के दौरान फील्ड ट्रेनर्स को मकान सूचीकरण, नजरी नक्शा तैयार करने, हाउस लिस्टिंग ब्लॉक में भौतिक



सत्यापन और परिवार से जुड़े 33 बिंदुओं की जानकारी एकत्र करने का विस्तृत प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जनगणना का प्रथम चरण 22 मई से 20 जून तक संचालित होगा। जनपद में यह प्रशिक्षण अभियान तीन चरणों में 11 स्थलों पर आयोजित किया जा रहा है, जहां मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दो बैचों में फील्ड ट्रेनर्स को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि/रा) कुंवर वीरेन्द्र मौर्य, उप जिलाधिकारी भान सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवम पांडेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### फिरोजाबाद: सुहागरात से पहले दुल्हन ने छत से कूदकर भागने का किया प्रयास, पति ने लगाए ठगी के आरोप

**फिरोजाबाद।** शादी के दो दिन बाद दुल्हन ने रात में छत से कूद कर भागने के प्रयास में गंभीर रूप से घायल हो गई। चीख पुकार सुन कर मुहल्ले और घर के लोग बाहर आ गए। रामगढ़ घायल दुल्हन को सरकारी ट्रामा सेंटर ले गई। वहीं पति ने रामगढ़ थाने में तहरीर देकर साजिश के तहत शादी करा कर 1.08 लाख रुपये की ठगी का आरोप कुछ लोगों पर लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रामगढ़ के सरजीवन नगर निवासी रामगोपाल का आरोप है कि उसकी मुलाकात सिरसागंज में कौरारा निवासी यादराम नामक व्यक्ति से हुई थी। उसने राजू नाम-पता अज्ञात से उसकी बात कराई। इसके बाद दोनों ने एक युवती से उसकी शादी कराने की बात कही। बातचीत के बाद 16 अप्रैल की शाम सात बजे पीड़ित के घर पर रिश्तेदारों की उपस्थिति में रीति-रिवाज के अनुसार शादी हुई। शादी के बाद आरोपित 1.08 लाख रुपये लेकर चले गए। रामगोपाल का आरोप है कि शादी के दो दिन बाद ही 18 अप्रैल की सुबह चार बजे दुल्हन घर की छत से कूदकर भागने की कोशिश में गिरकर घायल हो गई।

## बरेली में बेसमेंट की मनमानी खोदाई से भवनों में आई दरार, बीडीए ने दिखाई सख्ती, कैंसिल किया नक्शा

**» बेसमेंट खोदाई से आसपास के भवनों में दरारें आईं।**

**» बीडीए ने मनमानी खोदाई के कारण मानचित्र निरस्त किया।**

**» निर्माणकर्ता के खिलाफ विधिक कार्रवाई की मांग की गई।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बरेली।** शहर के चौपुला रोड पर शुक्रवार को व्यवसायिक भवन के बेसमेंट की खोदाई के दौरान आसपास के भवनों झुकने का क्रम रविवार को भी जारी रहा। इसको लेकर अभियंताओं के निगरानी में भवन को गिरने से बचाने के लिए सपोर्टिंग वाल का कार्य जारी रहा। उधर, बीडीए ने भवन के चालान के बाद अब मानचित्र निरस्त (कैंसिल) कर दिया। इसके लिए भवन के लिए मनमानी ढंग से की गई खोदाई, सेटबैक का दो मीटर का हिस्सा नहीं छोड़ना और सुरक्षात्मक प्रबंध में कमी समेत कई अन्य बिंदुओं को आधार बनाया गया है। पीड़ित भवन स्वामी विमलेश कुमारी ने निर्माणकर्ता वेद प्रकाश अग्रवाल के विरुद्ध विधिक कार्रवाई को कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है। कहा कि, वेदप्रकाश अग्रवाल द्वारा 600 वर्गमीटर में व्यवसायिक भवन के गुरुवार रात्रि में बेसमेंट की खोदाई की गई इससे शुक्रवार को उनके तीन मंजिला भवन में दरारें आ गई, जो लगातार बढ़ता ही जा रहा।कहा कि आपत्ति के बाद भी निर्माणकर्ता मौन रहे और कार्य जारी रखा। पूरे प्रकरण में विधिक कार्रवाई की मांग की है। इन सबके बीच, बीडीए ने भी घटना के बाद तत्काल निर्माण पर लगी रोक की कार्रवाई को आगे बढ़ाते हुए वेद प्रकाश के तीन मंजिला व्यवसायिक भवन के नक्शा को कैंसिल कर दिया है। बीडीए के संयुक्त सचिव दीपक कुमार ने बताया कि शुक्रवार को घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल नगर योजना एवं विकास अधिनियम-1973 की धारा-27 के तहत अग्रिम आदेश तक भवन निर्माण पर रोक लगा दिया था, जिसके क्रम में कार्रवाई को आगे बढ़ाते हुए मानचित्र को निरस्त कर दिया गया है।

संपत्ति की हानि पर बीएनएस में कार्रवाई का प्रविधान

जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता गिरिवर सिंह कन्नौजिया ने चौपुला चौराहे के पास बेसमेंट



की खोदाई से आसपास के भवनों को पहुंचे क्षति पर प्रतिक्रिया व्यक्त किया। कहा कि, इस तरह की गतिविधि पर अपराधिक केस बनता है। ऐसे प्रकरण में बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) -2023 की धारा-324 (4) या 324 (3) के तहत निर्माणकर्ता के विरुद्ध विधिक कार्रवाई हो सकती है। बेसमेंट का निर्माण अलग-अलग पार्ट में होता है। सेटबैक नहीं छोड़ने पर तत्काल नक्शा कैंसिल हो जाना चाहिए था। निर्माण के समय सुरक्षात्मक प्रबंध किया गया है या नहीं, इसकी देखरेख की जिम्मेदारी बीडीए के अभियंताओं की है। नक्शा पास कर देना इतिश्री नहीं है। इस निर्माण की मानटिरिंग करना भी दायित्व है कि स्वीकृत नक्शे के अनुरुप कार्य हो रहा या नहीं।

# संक्षिप्त खबरें

## घूरपुर में ईंट-भट्ठा मालिक पर फायरिंग, जमीनी विवाद में चचेरे भाइयों पर आरोप; दो हिरासत में




**घूरपुर। प्रयागराज।** घूरपुर थाना क्षेत्र में रविवार देर रात जमीनी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। अमिलिया गांव के पास ईंट-भट्ठा मालिक लाल बहादुर उर्फ गपोली पटेल (44) पर अज्ञात हमलावरों ने फायरिंग कर दी, जिसमें वह घायल हो गए। घटना के बाद उन्हें तत्काल स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस के अनुसार, यह वारदात रविवार रात लगभग 10 से 10:30 बजे के बीच उस समय हुई जब गपोली पटेल अपने बंधवा बसवार गांव स्थित ईंट-भट्ठे पर गए थे। इसी दौरान बाइक सवार दो युवक वहां पहुंचे और उनके साथ गाली-गलौज करने लगे। विवाद बढ़ने पर आरोप है कि युवकों ने तमंचे से फायर कर दिया। गोली उनके कान के पास से छूते हुए निकल गई, जिससे वह घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही घूरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में मामला पारिवारिक जमीनी विवाद से जुड़ा पाया गया है। पुलिस ने इस मामले में गपोली के चचेरे भाइयों रमाशंकर और राजेश को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। डीसीपी यमुनानगर विवेक चंद्र यादव ने बताया कि लाल बहादुर पटेल का अपने चचेरे भाइयों के साथ जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। हाल ही में गपोली ने करोड़ों रुपये में करीब चार बीघा जमीन बेची थी, जिसके बाद विवाद और गहरा गया। पुलिस इसी एंगल से मामले की जांच कर रही है।

## रीवा हाईवे पर भीषण सड़क हादसा, ट्रक की टक्कर से ट्रेलर घर में घुसी




**घूरपुर प्रयागराज।** घूरपुर थाना क्षेत्र में रीवा हाईवे पर सोमवार दोपहर को एक भीषण सड़क हादसा सामने आया, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। घटना ग्लास फैक्ट्री के पास की बताई जा रही है, जहां तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे खड़ी एक ट्रेलर में जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रेलर अनियंत्रित होकर पास स्थित एक मकान में जा घुसी। हादसे के बाद आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में जुट गए। बताया जा रहा है कि हादसे के समय घर के भीतर लोग मौजूद थे, हालांकि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार किसी के हताहत होने की पुष्टि नहीं हुई है। फिर भी मकान को काफी नुकसान पहुंचा है और आसपास खड़े अन्य वाहनों को भी क्षति पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलते ही घूरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करते हुए जांच शुरू कर दी। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाने के साथ ही यातायात को सुचारु कराने का प्रयास किया।

## मंगल कलश यात्रा को लेकर पुलिस अलर्ट, डीसीपी नगर ने किया रूट निरीक्षण



**प्रयागराज।** नगर जोन में आयोजित होने वाली 'मंगल कलश यात्रा' को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में पुलिस उपायुक्त नगर ने सोमवार को भारी पुलिस बल के साथ यात्रा के निर्धारित मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीसीपी नगर ने यात्रा मार्ग पर पड़ने वाले प्रमुख चौराहों, संवेदनशील स्थानों एवं भीड़भाड़ वाले इलाकों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि यात्रा के दौरान शांति व्यवस्था हर हाल में बनाए रखी जाए तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अफवाह पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही कानून व्यवस्था के साथ-साथ यातायात प्रबंधन को भी प्राथमिकता दी गई। डीसीपी ने यातायात पुलिस को स्पष्ट निर्देश दिए कि यात्रा के दौरान डायवर्जन प्लान का सख्ती से पालन कराया जाए, जिससे आमजन को कम से कम असुविधा हो और जाम की स्थिति उत्पन्न न हो।

# SRN हॉस्पिटल के पीजी सेंटर में लगी आग, फायर ब्रिगेड की तत्परता से बड़ा हादसा टला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रयागराज।** शहर के प्रमुख सरकारी अस्पतालों में शामिल SRN हॉस्पिटल के पीजी सेंटर में सोमवार को अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। अस्पताल परिसर में धुआं उठता देख वहां मौजूद मरीजों, तीमारदारों और अस्पताल कर्मियों में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। राहत की बात यह रही कि समय रहते आग बुझा ली गई, जिससे कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ और जान-माल का नुकसान टल गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोपहर के समय पीजी सेंटर की एक यूनिट से अचानक धुआं उठने लगा, जिसके बाद अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया। आग तेजी से फैल सकती थी, लेकिन फायर ब्रिगेड की टीम ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित कर लिया। आग लगने के दौरान अस्पताल के भीतर मौजूद मरीजों और कर्मचारियों को एहतियातन सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया।

प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। अस्पताल प्रशासन ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं और फायर सेफ्टी उपकरणों की समीक्षा शुरू कर दी गई है। इस घटना ने एक बार फिर सरकारी संस्थानों में फायर सेफ्टी इंतजामों की पोल खोल दी है। अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थान पर आग लगना गंभीर चिंता का विषय है, क्योंकि यहां बड़ी संख्या में मरीज, तीमारदार और चिकित्सा कर्मी मौजूद रहते हैं। यदि समय रहते आग पर काबू न पाया जाता तो स्थिति भयावह हो सकती थी।

# सुभाष चौराहे पर थार से स्टंट पड़ा भारी, पुलिस ने घर से गाड़ी उठाकर की सीज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** शहर के व्यस्ततम इलाकों में शामिल सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के सुभाष चौराहे पर सड़क को स्टंट का मैदान बनाने की कोशिश एक युवक को महंगी पड़ गई। थार गाड़ी से खतरनाक स्टंट का वीडियो सामने आते ही पुलिस हरकत में आई और तत्काल सख्त कार्रवाई करते हुए वाहन को सीज कर दिया।

जानकारी के अनुसार, युवक द्वारा सुभाष चौराहे पर तेज रफ्तार में थार दौड़ाते हुए खतरनाक स्टंट किए जा रहे थे। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ, जिसके बाद मामला पुलिस अधिकारियों के संज्ञान में पहुंचा। पुलिस कमिश्नर के निर्देश मिलते ही सिविल लाइंस थाना पुलिस ने बिना देरी किए कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस टीम सीधे आरोपी के घर पहुंची और वहां खड़ी थार गाड़ी को कब्जे में लेकर थाने ले आई। वाहन को सीज करते हुए आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान राज शेखर मिश्रा के रूप में हुई है, जो आनंद हॉस्पिटल के पीछे क्षेत्र का निवासी बताया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि सार्वजनिक स्थानों पर इस तरह के स्टंट से आमजन की जान को खतरा होता है, जिसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर में सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। स्टंटबाजी या लापरवाही से वाहन चलाने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## आलोक कुमार बाजपेई उत्तर मध्य रेलवे के पैनल अधिवक्ता मनोनीत



**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय के अधिवक्ता आलोक कुमार बाजपेई को उत्तर मध्य रेलवे के जिला अधीनस्थ न्यायालय में पैनल अधिवक्ता में नियुक्त किया गया है। आलोक बाजपेई रेलवे के मुकदमों की रेलवे विभाग की पैरवी करेंगे। आलोक कुमार वरिष्ठ पत्रकार डा.कृपा शंकर बाजपेई निवासी 1/11 गायत्री नगर सलोरी प्रयागराज के सुपुत्र है जो इलाहाबाद के प्रमुख वरिष्ठ पत्रकार हैं। इनकी नियुक्ति उप महा प्रबंधक टेक्निकल उत्तर मध्य रेलवे द्वारा की गई हैं।इनकी नियुक्ति से पत्रकारों ने खुशी जाहिर की है।

# दिव्यता के साथ निकली हनुमंत कथा मंगल कलश यात्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी, प्रयागराज।** प्रयाग उत्थान समिति के द्वारा बाबा बागेश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी की हनुमंत कथा मंगल कलश यात्रा भव्यता के साथ निकाली गई।मगंल कलश यात्रा का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य संयोजक एवं समिति के अध्यक्ष डा उदय प्रताप सिंह ने हनुमान जी की आरती और रामायण सीरियल के किरदार निभाने वाले राम सासंद अरूण गोविल,सीता दीपिका और लक्ष्मण सुनील लहरी जी का अभिनन्दन के साथ किया गया इस अवसर पर सांसद अरुण गोविल राम ने सभी का अभिवादन करते हुए कहा कि जिन पर हनुमंत लाल की कृपा हो जाती है उन पर प्रभु सिया राम की कृपा हो जाती है।

दीपिका चिकिलिया सीता और लक्ष्मण सुनील लहरी ने प्रयाग उत्थान के द्वारा आयोजित बाबा बागेश्वर धाम पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी की राष्ट्र हनुमंत कथा के भव्य आयोजन के लिए बधाई दी। इस अवसर पर हजारों की संख्या में महिलाएं पीत वस्त्र धारण कर जगत कल्याण के लिए कलश उठाया। यात्रा मार्ग में सामाजिक धार्मिक संगठन के कार्यकर्ताओं ने एवं व्यापारिक संगठनों के व्यापारियों ने मंगल कलश यात्रा का स्वागत किया और पुष्प वर्षा करते हुए हनुमान जी महाराज और रामायण सीरियल के राम सीता लक्ष्मण की आरती की।समिति के उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि मंगल कलश यात्रा में सतरंगी छंटा में दिव्य हनुमान जी की झांकी, पुणे का धमाल, मृदंग, मेरठ का बैंड बाजा, 11 घोड़े पर सवार घुड़सवार, हनुमान जी गणेश जी एवं दर्जनों शानदार झांकियां थी।

मंगल कलश यात्रा का स्वागत किया और समिति के अध्यक्ष डॉ उदय प्रताप सिंह आए हुए सभी महिलाओं का और भक्तों का के प्रति आभार व्यक्त किया इस अवसर यात्रा का संचालन करते हुए महामंत्री अभिषेक ठाकुर ने बताया कि 21 अप्रैल को दोपहर 3 बजे अरैल माघ मेला क्षेत्र में बाबा बागेश्वर धाम पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी की हनुमंत कथा का शुभारंभ किया जाएगा।मंगल कलश यात्रा की अगुवाई धीरेंद्र प्रताप सिंह, विनय प्रताप सिंह, राजेश केसरवानी शिवम अग्रहरी, रोशनी अग्रवाल, बबलू पांडे, गोपाल जी केसरवानी, प्रवीण केसरवानी, आलोक केसरवानी, शत्रुघ्न जायसवाल, अभिलाष केसरवानी, पार्षद रूद्रसेन जायसवाल, राकेश जायसवाल, निखिल पांडे, गगन दास गुप्ता, दुर्गा प्रसाद गुप्ता, सुमित केसरवानी अन्नू ने किया इस अवसर पर प्रयाग उत्थान समिति एवं अन्य सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता और हजारों की संख्या में भक्त गण शामिल हुए।

## एसिड हमले की सजा के खिलाफ 41 वर्ष बाद इलाहाबाद एच सी में अपील खारिज, सेशन कोर्ट के फैसला बरकरार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने आगरा के कटरा गडरियान में तीन लोगों पर एसिड फेंकने के आरोपी राजेंद्र को सत्र अदालत से सुनाई गई सात साल कैद की सजा को सही माना। कहा कि सजा उचित है, जिसमें हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष संदेह से परे अपराध साबित करने में सफल रहा। तीनों चश्मदीद घायलों के बयान व अन्य साक्ष्य दोष साबित करने के लिए पर्याप्त है।

**सत्र अदालत के फैसले के खिलाफ अपील**

कोर्ट ने सत्र अदालत आगरा के फैसले के खिलाफ दाखिल अपील खारिज कर दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति तेज प्रताप तिवारी ने राजेंद्र की सजा के खिलाफ अपील की सुनवाई करते हुए दिया है। सत्र अदालत ने घटना के एक साल के भीतर अपराध की सजा सुना दी थी। हाई कोर्ट में सजा के खिलाफ अपील का फैसला होने में 41 वर्ष का समय बीत गया।

**सत्र अदालत ने 20 अक्टूबर 1985 को सजा सुनाई थी**

मामले के अनुसार सुभाष अशोक व दिनेश लाउडस्पीकर लगाकर आ रहे थे, तभी रास्ते में मारने की नीयत से आरोपित ने उनके ऊपर एसिड फेंका। कोर्ट ने कहा इनमें से किसी घायल की मौत हो जाती तो निश्चित ही यह हत्या का अपराध होता। इसमें एसिड फेंककर घायल करने का साक्ष्य है। घटना के चश्मदीद गवाह भी है। एक साइकिल व जला हुआ तहमद बरामद किया गया है। सत्र अदालत ने 20 अक्टूबर 1985 को सजा सुनाई।

**दो अक्टूबर 1984 की घटना**

दो अक्टूबर 1984 की घटना की एफआइआर तीन अक्टूबर 1984 को दर्ज की गई। ट्रायल कोर्ट ने एक साल के भीतर सजा सुना दी। 1985 में दाखिल अपील पर हाई कोर्ट का फैसला सजा के बाद आया। इसमें सुनाई गई सजा की पुष्टि की।

## तेज गर्मी से बचाव के लिए अपनाएं सावधानियां- डॉ. राकेश विश्वकर्मा

**नैनी,प्रयागराज।** बढ़ती गर्मी और तेज धूप को देखते हुए डॉ. राकेश विश्वकर्मा ने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी है।उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में थोड़ी सी लापरवाही भी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकती है।डॉ. राकेश विश्वकर्मा के अनुसार, इस मौसम में अधिक से अधिक पानी पीना चाहिए ताकि शरीर में पानी की कमी न हो। इसके साथ ही घर से बाहर निकलते समय सिर को ढककर रखें और धूप में ज्यादा देर तक रहने से बचें। हल्के, ढीले और सूती कपड़े पहनना भी फायदेमंद रहता है। उन्होंने यह भी बताया कि दोपहर के समय, विशेषकर 12 बजे से 3 बजे के बीच, अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचना चाहिए। यदि बाहर जाना जरूरी हो, तो छाता या टोपी का उपयोग करें और पानी की बोतल साथ रखें।डॉ. विश्वकर्मा ने कहा कि खान-पान में भी सावधानी बरतनी चाहिए। ताजे फल, हरी सब्जियां और तरल पदार्थ जैसे नींबू पानी, छाछ आदि का सेवन करें। ज्यादा तला-भुना और मसालेदार भोजन से परहेज करें। अंत में उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि किसी को चक्कर आना, उल्टी, या अत्यधिक कमजोरी महसूस हो, तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें और लापरवाही न करें।

## डॉ0 राघवेन्द्र प्रताप सिंह को राष्ट्रीय लोकदल पार्टी का क्षेत्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया



**झूंसी प्रयागराज।** जनपद के झूंसी स्थित त्रिवेणीपुरम निवासी डॉ0 राघवेन्द्र प्रताप सिंह को राष्ट्रीय लोकदल पार्टी द्वारा प्रयाग क्षेत्र का क्षेत्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनके मनोनयन की आधिकारिक घोषणा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 रामाशीष राय (पूर्व एमएलसी) द्वारा की गई। प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 रामाशीष राय ने जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी संगठन को मजबूत करने और जनसमस्याओं के प्रभावी समाधान के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि डॉ0 राघवेन्द्र प्रताप सिंह सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहे हैं और क्षेत्र में उनकी अच्छी पकड़ है, जिससे पार्टी को आगामी समय में मजबूती मिलेगी। नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ0 राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे।

# प्राइवेट बस ने मोटरसाइकिल को टक्कर मारी, किशोर की मौके पर मौत



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**दाउदपुर (लखीमपुर खीरी),** भीरा-बिजुआ मार्ग पर दाउदपुर पेट्रोल पंप के पास सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। तेज रफ्तार प्राइवेट बस ने उसकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद बस ड्राइवर बस छोड़कर फरार हो गया। सुंदरवल पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। प्रत्यक्षदर्शियों और परिजनों के अनुसार, विशाल (15 वर्ष) सुबह घर के लिए दाउदपुर स्थित एक दूध डेयरी से मोटरसाइकिल पर दूध लेने गया था। वापसी पर भीरा-लखीमपुर राज्यमार्ग पर दाउदपुर पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार आ रही प्राइवेट बस (नंबर UP31BT6277) ने उसकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मोटरसाइकिल बस के आगे फंस गई, जिससे किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। बस का फ्रंट बंपर और ग्रिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि विंडशील्ड पूरी तरह चकनाचूर हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए। बस में सवार यात्री और आसपास के लोग सदमे में दिखे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

सुंदरवल पुलिस के अनुसार, बस प्राइवेट थी और लखनऊ से पलिया की ओर जा रही थी। ड्राइवर हादसे के तुरंत बाद फरार हो गया। पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है और ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे की मुख्य वजह बताया जा रहा है। परिजनों ने बताया कि विशाल स्कूल जाने की उम्र का था और परिवार की मदद के लिए सुबह-सुबह दूध लाने जाता था। पूरे इलाके में शोक की लहर है। परिवार ने न्याय की मांग की है और ड्राइवर की तुरंत गिरफ्तारी की अपील की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच जारी रखी है।

# ईंट से हत्या कर गड्ढे में छिपाया शव, करैली पुलिस ने दो अभियुक्तों को दबोचा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** थाना करैली पुलिस ने हत्या के एक सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल दो ईंट भी बरामद की हैं। पुलिस के अनुसार, यह मामला मु0अ0सं0- 77/2026 धारा 103(1)/238(ड्) बीएनएस से संबंधित है। गिरफ्तार अभियुक्तों में मनोज भारतीया उर्फ हीरो (27 वर्ष) निवासी मदारीपुर डिहवा तथा कन्हई भारतीया (28 वर्ष) निवासी अंधीपुर, थाना करैली शामिल हैं। दोनों को 20 अप्रैल 2026 को जफीर की पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया।

घटना की शुरुआत 15 अप्रैल 2026 को हुई, जब ऐनुद्दीनपुर निवासी अब्दुल ने थाना करैली में एक अज्ञात शव मिलने की सूचना दी। अगले दिन 16 अप्रैल को नस्सन पुत्र बहाजुद्दीन ने मॉर्चरी पहुंचकर शव की पहचान अपने पुत्र दिलशाल अहमद उर्फ उमैश अहमद (उम्र करीब 35 वर्ष) के रूप में की। इसके बाद मृतक के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनके पुत्र की हत्या ईंट से मारकर की गई और शव को गड्ढे में छिपा दिया गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की और अभियुक्तों की तलाश में टीमों का गठन किया।




पुलिस टीम ने तकनीकी व मुखबिर की सूचना के आधार पर दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। पूछताछ में अभियुक्तों ने हत्या की घटना स्वीकार कर ली। उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त दो ईंट भी बरामद की गई। गिरफ्तार अभियुक्त मनोज भारतीया का आपराधिक रिकॉर्ड भी सामने आया है। उसके खिलाफ पहले से चोरी, गैंगस्टर एक्ट और एनडीपीएस एक्ट सहित कई मामले दर्ज हैं, जो धूमनगंज थाने में पंजीकृत हैं।

## झूंसी पार्क में डॉ. भीमराव आंबेडकर, संत रविदास और भगवान बुद्ध की मूर्तियों पर पेंट फेंका, इलाके में तनाव

- मौके पर पहुंची पुलिस, आरोपियों की तलाश तेज।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**झूंसी प्रयागराज।** झूसी क्षेत्र स्थित एक पार्क में उस समय हड़कंप मच गया जब अराजकतत्वों द्वारा डॉ. भीमराव आंबेडकर, संत रविदास और भगवान बुद्ध की मूर्तियों पर पेंट फेंकने की घटना सामने आई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया और मौके पर भारी भीड़ एकत्र हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल हरकत में आई और मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को शांत कराया और भरोसा दिलाया कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

घटना स्थल पर (एसीपी) कुंजलता और झूंसी थानाध्यक्ष महेश मिश्रा भी पुलिस बल के साथ पहुंचे। अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में यह शरारती तत्वों की करतूत प्रतीत हो रही है, लेकिन हर पहलू को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। इलाके में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। स्थानीय लोगों ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। वहीं पुलिस का कहना है कि संदिग्धों की पहचान के लिए आसपास के फुटेज खंगाले जा रहे हैं और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## छह वर्ष में पूरी करनी होगी पीएचडी, महिला-दिव्यांगों को मिलेगा अतिरिक्त समय

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय में पीएचडी को अनिश्चितकाल तक खींचना संभव नहीं होगा। पीएचडी एक तय समयसीमा के भीतर ही पूरी करनी होगी अन्यथा पंजीकरण समाप्त होने और सीमित अवसरों के साथ फिर से शुरुआत करनी पड़ेगी। सोमवार इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने पीएचडी शोधार्थियों के लिए महत्वपूर्ण अधिसूचना जारी करते हुए पंजीकरण अवधि, विस्तार और पुनः पंजीकरण से संबंधित नए नियम स्पष्ट कर दिए हैं। संशोधित अधिसूचना के अनुसार सात नवंबर 2022 से पहले नामांकित शोधार्थियों पर 2019 के नियम लागू होंगे। इसके बाद नामांकन लेने वालों पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के 2022 विनियम प्रभावी होंगे। इसके साथ ही 20 फरवरी 2024 की पूर्व अधिसूचना को निरस्त कर दिया गया है। विश्वविद्यालय के अनुसार जो शोधार्थी सात नवंबर 2022 से पहले पीएचडी में नामांकित हुए थे, उनके लिए अधिकतम अवधि छह वर्ष निर्धारित की गई है। अधिसूचना में कहा गया है कि जिन शोधार्थियों ने अपने पंजीकरण के पांच वर्ष पूरे कर लिए हैं।

# लखनऊः चारबाग में 14 दिनों के लिए बदली रहेगी यातायात व्यवस्था, नया रूट डायवर्जन प्लान लागू

- चारबाग में 14 दिवसीय विशेष ट्रैफिक ट्रायल शुरू।
- यातायात सुधारने हेतु प्रमुख मार्गों पर डायवर्जन लागू।
- सफल होने पर व्यवस्था स्थायी करने पर विचार।




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** शहर के सबसे व्यस्त चारबाग रेलवे स्टेशन और आसपास के क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए पुलिस ने 14 दिन का विशेष ट्रैफिक ट्रायल शुरू किया है। इसके तहत प्रमुख मार्गों पर डायवर्जन लागू कर दिया गया है। पुलिस का दावा है कि इस व्यवस्था से जाम की समस्या में राहत मिलेगी। ट्रायल सफल रहने पर इसे आगे भी लागू किया जा सकता है। ट्रैफिक जाम से राहत दिलाने के लिए डीजीपी की तरफ से सख्त निर्देश दिए गए थे, जिसके बाद ट्रैफिक पुलिस ने शहर के 12 प्रमुख मार्गों (175 किलो मीटर) को चिह्नित किया गया है, जहां जाम की समस्या अधिक रहती है। इनमें चारबाग चौराहा तीन प्रमुख रूट कमता, जुनाबगंज और कानपुर रोड से जुड़ा होने के कारण सबसे संवेदनशील है।

**नया ट्रैफिक प्लान लागू**

इसी वजह से सबसे पहले रविवार को यहां विशेष ट्रैफिक प्लान लागू किया गया है। नई व्यवस्था के तहत आलमबाग से चारबाग जाने वाले वाहन अब रविंद्रालय तिराहे से सीधे दाहिने नहीं मुड़ सकेंगे। उन्हें केकेसी के पास यू-टर्न लेकर रविंद्रालय तिराहे से बाएं मुड़कर चारबाग जाना होगा। वहीं, चारबाग रेलवे स्टेशन से निकलने वाले वाहन रविंद्रालय तिराहे से बाएं मुड़कर गुप्ता तिराहे से यू-टर्न लेकर अपने गंतव्य जा सकेंगे। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) ट्रैफिक रवीना त्यागी के मुताबिक यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए डायवर्जन वाले क्षेत्रों में सवारी वाहन खड़े करने पर रोक लगा दी गई है। साथ ही वेंडिंग जोन को भी पीछे खिसका दिया गया है। हर प्रमुख मोड़ पर ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है, जो आठ-आठ घंटे की शिफ्ट में ड्यूटी कर जाम नहीं लगने देंगे।

**नो-पार्किंग में खड़े वाहन क्रेन से उठाए जाएंगे**

डीसीपी ने बताया कि सड़क किनारे खड़े वाहनों को हटाने के लिए क्रेन की व्यवस्था की गई है। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों को तुरंत टो किया जाएगा। स्थानीय दुकानदारों और व्यापारियों को माइक के जरिए नई व्यवस्था की जानकारी दी जा रही है, जबकि थ्री-व्हीलर एसोसिएशन के साथ बैठक कर उन्हें नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।

# संक्षिप्त खबरें

## झारखंड में कानून व्यवस्था ध्वस्त, अपराधी बैखौफ, बहन-बेटियां असुरक्षित : शेफाली गुप्ता



**हज़ारीबाग/रांची, झारखंडः-** रांची स्थित राजेन्द्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (रिम्स) में डेंटल छात्रा के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म की घटना ने पूरे राज्य को झकझोर दिया है। इस मामले को लेकर हजारीबाग की भाजपा कार्यकर्ता शेफाली गुप्ता ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में कानून-व्यवस्था पूरी तरह विफल हो चुकी है और अपराधियों के मन से कानून का भय समाप्त हो गया है। राजधानी रांची में यदि छात्राएं सुरक्षित नहीं हैं, तो राज्य की अन्य जगहों की स्थिति का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। शेफाली गुप्ता ने हेंमत सोरेन सरकार को घेरते हुए कहा कि यह घटना प्रशासनिक लापरवाही और कमजोर पुलिसिंग का परिणाम है। उन्होंने मांग की कि दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए और मामले की स्पीडी ट्रायल के माध्यम से सुनवाई कर उन्हें कठोरतम सजा दी जाए। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं पर सख्त कार्रवाई ही समाज में विश्वास बहाल कर सकती है और अपराधियों के मन में कानून का डर पैदा कर सकती है। अंत में उन्होंने सरकार से जवाब मांगते हुए कहा कि आखिर कब तक बहन-बेटियों की सुरक्षा से समझौता होता रहेगा? अब जनता केवल आश्वासन नहीं, बल्कि ठोस कार्रवाई चाहती है।

## तीखी धूप एवं भीषण गर्मी से बढ़ी लोगों की मुश्किलें



**पाकुड़िया, पाकुड, झारखण्डः-** धूप की तीखी किरणों तथा प्रचण्ड गर्मी से पाकुड़िया में 10 बजे दिन से ही लोगों की आवाजाही में कमी होने से बाजार की चहल-पहल भी कम होती दिखी। तीखी धूप व भीषण गर्मी से बचने हेतु लोग छांव में रहना पसंद करते देखे गए। वहीं रोजमर्रा की चीजें खरीदने के क्रम में महिलाएं छाता व तन को वस्त्र से ढक कर धूप से बचने की चेष्टा करती दिखीं। लोग धूप से बचने के लिए सुबह शीघ्र ही दैनिक जरूरत की वस्तुओं की खरीदारी कर घर लौटते दिखे। हालांकि यदा-कदा पाकुड़िया में मौसम सुहाना होने से लोगों को राहत भी मिलती रही है पर तीखी धूप परेशानी बढ़ाती रही है। प्रकृति की चालों को समझना हम सामान्य जन के लिए 'टेढ़ी खीर' है और इस पर वश तो किसी का है नहीं। हमें प्रकृति के अनुरूप चौकस व बचाव करते हुए चलना ही समझदारी है। चिकित्सकों की सलाह है कि इस मौसम में पानी अधिक पिएं, धूप में कम रहें, तन को हल्के पतले साफ वस्त्रों से ढक कर रखें और भोजन संतुलित व समय पर करें।

## बरही पुलिस ने आल्टो कार से अवैध शराब किया जब्त, पुलिस की कार्रवाई में दो लोग गिरफ्तार




**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विनोद कुमार के नेतृत्व में बीती रात्रि बिलौतिया मोड़ के पास विशेष अभियान चलाकर आल्टो कार संख्या जेएच 01 एएन 9854 से अवैध शराब की बड़ी खेप बरामद की गई। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि भारी मात्रा में शराब की ढुलाई की जा रही है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने विभिन्न ब्रांड की शराब जब्त की, जिसमें किंग फिशर 650 एमएल के 180 केन, गॉड फादर बियर की 6 पेटी (120 केन), गॉड फादर 500 एमएल के 192 केन, रॉयल स्टैग 180 एमएल की 96 पीस, आइकोनिक व्हाइट 180 एमएल की 96 पीस, बी-7 180 एमएल की 48 बोतल तथा रॉयल चैलेंजर 180 एमएल की 96 बोतल शामिल हैं। मामले को लेकर पुलिस अवर निरीक्षक सुमित साव के फर्दबयान पर बरही थाना में कांड संख्या 136/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई, जिसमें मौके से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। जिनकी पहचान अजित कुमार पिता अशोक सिंह खोड़ाहर निवासी और नंदकिशोर कुमार पिता मेगन राम हरला निवासी के रूप में हुई है। दोनों को बरही पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुनि सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार ने बताया कि आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

# मधुपुर न्यायालय परिसर में जल शीतल मशीन का हुआ उद्घाटन, लोगों को मिलेगी राहत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मधुपुर, देवघर, झारखंडः-** अनुराग गुटगुटिया वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा प्रदत्त तथा लायंस क्लब मधुपुर के सहयोग से मधुपुर न्यायालय परिसर में जल शीतल (वॉटर चिलर) मशीन का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर भानु प्रताप सिंह (अपर पारिवारिक न्यायाधीश), पूजा (सिविल जज, सीनियर डिवीजन-1), एस. एन. टिग्गा (एस.डी.जे.एम.), एस. आर. टिग्गा (सी.जे.एस.डी.-2), विवेक रॉय (रेलवे मजिस्ट्रेट) तथा डॉ. अरुण कुमार गुटगुटिया (पीएमजेएफ लायन) उपस्थित थे। उद्घाटन के बाद भानु प्रताप सिंह ने कहा कि इस प्रकार की जनहितकारी पहल समाज के लिए उपयोगी है और इससे आम लोगों को सीधे लाभ मिलता है। डॉ. अरुण कुमार गुटगुटिया ने कहा कि समाज सेवा के ऐसे कार्य लोगों को राहत प्रदान करते हैं और आगे भी इस तरह की पहल जारी रहेगी। लायंस क्लब मधुपुर के सचिव विजय आनंद लछिरामका ने बताया कि क्लब और अनुराग गुटगुटिया वेलफेयर ट्रस्ट के संयुक्त प्रयास से अब तक शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में 18 जल शीतल मशीनें स्थापित की जा चुकी हैं, जिससे गर्मी के मौसम में लोगों को सुविधा मिल रही है।

न्यायालय के कर्मचारियों ने इस पहल के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे आने वाले लोगों को सुविधा मिलेगी, उनके स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा तथा गर्मी में ठंडा पानी आसानी से उपलब्ध हो सकेगा। इस अवसर पर लायंस क्लब के अध्यक्ष प्रेम पाठक, कोषाध्यक्ष रामानुज मिश्रा, अटल चौरसिया, सुवेन्दु दा, गौतम कुशवाहा, विनोद सिंह (नाजिर), सुमित चौधरी, अजित खंडेलवाल, मनोज डालमिया सहित न्यायालय के कई कर्मचारी उपस्थित थे।

## नारी शक्ति-समृद्ध भारत' विषय पर हुई स्वरचित कविता एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

**कोंच (जालौन)-** कस्बे के एसआरपी इंटर कॉलेज में सोमवार को 'नारी शक्ति-समृद्ध भारत' विषय पर स्वरचित कविता एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला विद्यालय निरीक्षक जालौन के निर्देशन में संपन्न हुआ, जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने अपनी स्वरचित कविताओं और आकर्षक पोस्टरों के माध्यम से समाज में महिलाओं की भूमिका, उनके अधिकार, शिक्षा, आत्मनिर्भरता तथा देश के विकास में उनके योगदान को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इस दौरान विद्यालय के प्रवक्ता एसपी सिंह, अनुपम शर्मा, विजय वर्मा, मैथिलीशरण, निरंजन एवं नंदन कुमार की देखरेख में प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। शिक्षकों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्रा कमलेश, खुशबू, रश्मि, शुभम राठौर, अंकित, अंशुल, आदर्श, अभिषेक आदि की उपस्थिति रही।

## बूढ़ी राप्ती नदी में नहाने गए दो (जूनियर रेजिडेंट) मेडिकल छात्रों की डूबने से मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर /** माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कालेज के दो जेआर (जूनियर रेजीडेंट) मेडिकल छात्र बूढ़ी राप्ती में सोमवार की दोपहर लगभग तीन बजे नहाने के दौरान डूब गए। करीब दो घंटे तक गोताखोर नदी में खोज करते रहे। गहरे पानी में दोनों मेडिकल छात्रों का शव मिला। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर मेडिकल कालेज के अधिकारी और जोगिया थाना की पुलिस पहुंच गई। दोनों जेआर में एक बस्ती के डा. सत्यम नायक (20) पुत्र संतराम नायक और दूसरा राजस्थान निवासी सचिन गहरवार (21) पुत्र सेवई गहरवार थाना माधोपुर राजस्थान। जबकि इनके साथ गए एमबीबीएस के दो छात्र विनीत चौधरी और नीतेश कुमार सुरक्षित हैं। जोगिया थाना के योगमाया मंदिर के पास बूढ़ी राप्ती में नहाने के लिए मेडिकल कालेज के दो जेआर समेत चार लोग गए थे। सभी कार से योगमाया मंदिर के पास से बांध पार करके बूढ़ी राप्ती में नहाने के लिए उतर गए। नहाते समय वर्ष 2019 बैच के जेआर डा. सचिन गहरवार गहरे पानी में चले गए। उन्हें डूबता देख 2024 बैच के एमबीबीएस छात्र सचिन गहरवार ने बचाने का प्रयास किया। इस दौरान किनारे पर खड़े एमबीबीएस 2024 बैच के छात्र विनीत चौधरी और नीतेश कुमार ने शोर मचाया। कुछ दूरी पर मौजूद चरवाहों ने दोनों को बचाने के लिए नदी में छलांग लगाई। लेकिन दोनों गहरे पानी में डूब गए। सूचना मिलते ही जोगिया थाना की पुलिस मौके पर पहुंच गई। स्थानीय गोताखोरों ने दोनों के शव को गहरे पानी से निकाला। एसओ जोगिया अभय सिंह ने बताया कि घटन सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई। दोनों शव को खोज निकाला गया।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय पडिरमा में बच्चों के बीच मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप ने किया पोशाक का वितरण




**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही प्रखंड के बसरिया पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय पडिरमा में बच्चों के बीच पोशाक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 30 स्कूली बच्चों को ड्रेस, स्वेटर और जूते वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बसरिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह पूर्व मुखिया हरेंद्र गोप, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि कामेश्वर रविदास, उप मुखिया प्रतिनिधि बिनोद यादव, वार्ड सदस्य रमेश रविदास उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक दशरथ कुमार सहित शिक्षक दिनेश प्रसाद और सुधीर यादव भी कार्यक्रम में शामिल हुए। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप ने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सभी स्कूली बच्चे उत्साह के साथ शामिल हुए।

## पोषण पखवाड़ा सप्ताह का हुआ शुभारम्भ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्डः-** प्रखंड मुख्यालय पाकुड़िया स्थित सभागार में सोमवार को पोषण पखवाड़ा के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन झामुमो केंद्रीय कमेटी सदस्या उपासना मरांडी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बनर्जी, प्रमुख कालिदास मरांडी, उपप्रमुख अर्चना देवी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हांसदा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी पोषण सखी, आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं को राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत शपथ दिलाई गई। शपथ में बच्चों, महिलाओं एवं किशोरियों को कुपोषण मुक्त और स्वस्थ बनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय कमेटी सदस्या उपासना मरांडी ने कहा कि 9 अप्रैल से 23 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान जीवन के पहले 1000 दिनों के महत्व, लाभार्थी मॉड्यूल के प्रचार-प्रसार, समुदाय आधारित कुपोषण प्रबंधन तथा बच्चों में बढ़ते मोटापे की रोकथाम से जुड़ी योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक विभिन्न माध्यमों से पहुंचाई जाएगी। उन्होंने मजबूत आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण में समुदाय की भागीदारी, खेल आधारित शिक्षा तथा अभिभावकों की सक्रिय भूमिका पर भी जोर दिया। पोषण पखवाड़ा के महत्व को बताते हुए लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया। इस दौरान सेविकाओं द्वारा लगाए गए सभी स्टाल का सभी अतिथियों ने बारी-बारी से निरीक्षण किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली सेविकाओं को प्रशस्ति पत्र दिया गया। दो लाभुकों की गोद भराई और दो बच्चों का अन्नप्रसन किया गया। मौके पर झामुमो प्रखंड सचिव मैनुद्दीन अंसारी, सुभाषिनी मुर्मू, सभी महिला पर्यवेक्षिकाएं, आंगनबाड़ी सेविकाएं एवं पोषण सखियां उपस्थित थीं।

# पूर्ति लिपिक के खिलाफ खाद्य एवं रसद मंत्री से हुई शिकायत

**●लेकिन कोई ठोस कार्रवाई न होना प्रशासन की विफलता है**

**डीएसओ कार्यालय में 18 वर्षो से तैनात पूर्ति लिपिक नवीन चौधरी को हटाने की मांग**

**पूर्ति लिपिक नवीन चौधरी की लम्बी तैनाती डीएसओ कार्यालय में बना भ्रष्टाचार की जड़ दर्जनों डीएसओ आये गये लेकिन किसी ने नहीं कर पाया पूर्ति लिपिक का स्थानांतरण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले के आपूर्ति विभाग के बाबू नवीन कुमार चौधरी पिछले 18 सालों से एक ही पटल पर नौकरी कर रहे हैं कई बार शिकायत होने के बावजूद भी कार्रवाई न होना जिला प्रशासन के लिए टेढ़ी खीर साबित हो रहा है मंत्री खाद्य एवं रसद (आपूर्ति) विभाग उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ से बस्ती जिले के एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय में तैनात पूर्ति लिपिक नवीन चौधरी की लम्बी तैनाती को लेकर शिकायत किया है और तत्काल मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कर स्थानांतरित करने की मांग की गई है । पूर्ति लिपिक पर आरोप है कि पूर्ति लिपिक नवीन चौधरी दिनांक- -04-12-2007 से लेकर अद्यतन से एक ही पटल पर रह कर मलाई काट रहा है पूर्ति लिपिक का स्थानांतरण नीति के अनुसार स्थानांतरण होना न्यायहित में आवश्यक है ।आपको बता दें कि जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं की उच्चस्तरीय जांच हेतु खाद्य एवं रसद मंत्री से लिखित शिकायत की गई है और शिकायत पत्र में लिखा गया है कि जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय में लंबे समय से गंभीर अनियमितताओं एवं भ्रष्टाचार के आरोप लगातार सामने आ रहे हैं। जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय में तैनात पूर्ति लिपिक नवीन चौधरी विगत 18 वर्षों से एक ही स्थान पर कार्यरत है जो (वर्तमान समय में तहसील हरैया आपूर्ति कार्यालय से सम्बद्ध) है लेकिन आपूर्ति कार्यालय हरैया में डियूटी करने के बजाए जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय में पूरा दिन जमा रहता है और सभी कार्यों में मनमानी कार्य करता है जिससे उसके प्रभाव और कार्यशैली को लेकर कई गंभीर प्रश्न खड़े हो रहे हैं। स्थानीय स्तर पर यह भी आरोप है कि एक कथित निजी व्यक्ति (प्राइवेट मुंशी) प्रवीण कुमार के माध्यम से कोटेदारों एवं अन्य संबंधित लोगों से अवैध वसूली भी करवाता है। यह भी कहा जा रहा है कि बिना अवैध लेन-देन के कोई कार्य सुचारू रूप से नहीं हो पाता है जिससे आम जनता और पात्र लाभार्थियों को सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। राशन कार्ड बनवाने या यूनिट बढ़ाने के बाद पर राशन कार्ड धारकों से मोटी रकम ऐंठता है यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है क्योंकि सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) जैसी महत्वपूर्ण योजना सीधे गरीब और जरूरतमंद वर्ग से जुड़ी है। यदि इस प्रकार की अनियमितताएं जारी रहेगी तो सरकार की साफ सुथरी छवि पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा । है। उक्त प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। जांच के दौरान संबंधित अधिकारियों/ कर्मचारियों को आवश्यकतानुसार हटाकर निष्पक्षता सुनिश्चित की जाए। दोषी पाए जाने पर कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए। जनपद में पारदर्शी एवं जवाबदेह व्यवस्था स्थापित की जाए, जिससे पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके। भाजपा नेता ने कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस गंभीर प्रकरण का संज्ञान लेकर शीघ्र उचित कार्रवाई करेंगे।

# सडकोरा में निकली भव्य शोभायात्रा

**●बाबा साहब की 135वीं जयंती पर उमड़ा जनसैलाब**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जनपद के ग्राम सडकोरा में संविधान निर्माता डा.भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती बड़ेही हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाई गई। इस दौरान पूरे गांव में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की। जय भीम के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। इस दौरान विचार गोष्ठी का आयोजन भी किया गया, जिसमें वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन, उनके संघर्ष और सामाजिक समानता के लिए किए गए योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि इंजी.चंद्रशेखर अहिरवार उपस्थित रहे। उनके साथ वरिष्ठ अतिथि बंसती लारिया, सुरेंद्र लारिया, कमलेश कुमार, पत्रकार इंद्रजीत गौतम, डा. हरवेन्द, हरपाल जरया, राजकुमार भारती, राजकुमार, प्रमोद कुमार एवं कृपाल गौतम सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि डा.अंबेडकर केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचारधारा हैं। उन्होंने समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और समानता पहुंचाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया। हमें उनके बताए मार्ग पर चलते हुए शिक्षा, एकता और संगठन को मजबूत करना होगा, तभी समाज का वास्तविक उत्थान संभव है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वह बाबा साहब के विचारों को अपनाकर समाज में जागरूकता फैलाने की जिम्मेदारी निभाएं। इस दौरान राजकुमार (सडकोरा), वंशी राम, हरिराम गौतम, सुनील गौतम, संतोष जाटव, दयालीराम, धर्मेंद्र, कमलेश, सुक, नारायन चौधरी, गिरधारी, मनोज कुमार चौधरी, नरेंद्र चौधरी, प्रमोद चौधरी, राहुल चौधरी, दयाराम अहिरवार, सुकदीन चौधरी, सुरेश, रामबगस, महेश जाटव सहित समस्त ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## अपहरण व शराब गायब करने के मामले में दो आरोपियों के घर इश्तिहार धुवा पुलिस ने चिपकाया इश्तिहार

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** रांची जिले के धुवा थाना पुलिस ने अपहरण एवं ट्रक पर लदे शराब को गायब करने के मामले में फरार आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। इसी क्रम में पुलिस ने बरही सलोन शिवपुर निवासी पवन रजक पिता महेश रजक एवं विनोद राणा पिता प्रयाग राणा के घर इश्तिहार चिपकाया। धुवा थाना के पुलिस अवर निरीक्षक लव कुमार के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने आरोपियों के घर और आसपास के क्षेत्रों में इश्तिहार चिपकाकर उन्हें शीघ्र आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया। पुलिस के अनुसार, धुवा थाना कांड संख्या 88/23 में आरोपियों पर लड़की का लालच देकर चालक का अपहरण करने तथा ट्रक पर लदे शराब को गायब कराने का आरोप है। मामले में दोनों आरोपी लंबे समय से फरार चल रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर आत्मसमर्पण नहीं करने पर आरोपियों के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## उर्स चंदे के हिसाब को लेकर विवाद में एफआईआर

**लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से किया था हमला**

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक शादी समारोह में उर्स के चंदे को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। शहनाई गार्डन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कुछ लोगों ने दो भाइयों पर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना में पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर चार लोगों के खिलाफ चंदे के हिसाब को लेकर शुरू हुआ विवाद में एफआईआर दर्ज की है। शिकायतकर्ता इदरीश कुरैशी ने बताया कि उनका भाई इसराईल शहनाई गार्डन में शादी समारोह में शामिल होने गया था। वहां मौजूद अब्दुल रहमान उर्फ कल्ला, मुशीर, कल्ला पुत्र नत्था और बाबू बदरुद्दीन ने उर्स के चंदे के हिसाब-किताब को लेकर विवाद शुरू कर दिया और गाली-गलौज करने लगे। शिकायत में उल्लेख है कि जब इसराईल ने गाली देने से मना किया, तो उक्त लोगों ने उसके साथ लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। यह देख जब उसका छोटा भाई हीरा बीच-बचाव करने पहुंचा, तो हमलावरों ने उस पर भी लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से प्रहार किया, जिससे हीरा को सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि मारपीट करने के बाद सभी आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। इदरीश कुरैशी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि आरोपी दबंग प्रवृत्ति के हैं और उन्हें अपने व अपने परिजनों की जान-माल का खतरा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना कोतवाली में बीएनएस की धारा 352, 115(2) और 351(3) के तहत मामला पंजीकृत किया गया है।

# न्यायाधीश श्री शमसुल हक ने अटल बिहारी वाजपेयी प्रेक्षागृह में आयोजित एक दिवसीय पैरालीगल प्रशिक्षण कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जनपद न्यायाधीश श्री शमसुल हक ने अटल बिहारी वाजपेयी प्रेक्षागृह में आयोजित एक दिवसीय पैरालीगल प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए कहा कि पैरालीगल (अधिकार मित्र) आम लोगों के बीच में न केवल कानूनी जागरूकता बल्कि निर्धन कमजोर व असहाय लोगों को न्याय दिलाने के लिये उन्हें कानूनी परिधि में लाना भी है उन्होंने पराविधिक स्वयं सेवकों का आवाह्न किया कि वह अपने कार्यक्षेत्र में ऐसे लोगों को चिन्हित करें जिन्हें कानूनी सहायता की आवश्यकता है। फिर उन्हें कानूनी सहायता दिलाने के लिये जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का सहयोग प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि पराविधिक स्वयं सेवक योजना की शुरूआत 2009 में की गयी थी। अधिकार मित्रों के प्रशिक्षण, उनके ज्ञान संवर्धन के लिये आयोजित किये जा रहें हैं।

ज्ञातव्य है कि उ.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं माननीय प्रशासनिक न्यायमूर्ति, बस्ती श्री राम मनोहर नरायण मिश्र एवं माननीय जनपद न्यायाधीश, बस्ती श्री शमसुल हक के कुशल मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बस्ती के द्वारा समस्त क्लस्टर जनपद बहराइच, गोण्डा, बलरामपुर, श्रावस्ती व बस्ती के अधिकार मित्रों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन जनपद न्यायाधीश श्री शमसुल हक ने दीप प्रज्वलन कर किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री देवेन्द्र कुमार- प्रथम ने लिविंग प्लान्ट देकर स्वागत किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम सत्र में नालसा स्कीम, बच्चों की मित्रवत् सेवा स्कीम 2024 तथा पीड़ितों के लिए तस्करी और यौन शोषण योजना के संबंध में अपर जनपद न्यायाधीश/एफ.टी.सी. प्रथम ने विस्तार पूर्वक पराविधिक स्वयं सेवकों को जानकारी दिया। इसी प्रकार नालसा की स्कीम एसिड अटैक से पीड़ित लोगों को सहायता तथा कानूनी सहायता हेतु प्रार्थना पत्र तथा लाभार्थियों की पहचान के संबंध में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री राज बाबू ने विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। द्वितीय चरण में टेक्निकल सेशन में जिला समाज कल्याण अधिकारी श्री लाल जी यादव ने उ0 प्र0 सरकार द्वारा चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जिसमें छात्रवृति सामूहिक विवाह योजना व अनुसूचित जाति जनजाति के लोगों को वित्तीय सहायता के संबंध में जानकारी दिया। जिला प्रोबेशन अधिकारी श्री राजेश कुमार के द्वारा कल्याणकारी योजना के संबंध में जिसमें विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन के बारे में जानकारी दिया। श्रम कानून के संबंध में श्री नागेन्द्र त्रिपाठी श्रम परवर्तन अधिकारी ने श्रमिकों के अधिकारों तथा सरकार के द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक मंडल में अटल बिहारी वाजपेयी श्रमिक विद्यालय की स्थापना की गयी। जिसमें श्रमिकों के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है। अधिकार मित्रों के द्वारा समस्याओं को कैसे निस्तारित किया जाए। इस संबंध में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री राज बाबू ने दिया। तृतीय सेशन में जे.एम. -प्रथम श्री तनय आकाश ने किशोर न्याय सुरक्षा एवं देखभाल अधिनियम के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। विशेष न्यायाधीश एस.सी./एस.टी. एक्ट श्री राम करन यादव ने बच्चों के यौन हिंसा निवारण अधिनियम की जानकारी देते हुए कहा कि इस अधिनियम में जो 18 वर्ष के आयु के बालक हैं यौन हिंसा को रोकने के लिए कठोर प्रावधान किए गए हैं। पीड़िता के नाम व पहचान सार्वजनिक न करने की रोक लगाई गयी है। ऐसे मामलों में कोई भी पुलिस का अधिकारी रिपोर्ट दर्ज करने में विलम्ब करता है तो छः माह के कठोर प्रावधान किए गए हैं तथा ऐसे हिंसा के मामलों में कठोर दंड की व्यवस्था की गई है। स्त्रियों की सुरक्षा के विभिन्न कानूनी पहलुओं के संबंध में सुश्री यशी पाण्डेय अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन के द्वारा विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि स्त्रियों की सुरक्षा महत्वपूर्ण है तथा ऐसे पीड़ित व्यक्ति को अधिकार मित्रों को न केवल सहानुभूति पूर्वक उनकी बातों को सुनना तथा उसका निस्तारण कराना है। डाक्टर रफी अहमद विधि विभागाध्यक्ष एस.पी. लॉ कॉलेज ने कार्य स्थल पर यौन हिंसा के पीड़ितों के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि सरकारी व गैरसरकारी महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है। ऐसे में कार्यस्थल पर महिलाओं को जागरूक रहना आवश्यक है। चीफ लीगल एड डिफेंस श्री कौशल किशोर श्रीवास्तव ने बच्चों से संबंधित मामलों में अधिकारों के मित्रों के द्वारा चिन्हिकरण तथा सहायता के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि बच्चों के मामले अधिकतर बाल्य कल्याण समिति के सामने प्रस्तुत होते हैं। तथा सम्प्रेक्षण गृह में बच्चे रखे जाते हैं वहाँ से संवाद करके चिन्हित किया जा सकता है। इसी प्रकार त्वरित कार्यवाई व सुरक्षित साधनों का उपयोग करके सहायता पहुँचाने के संबंध में जानकारी दिया। माननीय जनपद न्यायाधीश ने ओपेन हाउस सेशन में अधिकार मित्रों से जानकारी प्राप्त किया। ओपेन हाउस में अपर जनपद न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश(एम.पी./एम.एल.ए. एक्ट), बस्ती श्री प्रमोद कुमार गिरि, अपर जिला जज/ विशेष न्यायाधीश(एस.एसटी.) श्री राम करन यादव , अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री राज बाबू, सचिव श्री देवेन्द्र कुमार-प्रथम, श्री जे.एम तनय आकाश, सुश्री यशी पाण्डेय ने हिस्सा लिया। जनपद न्यायाधीश ने अधिकार मित्र सुशील कुमार उपाध्याय,कृत्तिका चौधरी(बस्ती) रितेश कुमार यादव,मनीष कुमार तिवारी(बहराइच) ललिता मिश्रा व आरिफ अंसारी(बलरामपुर) हामिद हुसैन व माला शर्मा(श्रावस्ती) कंचन सिंह व राजकुमार(गोण्डा) को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच श्री विनोद कुमार यादव बलरामपुर श्री यशपाल वर्मा तथा श्रावस्ती के सचिव अनुप्रिया को स्मृत चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। राष्ट्रीय ज्ञान के पाश्चात्य सचिव देवेन्द्र कुमार-प्रथम ने सभी अधिकार मित्रों व सचिव व अन्य अतिथि के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।




## फार्मर रजिस्ट्री में शत-प्रतिशत प्रगति हासिल करने वाले ग्राम प्रधानों को किया जाएगा सम्मानितः जिलाधिकारी

**● पीएम किसान सम्मान निधि व धारा 166 एवं 24 का लक्ष्य पूर्ण करने के लिए एसडीएम व तहसीलदारों को दिया एक-एक सप्ताह का अल्टीमेटम**

**मत्स्य पट्टों के लिए वर्ष भर भरे रहने वाले अमृत सरोवरों की सूची तलब की**

**ओलावृष्टि/अतिवृष्टि की सर्वे रिपोर्ट जल्द से जल्द शासन को भिजवाने हेतु उप जिलाधिकारियों को दिये निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने सोमवार को कलैक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व प्राप्तियों की समीक्षा बैठक करते हुए सभी सम्बंधित विभागों को प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने समीक्षा करते हुए सभी उप जिलाधिकारियों व तहसीलदारों को सख्त निर्देश दिये कि अगले एक सप्ताह तक पूरी तत्परता व गंभीरता के साथ प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लक्ष्य शत-प्रतिशत पूर्ण करना सुनिश्चित करें, इसके अगले सप्ताह से के लिए धारा 116 व 24 के लिए अभियान चलाकर कार्य किया जाएगा और इसकी हर सप्ताह समीक्षा की जाएगी। इस कार्य में कोई भी बहाना या लापरवाही के लिए स्थान नहीं है।

उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक तहसील से फार्मर रजिस्ट्री में शत-प्रतिशत प्रगति करने वाले ग्राम प्रधानों को कलेक्ट्रेट बुलाकर सम्मानित किया जाए, जिससे अन्य प्रधानों के लिए वे प्रेरणा बन सकें।

जिलाधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों व लेखपालों के माध्यम से जनपद के ऐसे अमृत सरोवरों, जो वर्ष भर भरे रहते हैं, की सूची तलब करते हुए उनमें मत्स्य पट्टे कराने के निर्देश दिये। साथ ही सभी उप जिलाधिकारियों को रैण्डर आधार पर गेहूँ क्रय केन्द्रों का निरीक्षण करते रहने के भी निर्देश दिये। उन्होंने ओलावृष्टि/अतिवृष्टि की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सभी उप जिलाधिकारी सर्वे रिपोर्ट जल्द से जल्द शासन को भिजवाना सुनिश्चित करें, ताकि फसल क्षति की धनराशि किसानों को मिल सके। इसके साथ ही तहसीलदारों को निर्देश दिये कि पट्टा आवंटन व कब्जा हटने की स्पष्ट रिपोर्ट प्रस्तुत करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अंकुर श्रीवास्तव, समस्त उप जिलाधिकारी/तहसीलदार सहित सम्बंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### पारिवारिक बंटवारे के विवाद में रिश्तों के बीच बहा खून

**कोंच(जालौन)-** पारिवारिक बंटवारे के विवाद में भाइयों के बीच खूनी संघर्ष हो गया जिसमें दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार मोहल्ला जयप्रकाश नगर में लखन लाल सोनी (60) पुत्र कढोरे अपने परिवार के साथ रहता है। लखन का एक भाई अनिल सोनी प्रताप नगर स्थित अपने घर में रहता है और शेष अन्य भाई भी अलग रहते हैं। बताया जा रहा है कि उक्त भाइयों का जयप्रकाश नगर स्थित पुराने घर को लेकर आपस में विवाद है, सोमवार की शाम करीब 4 बजे अनिल और एक अन्य भाई से लखन का विवाद होने लगा। गाली गलौज के साथ शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते आपस में खूनी संघर्ष हो गया। मारपीट और हमले में लखन और उसकी पत्नी रेखा (55) गंभीर रूप से घायल हो गये। आनन फानन में दोनों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार कर चिकित्सकों ने दोनों को जिला अस्पताल उरई रेफर कर दिया। हमले में दोनों के सिर फटे हैं।

### विद्युत विजिलेंस टीम ने की छापामार कार्यवाही, पकड़े बिजली चोरी करने वाले



**कोंच(जालौन)-** भीषण गर्मी में ओवरलोडिंग के बीच बिजली चोरी करने वाले लोगों को पकड़ने के लिए विजिलेंस टीम इन दिनों काफी सक्रिय नजर आ रही है। टीम की इस कार्यवाही से नगर में बिजली चोरी करने वाले लोगों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। सोमवार की सुबह करीब 8 बजे जनपद की विद्युत विजिलेंस टीम के प्रभारी जेई मुहम्मद आसिफ, जेई प्रमोद कुमार, कांस्टेबल रवि कुमार, सुनीता, स्थानीय लाइनमेन प्रदीप झा, जितेंद्र आदि सदस्यों के साथ मिलकर मोहल्ला गांधीनगर और सागर चौकी के आसपास डोर टू डोर चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग अभियान के दौरान तमाम घरों में बिजली चोरी पकड़ में आई, ऐसे घरों की बकायदा वीडियोग्राफी कर संबंधित उपभोक्ताओं के विरुद्ध कार्यवाही अमल में लाई गई है। अवर अभियंता अमन पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर में स्थापित ट्रांसफार्मरों पर बिजली चोरी किए जाने से लोड बढ़ रहा है, बिजली चोरी कर विभाग को नुकसान पहुंचाने वाले उपभोक्ताओं को बख्शा नहीं जाएगा। चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा इसलिए बिजली चोरी करने से बचें ताकि सुचारू रूप से निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

### नवगठित बीपैक्स सलखन के संचालक मंडल की बैठक संपन्न

**नवगठित बीपैक्स पर टिकी है किसानो के सपने और उम्मीदें: अवधेश सिंह**

**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश** –नवगठित बीपैक्स सलखन के संचालक मंडल की बैठक सलखन पंचायत भवन पर हुई ।बैठक की अध्यक्षता मुख्य प्रवर्तक / अध्यक्ष अरविंद कुमार ने की।बैठक मे उपस्थित एडीसीओ राबर्टसगंज अवधेश सिंह ने कहा कि नवगठित बीपैक्स पर किसानो की उम्मीदो का भार है और उन उम्मीदो पर खरे उतरने की चुनौती भी।सहकारी समितियाँ आपके जीवन को सरल सुगम और समृद्ध बनाती हैं।मारकुंडी समिति के अध्यक्ष सत्यदेव पांडेय ने उपस्थित संचालको को सहकारिता के नियमो और उद्देश्यो के बारे मे विस्तार से जानकारी दी।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य प्रवर्तक अरविंद कुमार ने समिति की उधार ग्रहण क्षमता और दृष्टिबंधक ऋणसीमा के बारे मे बताते हुए नियमानुसार प्रस्ताव पारित कराये। बैठक मे सचिव चंद्रभूषण पाल, सचिव मारकुंडी अमरदेव, उपाध्यक्ष इन्द्रदेव पांडेय, कैलाश, रामपति, रिंकू, राजेन्द्र सिंह, अनंती देवी इत्यादि मौजूद रहे।

### भगवान परशुराम जयंती पर तीन रक्तवीरों ने किया रक्तदान

**ललितपुर।** सनातन धर्म के पावन पर्व भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में जय अम्बे रक्तदान समिति के तत्वावधान में तीन रक्तवीरों ने रक्तदान कर समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। इस दौरान पं.विनोद पाठक ने 13वीं बार रक्तदान किया, जबकि सुरेंद्र कुमार ने पहली बार रक्तदान कर मानव सेवा की दिशा में कदम बढ़ाया। वहीं मेडिकल कॉलेज में भर्ती ग्राम डगारी के डेढ़ वर्षीय मासूम इमरान खान के लिए महाकाल भक्त ऋषभ दुबे ने 26वीं बार बहुमूल्य रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। कार्यक्रम के दौरान दीपक राठौर, अमन, समाजसेवी कन्हैया लाल एवं अभिषेक विश्वकर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। सभी ने रक्तदाताओं के इस नेक कार्य की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

# पारदर्शी रुप से हो क्रय केन्द्रों का संचालन, बिचौलियों पर करें कठोर कार्यवाही: डीएम

**●जिलाधिकारी ने अमरपुर मण्डी स्थित क्रय केन्द्रों का निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं**

**क्रय केन्द्रों पर होगी उपजिलाधिकारियों की नजर, बिचौलिये भी रहेंगे रडार पर**

**क्रय केन्द्रों पर वारदाने की उपलब्धता, साफ-सफाई, पेयजल, छायादार स्थान सहित अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के दिये निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने सोमवार को अमरपुर मण्डी समिति परिसर में विभिन्न संस्थाओं द्वारा संचालित गेहूँ क्रय केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर गेहूँ क्रय, वारदाने की उपलब्धता व भुगतान आदि व्यवस्थाओं जा जायजा लिया। वहीं अधिकारियों को निर्देश दिये कि नियमित रूप से केन्द्र का भ्रमण करना सुनिश्चित करेगें तथा विचौलियों पर भी सतर्क दृष्टि रखें जिससे केन्द्रों पर कोई अव्यवस्था या कृषकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत संचालित समस्त गेहूँ क्रय केन्द्रों पर निगरानी रखेंगें तथा यह सुनिश्चित करेगें कि किसी भी कृषक के नाम से बिचौलिया द्वारा विक्रय का कार्य तो नहीं किया जा रहा है। प्रत्येक केन्द्रों पर राजस्व कार्मिकों की ड्यूटी लगाते हुए बिचौलियों पर भी कड़ी नजर रखी जाए। क्रय केन्द्रों का संचालन पारदर्शी रूप से हो तथा संदिग्ध व्यक्ति(विचौलियों) पर कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम विपणन शाखा केन्द्र बांसी एट का निरीक्षण किया, यहां पर केन्द्र पर केन्द्र प्रभारी/विपणन निरीक्षक सत्यपाल सिंह उपस्थित मिले। उनके द्वारा अवगत कराया गया कि केन्द्र पर 3000 बोरा(बारदाना) उपलब्ध है और 5269.50 कुन्तल गेहूँ का क्रय किया गया है। इस पर केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया गया कि क्रय गेहूँ को समय से गोदामों पर भिजवाएं, साथ ही किसानों का नियमित रूप से भुगतान भी कराना सुनिश्चित करें तथा कृषकों को बैठने/छाया/पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। भारतीय खाद्य निगम द्वार संचालित क्रय केन्द्र के निरीक्षण के दौरान क्रय केन्द्र प्रभारी मोहन कुशवाहा ने बताया कि बोरा की उपलब्धता शून्य है और अब तक क्रय केन्द्र पर 5000.00 कुन्तल गेहूँ क्रय किया जा चुका है। यहां पर केन्द्र प्रभारी को निर्देश दिये गए कि वे केन्द्र परिसर में साफ-सफाई रखना सुनिश्चित करें तथा ग्रीष्म ऋतु दृष्टिगत क्रय केन्द्र पर आने वाले कृषकों के लिए पीने के लिए पेयजल एवं बैठने आदि समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित करायें।

पी0सी0एफ0 द्वारा संचालित क्रय-विक्रय सह0समि0 केन्द्र के निरीक्षण के दौरान क्रय केन्द्र प्रभारी कैलाश चन्द्र जैन ने बताया कि अभी तक क्रय केन्द्र में 1250.00 कुन्तल गेहूँ की खरीद की जा चुकी है। इस पर निर्देश दिये गए कि केन्द्र परिसर में आने वाले कृषकों के लिए पीने के लिए पेयजल एवं बैठने आदि समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए।

पी0सी0एफ0 द्वारा संचालित बी-पैक्स रोड़ा केन्द्र में क्रय केन्द्र प्रभारी जगदीश सिंह नशे की हालत में उपस्थित पाए गए। क्रय केन्द्र प्रभारी द्वारा अवगत कराया गया कि अभी तक क्रय केन्द्र में 376.00 कुन्तल की गेहूँ की खरीद की जा चुकी है। इस पर सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता ललितपुर एवं जिला प्रन्धक पी0सी0एफ0 को उक्त स्थिति पर संज्ञान लेते हुए समुचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए, साथ ही जिला खाद्य विपणन अधिकारी को मण्डी परिसर में संचालित समस्त क्रय केन्द्रों में बोरा(बारदाना) की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराते हुए समस्त केन्द्रों पर नियमित रूप से उठान सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये गए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0)/ जिला खरीद अधिकारी अंकुर श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता एवं जिला प्रबन्धक पी0सी0एस0 उपस्थित रहे।

## मथुरा प्रसाद महाविद्यालय में आयोजित हुई करियर काउंसलिंग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)-** स्थानीय मथुरा प्रसाद महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ विजय विक्रम सिंह के निर्देशन में एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट हरिश्चंद्र तिवारी की देखरेख में छात्र-छात्राओं व कैडेट्स को भविष्य के प्रति जागरूक करने के लिए करियर काउंसलिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के पूर्व छात्र और वर्तमान में सब इंस्पेक्टर शैलेंद्र कुमार रहे। कार्यक्रम का संचालन कैडेट साक्षी द्वारा किया गया। छात्र-छात्राओं को उनके भविष्य के प्रति जागरूक करने के लिए लेफ्टिनेंट हरिश्चंद्र तिवारी ने अपने उद्बोधन में कड़ी मेहनत, लगन व परिश्रम के साथ लक्ष्य को प्राप्त करने का मंत्र दिया, साथ ही यह बताया कि छात्र-छात्राओं को कण -कण व क्षण-क्षण को नहीं भूलना चाहिए। वास्तव में आपके पास उपलब्ध एक-एक पैसा आपकी तैयारी में काम आ सकता है और आपके लिए एक-एक सेकंड भी मूल्यवान है। इंस्पेक्टर शैलेंद्र कुमार ने छात्र-छात्राओं को पुलिस, सेना व शिक्षक के रूप में नौकरी करने के विभिन्न तरीकों व योग्यताओं से छात्र-छात्राओं को अवगत कराते हुए उन्हें मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि जब तक किसी भी व्यक्ति का मानसिक व शारीरिक दोनों स्वस्थ सकारात्मक न हो तब तक लक्ष्य को प्राप्त कर पाना मुश्किल है, स्वास्थ्य के साथ मन को अपने लक्ष्य के प्रति तैयार करके जब हम अपनी संपूर्ण ऊर्जा को अपने लक्ष्य के प्रति लगा देते हैं तो सफलता निश्चित रूप से हमें प्राप्त होती है। रोवर प्रभारी डॉ भूपेंद्र कुमार त्रिपाठी ने छात्र-छात्राओं को लक्ष्य के प्रति प्रेरित करते हुए समय के सदुपयोग व प्रतिदिन राष्ट्रीय- अंतरराष्ट्रीय खबरों का अवलोकन करते रहना व सतत रूप से अध्ययन को प्राथमिकता देने के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम संचालक साक्षी व अंडर ऑफिसर कशिश वर्मा ने किया। इस मौके पर कैडेट रामजी अग्रवाल, अनुज, गोविंद, विवेक, आनंदी, सोनिया आदि उपस्थित रहे।

## सड़क पर बिखरी पड़ी मौरम से फिसली बाइक, चालक गम्भीर घायल



**कोंच(जालौन)-** ग्राम पीपरी के समीप सड़क पर बिखरी पड़ी मौरम पर एक बाइक चालक फिसल गया जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने उसे कोंच सीएचसी में भर्ती कराया। माधौगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम कुरौती निवासी अनेक सिंह (49) अपनी बेटी की 25 अप्रैल को होने वाली शादी के निमंत्रण पत्र बांटने के लिए बाइक से निकला था। सोमवार को वह कैलिया से कोंच की ओर आ रहा था। जैसे ही वह पीपरी कलां स्थित पुल के पास पहुंचा, सड़क पर बिखरी पड़ी मौरम पर उसकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर फिसल गई। हादसे में अनेक सिंह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद राहगीरों ने उसे तत्काल कोंच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## बाल विवाह निषेध जागरूकता संगोष्ठी 21 को

**कोंच(जालौन)-** सामाजिक संस्था अनुरागिनी द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर कोंच के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में 'बाल विवाह निषेध जागरूकता संगोष्ठी' का आयोजन 21 अप्रैल मंगलवार को अपराह्न एक बजे से किया जाएगा। यह कार्यक्रम बालिकाओं को बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा के प्रति जागरूक करने, उनके अधिकारों की जानकारी देने तथा सुरक्षित एवं आत्मनिर्भर जीवन के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अनीता गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। उनके साथ प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि, विद्यालय परिवार, स्थानीय गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में छात्राएं भी कार्यक्रम में सहभागिता करेंगी। संगोष्ठी के दौरान बाल विवाह निषेध, महिला सुरक्षा, शिक्षा का महत्व, गुड टच-बैड टच, हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी एवं सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा की जाएगी।

## उच्च प्राथमिक विद्यालय में नवीन कार्यों का हुआ उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** उच्च प्राथमिक विद्यालय कोंच में विकास कार्यों के उद्घाटन के साथ ही स्कूल चलो अभियान, वार्षिकोत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षण कक्ष में टायलीकरण तथा ग्राउंड में एपिक्स कार्य का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि अध्यक्ष नगरपालिका प्रदीप गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है और ऐसे आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने में सहायक होते हैं। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल चलो अभियान के संदेश के साथ हुई, जिसमें अभिभावकों और विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया गया। इसके बाद विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। नृत्य, गीत और नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया और अतिथियों और उपस्थित जनों की तालियां



बटोरीं। वार्षिकोत्सव के दौरान विद्यालय में शैक्षिक, खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अतुल कुमार ने विद्यालय में कराए गए विकास कार्यों के लिए मुख्य अतिथि एवं पालिका का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सभासद विनोद सोनी एवं सभासद प्रतिनिधि अशोक कुमार गुर्जर, एसएमसी अध्यक्ष विनय झा, शिक्षिका चिंतामणि सिंह, पूजा गुप्ता, एआरपी त्रिभुवन निरंजन, रवींद्र निरंजन, जितेंद्र कुमार गुप्ता, रंजन गोस्वामी, धर्मेंद्र बबेले, रुचिर नायक, आशीष कुमार गुप्ता उपस्थित रहे। संचालन ब्रजेंद्र कुमार वर्मा ने किया।

# त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम में आंशिक संशोधन, 10 जून को होगा अंतिम प्रकाशन

**●मतदाताओं के डुप्लीकेशन और कंप्यूटरीकरण की प्रक्रिया 21 अप्रैल से होगी शुरू, अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे कार्यालय**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/उत्तरप्रदेश-** जिला मजिस्ट्रेट/ जिला निर्वाचन अधिकारी (पं0) बी0एन0 सिंह ने अवगत कराया है कि जनपद सोनभद्र की त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावलियों के वृह्द पुनरीक्षण हेतु पूर्व निर्गत संशोधित सार्वजनिक सूचना आंशिक संशोधन किया गया है। मतदाताओं के डूब्लीकेशन एवं कम्प्यूटरीकरण की कार्यवाही 21 अप्रैल 2026 से 28 मई 2026 तक, कम्प्यूटरीकरण के उपरान्त मतदान केन्द्र/स्थलों का क्रमांकन मतदेय स्थलों के वार्डो की मैंपिंग मतदाता क्रमांकन आंवटन मतदाता सूची की डाउनलोडिंग फोटो प्रतियां कराने आदि, निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिए अन्तिम प्रकाशन 10 जून 2026 को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा अपने क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण कार्यक्रम का प्रमुख स्थानीय समाचार पत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जायेगा तथा सार्वजनिक जानकारी हेतु समस्त सम्बन्धित कार्यालयों के सूचना-पट्ट पर भी यह कार्यक्रम प्रदर्शित किये जायेंगे। निर्वाचक नामावलियों के वृहद पुनरीक्षण के दौरान पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों में सम्बन्धित कार्यालय खुले रहेंगे तथा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कार्यवाही पूर्ण करायी जाएगी। आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए निर्धारित समय सारणी के अनुसार त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावलियों के Deduplication के कार्य सम्पन्न कराये जायेंगे। पूर्व निर्गत संशोधित सार्वजनिक को यथा संशोधित समझा जाए।

## दिशा संस्था के द्वारा निकाला गया स्कूल चलो अभियान जागरूकता रैली




**बस्ती।** बस्ती जिले केविकासखंड हर्रैया के अन्तर्गत ग्राम पंचायत रानीपुर के राजस्व गांव अमधनपुर में दिशा संस्था के मार्गदर्शन में नई दिशा महिला समिति के द्वारा स्कूल चलों अभियान रैली निकाला गया जिसमें गांव की महिलाएं,बच्चे व किशोरियों ने घर-घर विद्या दीप जलाओ अपने बच्चे सभी पढ़ाओ स्लोगन के साथ बच्चों का नामांकन सरकारी परिषदीय विद्यालय में करने के अपील किया । जागरुकता रैली निकालने का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों क्षेत्रों में शिक्षा का स्तर बढ़ाना है । जब बालक - बालिका शिक्षित रहेंगे तो अपने परिवार का विकास के साथ देश का विकास होगा । स्कूल चलो अभियान में भारी संख्या में बच्चे व महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और संकल्प लिया कि हम अपने आस पास के बच्चों को अवश्य शिक्षा के लिए जागरूक करेंगे । गांव गांव घर घर जाकर स्कूल चलो अभियान के तहत शिक्षा की अलग जगाया और बच्चों को विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया अपने सभी बच्चे सरकारी विद्यालय में पढ़ाया जिससे उनका भविष्य उज्जवल हो इस जागरूकता रैली में दिशा संस्था के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सिस्टर लिली, सुरेंद्र पाल व समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहें ।

# परशुराम जयंती पर ब्राह्मण महामंडल का भव्य आयोजन

**●हवन-पूजन व सम्मान समारोह संपन्न**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव (अक्षय तृतीया) के अवसर पर ब्राह्मण महामंडल द्वारा सिद्धक्षेत्र श्रीचंडी माता मंदिर गांधीनगर स्थित धर्मशाला परिसर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्षता ब्राह्मण महामंडल के जिलाध्यक्ष पूर्व नपाध्यक्ष अशोक पटैरिया बटटू ने की। वहीं सैकड़ों की संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित रहे। शुरुआत सुबह 11 बजे भगवान परशुराम के विधि-विधान से पूजन, अभिषेक एवं हवन के साथ हुई। श्रद्धालुओं ने समाज की सुख-समृद्धि और उन्नति की कामना की। जिलाध्यक्ष अशोक पटैरिया बटटू ने कहा कि ब्राह्मण समाज के युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करना और एकता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने भगवान परशुराम के आदर्शों पर चलने का आह्वान करते हुए कहा कि उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज को आगे बढ़ाना होगा। महामंत्री परमानंद तिवारी, डा. एस.पी. पाठक, महेंद्र रावत, डा.दीपक चौबे, राजेश दुबे (डीजीसी), गिरिजा शंकर दुबे, अवध रावत, रामनरेश दुबे, बालकिशन नायक, पवन संज्ञा, बृजेश चतुर्वेदी, महेंद्र अग्निहोत्री, चंद्रशेखर दुबे, जयशंकर प्रसाद द्विवेदी, सीताराम गोस्वामी, मदन शर्मा, दीपक पस्तोर, प्रमोद बबेले सहित अनेक वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए भगवान परशुराम के आदर्शों को अपनाने पर बल दिया। इस दौरान आशीष चौबे नंबरदार द्वारा जिलाध्यक्ष अशोक पटैरिया बटटू एवं महामंत्री परमानंद तिवारी को फरसा भेंट कर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान महिला ब्राह्मण मंडल की ज्योति तिवारी, प्रियंका पटैरिया, गीतीमां तिवारी, निधि दुबे, अनीता गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। इसके अलावा रुक्मिणी कांत त्रिपाठी, रमाकांत तिवारी, महेश अग्निहोत्री, गुरचरण रिछारिया, पार्षद मनमोहन चौबे, अमित तिवारी, अंकित पटेरिया, नरेंद्र पाठक, अश्विनी पुरोहित, विनोद भोंडेले, संजय त्रिवेदी, डा. मुकेश तिवारी, रामदास श्रोती, सुनील पटेरिया, रविशंकर मिश्र, अनिल शुक्ला, राजेश शर्मा, आयुष शर्मा, अभिषेक दुबे सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। संचालन ब्रजमोहन शर्मा ने किया तथा अंत में जिलाध्यक्ष अशोक पटैरिया बटटू ने सभी उपस्थित विप्रजनों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम उपरांत सभी को प्रसाद वितरण किया गया।

# मूंग की सरकारी खरीद को लेकर विधायक मिले सीएम से

**●किसानों और आमजन से जुड़े जनहित के मुद्दों को रखा सीएम के समक्ष**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** मूंग की फसल की सरकारी खरीद को लेकर अगले माह बाद खुलने वाले खरीद केंद्रों की संख्या बढ़ाये जाने और अन्य सारी व्यवस्थाएं समय रहते दुरुस्त किए जाने सहित जनहित से जुड़े अन्य मुद्दों के निराकरण की मंशा से क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर उनको मांगपत्र सौंपा है।

सोमवार को राजधानी लखनऊ में 5 कालिदास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर विधायक ने उन्हें मांगपत्र सौंपते हुए बताया कि विगत दिनों पूर्व कोंच तहसील क्षेत्र सहित



समूची माधोगढ़ विधानसभा क्षेत्र में हुई ओलावृष्टि से खेतों में गेहूं आदि की अधिकांशतः फसलें नष्ट हो गई हैं जिससे किसानों को आर्थिक क्षति पहुंची है। विधायक ने बताया कि क्षेत्र के किसान अब मूंग की पैदावार और अच्छे दामों में सुगमता के बीच फसल बिक जाने के भरोसे हैं इसलिए मूंग के सरकारी खरीद केंद्रों की संख्या पिछली बार के मुकाबले इस बार बढ़ाई जाए और समय रहते सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त की जाएं। इसके अलावा विधायक ने इन दिनों चल रहे गेहूं खरीद केंद्रों पर वारदाना, ई-पॉश मशीन की कमी जैसी समस्याओं से परेशान होने वाले किसानों की पीड़ा भी मुख्यमंत्री को बताते हुए व्यवस्था ठीक कराए जाने की मांग की। ओलावृष्टि से प्रभावित ऐसे किसान जो शासन द्वारा प्रदत्त सहायता से वंचित रह गए हैं, को यथाशीघ्र सहायता उपलब्ध कराए जाने के लिए प्रशासन को निर्देशित करने की मांग की। वहीं प्रदेश भर में स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटर की अनिवार्यता पर रोक लगाए जाने के फैसले पर विधायक ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए इस फैसले को जनहित में बताया। विधायक ने बताया कि किसानों सहित आमजन से जुड़ी समस्याओं को लेकर उनके द्वारा दिए गए मांगपत्र पर मुख्यमंत्री ने अतिशीघ्र ही कार्यवाही अमल में लाए जाने का भरोसा दिया है। फिलहाल जनहित के मुद्दों पर विधायक की मुख्यमंत्री से हुई मुलाकात पर किसानों सहित आमजन ने विधायक का आभार जताया है।

## नागरिक विकास मोर्चा की शोक सभा आयोजित

**दिवंगत आत्मा की शांति हेतु रखा गया मौन**

**ललितपुर।** नागरिक विकास मोर्चा की शोक सभा अध्यक्ष हरीबाबू शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में वरिष्ठ नेता दिनेश गोस्वामी की धर्मपत्नी एवं कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (प्रशासन) पंकज हुण्डैत की माताजी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। सभा में उपस्थित सदस्यों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए ईश्वर से दुख की इस घड़ी में परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। सभा में हरीबाबू शर्मा, विवेक व्यास, राजपाल सिंह, ध्रुव किलेदार, पवन शास्त्री, अशोक श्रीवास्तव, उबेश खान, मो.आशिफ, महेंद्र शुक्ला, दयाशंकर पाठक, सुधीर श्रीवास्तव, ब्रजबिहारी मिश्रा, सोनू तिवारी, मोहम्मद शरीफ, जावेद, राजेंद्र मोहन दुबे, रामप्रकाश अग्रवाल, रिंकू रिछारिया, जी.एस. तिवारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# एक वर्षीय लिपिकीय प्रशिक्षण एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की नि:शुल्क कोचिंग

**●सेवायोजन कार्यालय में जमा करें आवेदन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने अवगत करा है कि उ.प्र. श्रम एवं सेवायोजन विभाग, जिला सेवायोजन कार्यालय के अधीन संचालित शिक्षण एवं मार्गदर्शन केन्द्र में एक वर्षीय लिपिकीय वर्ग का निशुल्क प्रशिक्षण कोर्स संचालित किया जा रहा है। साथ ही प्रशिक्षार्थियों को विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क कोचिंग दी जाती है। आरक्षित वर्ग के ऐसे अभ्यर्थी जो जिला सेवायोजन कार्यालय में पंजीकृत हो जिनकी शैक्षिक योग्यता न्यूनतम इण्टरमीडिएट एवं हाईस्कूल में अंग्रेजी विषय के साथ उत्तीर्ण हो और जिनकी आयु 01 अप्रैल, 2026 को 18 वर्ष से 35 वर्ष के मध्य हो, अपना आवेदन पत्र जिला सेवायोजन कार्यालय में 23 अप्रैल, 2026 को अपरान्ह 4 बजे तक जमा कर सकते हैं। आवेदन के साथ शैक्षिक योग्यता प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति व जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 24 अप्रैल, 2026 को सुबह 10:30 बजे एवं पिछड़ी जाति के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 25 अप्रैल, 2026 को सुबह 10.30 बजे से जिला सेवायोजन कार्यालय, गोविन्द नगर कॉलोनी में होगा। आवेदन पत्र का प्रारूप कार्यालय के सूचना पट पर चस्पा है। अधिक जानकारी के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय में आकर व मोबाइल नं. 7007362396 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# पूरी गंभीरता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर जनगणना कार्य करें कार्मिक: जिलाधिकारी

**●जनगणना 2027 के लिए जनगणना कार्मिकों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण का डीएम ने फीता काटकर किया शुभारंभ**

**मतगणना कार्मिकों को मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा जनगणना कार्य की बारीकियों से कराया गया अवगत**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जनपद में जनगणना 2027 को सम्पादित कराने के लिए सोमवार को जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का रिबन काटकर शुभारंभ किया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान ललितपुर सदर में दो और तालबेहट नगर पंचायत में एक बैच का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रत्येक बैच में 50 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षित किया जाना है।

जिलाधिकारी ने जनगणना कर्मियों से गंभीरता के साथ प्रशिक्षण लेकर जनगणना कार्य को भलीभांति संपन्न कराने एवं प्रशिक्षण सत्र के दौरान अनुपस्थित रहने वाले प्रशिक्षुओं के विरुद्ध जनगणना अधिनियम की सुसंगत धाराओं में दण्डात्मक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर गणना प्रभारी द्वारा बताया गया कि बताया कि वर्ष 2011 के बाद वर्ष 2027 हेतु जनगणना कार्य प्रस्तावित है, जनगणना 2027 का प्रथम चरण 22 मई से 20 जून 2026 के मध्य होना है और स्वगणना का कार्य 7 मई से 21 मई के मध्य होगा, इसके लिए जिले में लगभग 3000 जनगणना कर्मियों को जनगणना कार्य हेतु लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनगणना कार्य 2 चरणों में किया जाएगा, प्रथम चरण में मई से जून 2026 तक प्रगणकों द्वारा हाउस लिस्टिंग की जाएगी और दूसरे चरण में फरवरी 2027 तक लिस्टेड हाउसेस की जनगणना की जाएगी। बताया गया कि इस बार जनगणना ऑनलाइन सीएमएम पोर्टल पर की जाएगी, जिसमें 34 बिंदुओं पर सूचनाएं भरी जानी है। इसके लिए 2878 प्रगणक, 488 सुपरवाईजर, 42 फील्ड ट्रेनर व 2 मास्टर ट्रेनर नियुक्त किये जायेंगे।

कार्यक्रम में अपर जिला अधिकारी अंकुर श्रीवास्तव, उप जिला अधिकारी मनीष कुमार, तहसीलदार सदरएस तनवीर हसन, जनगणना प्रभारी, मास्टर ट्रेनर्स, प्रगणक, सुरपरवाईजर व अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### कानपुर के गणेश मंदिर में मुकुटों की चोरी करने वाले पति-पत्नी व खरीदने वाला गिरफ्तार



**कानपुर।** कानपुर नगर के थाना हरवंश मोहाल स्थित प्रसिद्ध गणेश मंदिर में 11 अप्रैल की रात्रि हुई मुकुटों की चोरी करने वाले पति-पत्नी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिस व्यक्ति को यह मुकुट बेचे गए थे पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया है। यह जानकारी देते हुए पुलिस उपायुक्त पूर्वी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि पूछताछ में यह मालूम पड़ा है कि चोरी से एक दिन पहले अभियुक्त स्कूटी से गिर पड़ा था जिससे उनको काफी नुकसान हुआ था, उस नुकसान की शीघ्र भरपाई करने के लिए उसने यह चोरी की घटना कारित की। अभियुक्तों ने बताया कि चोरी करने के लिए उस रात उसने तीन मंदिरों की रेकी की थी जिसमें यह मंदिर उसे मुफीद लगा और उसने घटना को अंजाम दिया। यह चोरी की घटना माजिद अंसारी और उसकी पत्नी अंजुम परवीन ने की थी और मुकुटों को चोरी करके उसने ज़ावेद अहमद को बेचा था। पुलिस ने इन तीनों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इनके कब्जे से एक चांदी का बिस्किट वज़न 154 ग्राम, एक अदद बिस्किट व कुल 46400 रुपए नकद बरामद किए हैं।

### बजरिया में चला हूटर, प्रेशर हॉर्न व मॉडिफाइड साइलेंसर के विरूद्ध चैकिंग अभियान



**कानपुर।** श्रम आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देशन में आज संभागीय परिवहन कार्यालय कानपुर व कानपुर पुलिस के अधिकारियों द्वारा बजरिया स्थित मोटर पार्ट्स की दुकानों पर प्रेशर हॉर्न, मॉडिफाइड साइलेंसर, आदि के विरुद्ध सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। दुकानदारों को हिदायत दी गई कि वे किसी भी प्रकार के हूटर, प्रेशर हॉर्न, मॉडिफाइड साइलेंसर की बिक्री नहीं करेंगे और न ही किसी वाहन में फिट करेंगे। यदि ऐसा पाया गया तो उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। आज दिनांक 20.04.2026 को सघन चेकिंग अभियान में मंजय सिंह सहायक पुलिस आयुक्त यातायात कमिश्नरेट कानपुर नगर, कहकसा एआरटीओ कानपुर नगर के नेतृत्व में विनीत कुमार प्रभारी निरीक्षक कर्नलगंज, अरविन्द कुमार शर्मा प्रभारी निरीक्षक बजरिया मय पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र बजरिया में स्थित मोटरसाइकिल के पार्ट्स की दुकानों पर मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न, आदि के सम्बन्ध में सघन चेकिंग की गयी। शासन तथा उच्चाधिकारीगण द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों से अवगत कराया गया तथा हिदायत किया गया।

### सचेंडी में मासूम से दुष्कर्म-होटल कर्मचारी गिरफ्तार, क्षेत्र में आक्रोश




**कानपुर।** सचेंडी थाना क्षेत्र में एक सात वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। आरोप है कि एक होटल में काम करने वाले कर्मचारी ने बच्ची को बहला-फुसलाकर इस वारदात को अंजाम दिया। जानकारी के मुताबिक, घटना के बाद पीड़िता किसी तरह वहां से निकलकर रोते-बिलखते अपने गांव पहुंची। बच्ची की स्थिति देखकर पड़ोसियों ने जब उससे कारण पूछा, तो उसने अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजनों को सूचित किया गया और मामला पुलिस तक पहुंचाया गया।

सचेंडी थाने में शिकायत दर्ज होते ही पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण भी कराया है, जबकि मामले की विस्तृत जांच जारी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस गंभीर मामले में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद क्षेत्र में लोगों में गहरा आक्रोश है और बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता भी बढ़ गई है।

# जिलाधिकारी का औचक निरीक्षण : 25 कर्मियों का एक दिन का वेतन कटा, स्पष्टीकरण मांगा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर/** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर के विभिन्न पटलों का सोमवार को औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संयुक्त कार्यालय, अभिलेखागार, प्रोबेशन, भूलेख, कोषागार, उपजिलाधिकारी न्यायिक, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.), खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग सहित अन्य महत्वपूर्ण शाखाओं का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी ने कार्यालयों की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के रख-रखाव तथा साफ-सफाई व्यवस्था का विशेष रूप से जायजा लिया। सफाई व्यवस्था संतोषजनक न पाए जाने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों को तत्काल साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कार्यालय परिसर में स्वच्छता और अनुशासन से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

औचक निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन कार्यालय बंद पाया गया। इसके अलावा कई अधिकारी एवं कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए, जिसमें संयुक्त कार्यालय के 13 कर्मचारी, भूलेख के 3 कर्मचारी, कोषागार के 6 कर्मचारी, आबकारी विभाग के 2 कर्मचारी तथा प्रोबेशन विभाग का 1 कर्मचारी शामिल है। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने सभी अनुपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए।साथ ही, जिलाधिकारी ने सख्त कार्रवाई करते हुए अनुपस्थित पाए गए समस्त अधिकारी/कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने का आदेश भी जारी किया। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि समयपालन, कार्य के प्रति जिम्मेदारी और कार्यालय व्यवस्था में सुधार लाया जाए, ताकि आमजन को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर और कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### घाटमपुर थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह विष्ट का तबादला



**घाटमपुर।** घाटमपुर थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह विष्ट का पनकी थाने में तबादला हो गया है,,अब उनकी जगह मनोज सिंह भदौरिया को घाटमपुर का नया थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है,, घाटमपुर थाने में दिनेश सिंह विष्ट के लिए एक बिदाई समारोह आयोजित किया गया,,इस अवसर पर स्थानीय विधायक सरोज कुरील भी मौजूद रहीं, विधायक ने दिनेश सिंह विष्ट को फूलों की मालाएं पहनाई और तलवार भेंट कर उनके कार्यकाल के प्रति सम्मान व्यक्त किया,,बिदाई समारोह में विधायक सरोज कुरील के साथ साथ सभी चौकी के पुलिस कर्मी चौंकी प्रभारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## यातायात पुलिस द्वारा मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न और हूटर के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार के निर्देशन में शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु दिनांक 18.04.2026 से दिनांक 19.04.2026 तक एक सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया । इस अभियान के दौरान यातायात पुलिस एवं स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीमों ने शहर के विभिन्न प्रमुख चौराहों/तिराहों पर वाहनों की सघन जांच की। अभियान के अंतर्गत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए कुल 336 वाहनों का चालान किया गया । दोपहिया वाहनों में लगे मॉडिफाइड साइलेंसर के विरुद्ध कार्रवाई की गई। ट्रकों एवं भारी वाहनों में लगे अवैध प्रेशर हॉर्न पर भी कार्रवाई की गई। निजी वाहनों पर अनधिकृत रूप से लगी नीली / लाल बत्ती एवं हूटर के खिलाफ सख्त कार्रवाई हुई। नियम



विरुद्ध पाए गए वाहनों का मौके पर चालान किया गया। पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार ने बताया कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। सार्वजनिक सड़कों पर स्टंट करने वाले एवं मॉडिफाइड उपकरणों से शांति भंग करने वालों के विरुद्ध कठोर विधिक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे अपने वाहनों में किसी भी प्रकार का अवैध मॉडिफिकेशन न कराएं तथा सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करते हुए यातायात नियमों का पालन करें ।


# मोना जी जन प्रतिनिधि ही नहीं बल्कि समर्पण संघर्ष एवं सेवा की मिसाल हैं- डॉ नीरज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में सीएलपी लीडर एवं रामपुर खास की विधायक श्रीमती आराधना मिश्रा 'मोना' का जन्मदिन केक काटकर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उनके चित्र पर केक खिलाकर कार्यकर्ताओं ने अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की।इस मौके पर जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी जी ने भावनात्मक संबोधन में कहा कि आराधना मिश्रा 'मोना' जी केवल एक जनप्रतिनिधि नहीं, बल्कि समर्पण, संघर्ष और सेवा की जीवंत मिसाल हैं। उनके पिता प्रमोद तिवारी जी ने प्रतापगढ़ की रामपुर खास विधानसभा से लगातार 9 बार जीत हासिल कर एक ही दल, एक ही निशान और एक ही विधानसभा क्षेत्र से इतिहास रचते हुए अपना नाम वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराया है। यह केवल एक राजनीतिक उपलब्धि नहीं, बल्कि जनता के अटूट विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने आगे कहा कि मोना जी ने अपने पिता की इस गौरवशाली विरासत को पूरी निष्ठा के साथ आगे बढ़ाया है और लगातार तीन बार विधायक बनकर क्षेत्र की सेवा की है। जनता का जो स्नेह और आशीर्वाद उन्हें मिल रहा है, उससे यह स्पष्ट है कि आने वाले समय में भी वे 50 हजार से अधिक मतों से जीत दर्ज कर सेवा, समर्पण और विश्वास के 50 वर्षों के इतिहास को और मजबूत करेंगी।कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला एवं शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष काशी नारायण मिश्र ने कहा कि मोना जी का जीवन संघर्ष, संवेदनशीलता और जनता के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उनका नेतृत्व कांग्रेस पार्टी के लिए प्रेरणास्रोत है और हम सभी कार्यकर्ता उनके बताए मार्ग पर चलकर संगठन को और मजबूत करने का संकल्प लेते हैं।इस अवसर पर मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, नगर अध्यक्ष मोहम्मद इश्तियाक, जिला प्रवक्ता मासूम हैदर,मनरेगा प्रभारी रवि भूषण सिन्हा, विधि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मकरंद शुक्ला, चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ दीपक शुक्ला, कार्यालय सचिव रियाज सुल्तान, जिला सचिव केके शुक्ला, सिटी नगर पंचायत अध्यक्ष शहजाद सलमानी, संस्कार मिश्र,जिला सचिव आशिक अली, नगर सचिव अरबाज आलम, रवि प्रताप सिंह, जिला सचिव पृथ्वीराज गौतम, लक्ष्मणपुर ब्लॉक अध्यक्ष रविंद्र मिश्रा, एडवोकेट ओम प्रकाश तिवारी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### बिना शुल्क जमा किये चल रहा था ईट भट्ठा, कार्रवाई में टिपर जब्त



**प्रतापगढ़।** खान निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया है कि जनपद में बिना विनियमन शुल्क जमा किए भट्ठे के संचालन करने पर उनके विरूद्ध लगातार नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। इस क्रम में 18 अप्रैल को तहसील लालगंज के ग्राम मेढ़ावा में स्थित मे0 गोविन्द ब्रिक फील्ड प्रो0 महिमा सिंह द्वारा वर्ष 2023-24 व 2025-26 में बिना विनियमन शुल्क जमा किए ईंट बनाने हेतु प्रयोग में लायी जाने वाली मिट्टी का खनन करते हुए भट्ठे का संचालन किया जा रहा था। जिससे राजस्व की क्षति हो रही थी। भट्ठा स्वामी को बकाया विनियमन शुल्क जमा किए जाने हेतु भट्ठे पर जाकर खनन विभाग द्वारा कई बार नोटिस दिया गया। परन्तु भट्ठा स्वामी द्वारा विनियमन शुल्क की धनराशि जमा नहीं करायी गयी, जिस कारण नायब तहसीलदार रामपुर खास तहसील लालगंज, क्षेत्रीय लेखपाल व खान निरीक्षक एवं थाना लालगंज के पुलिस बल द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए हुए भट्ठे पर कार्यरत मिट्टी से लदी हुयी एक टिपर पकड़ कर थाना लालगंज की अभिरक्षा में दिया गया है। खान निरीक्षक द्वारा बताया गया कि जनपद में बिना बिनियमन शुल्क जमा किए गये समस्त ईट भट्ठों को चिन्हित कर उस पर कार्यवाही की जा रही है।

## व्यापारी समाज के भीष्म पितामह पं. श्याम बिहारी मिश्रा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** व्यापारी समाज के मसीहा एवं चार बार के सांसद रहे पं.श्याम बिहारी मिश्रा की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर व्यापार मंडल कार्यालय, जगदीश मार्केट में श्रद्धांजलि सभा एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित व्यापारी नेताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि पं.श्याम बिहारी मिश्रा देश के करोड़ों व्यापारियों के प्रेरणा स्रोत थे। उन्होंने निडर और निःस्वार्थ नेतृत्व के माध्यम से व्यापारियों को एक सूत्र में पिरोकर उन्हें स्वाभिमान और सम्मान के साथ व्यापार करने की राह दिखाई। उन्होंने उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश में व्यापार मंडलों की स्थापना कर लगभग 10 करोड़ व्यापारियों को संगठित किया। वक्ताओं ने आगे कहा कि पं. मिश्रा ने अपने जीवन के पांच दशक व्यापारियों के अधिकारों की रक्षा और सेवा में समर्पित कर दिए। उन्होंने सड़क से लेकर संसद तक व्यापारी हितों के लिए संघर्ष किया, पुलिस की लाठियां खाईं और कई बार जेल भी गए, लेकिन कभी झुके नहीं। आवश्यक वस्तु अधिनियम, बाट-माप अधिनियम, सैंपलिंग कानून और इंस्पेक्टर राज जैसी व्यवस्थाओं के खिलाफ उन्होंने लगातार आवाज उठाई और व्यापारियों को राहत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नेताओं ने उन्हें व्यापारी समाज का भीष्म पितामह बताते हुए कहा कि उन्होंने व्यापारियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया और यह सिखाया कि व्यापारी समाज देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। भाजपा के सांसद रहते हुए भी उन्होंने व्यापारी हितों के लिए अपनी ही सरकार के खिलाफ संघर्ष करने से परहेज नहीं किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने पं.मिश्रा के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान प्रदेश चेयरमैन महेंद्र जैन मयूर, जिलाध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी, नगराध्यक्ष महेश जैन मोनू, महामंत्री अनिल जैन, प्रदेश मंत्री नवीन, प्रदेश संगठन मंत्री अशोक जैन अनौरा, नगर महामंत्री पंकज बिरधा, डा.प्रीतम सराफ, अभय जैन एड., स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज अध्यक्ष मुकेश जैन, महेश सतभैया, राजीव सुडेले, आईटी मंच अध्यक्ष अंकित सतभैया, युवा जिला संयुक्त महामंत्री अविरल जैन, अरविंद जैन, रिक्की जैन, उदयभान सिंह यादव, मोहम्मद नईम, मनमोहन पटवा, अविनाश जैन मयूर, विनोद जैन, बासु जैन सहित अनेक व्यापारी नेता उपस्थित रहे।

## उत्तर प्रदेश में कानपुर से 'सूर्य रथ' की शुरुआत- हर घर सोलर का अभियान तेज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश में प्रथम बार कानपुर नगर से आज 'पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना' के अंतर्गत सिटी एक्सीलरेटर प्रोग्राम (CAP) का भव्य शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन यूपी नेडा के सहयोग से नेशनल सोलर एनर्जी फेडरेशन ऑफ इंडिया (NSEFI) तथा रॉकी माउंटेन इंस्टीट्यूट (RMI) द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में रूफटॉप सोलर को बढ़ावा देना तथा आम नागरिकों तक इसकी पहुंच सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नीलिमा कटियार, विधायक, कल्याणपुर तथा दीक्षा जैन (IAS), मुख्य विकास अधिकारी, कानपुर नगर उपस्थित रहीं तथा विशिष्ट अतिथि आलोक कुमार सिंह, परियोजना निदेशक की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर राकेश पाण्डेय, परियोजना अधिकारी, यूपी नेडा द्वारा सिटी एक्सीलरेटर प्रोग्राम के अंतर्गत संचालित किए



जाने वाले विभिन्न जागरूकता अभियानों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। उन्होंने बताया कि यह पहल शहरी क्षेत्रों में रूफटॉप सोलर को अपनाने की प्रक्रिया को तेज करने, नागरिकों को योजना से जोड़ने तथा उनके बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी लाने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई है। विधायिका नीलिमा कटियार ने अपने संबोधन में कार्बन उत्सर्जन, जलवायु परिवर्तन एवं सोलर पैनल के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा अपनाकर न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया जा सकता है, बल्कि भविष्य की ऊर्जा आवश्यकताओं को सतत, सुरक्षित एवं किफायती बनाया जा सकता है।

### नोएडा में तैनात एसआई का हृदय गति रुकने से निधन



**कानपुर** – नोएडा में तैनात एसआई अनुपम कनौजिया का आकस्मिक निधन, क्षेत्र में शोक की लहर , कानपुर के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के बैरी निवासी अनुपम कनौजिया उर्फ पमपम पटेल का आकस्मिक निधन हो गया। वह वर्तमान में नोएडा के गौतम बुद्ध नगर में उपनिरीक्षक (SI) के पद पर तैनात थे। परिजनों के अनुसार, उनका निधन हृदयगति रुकने के कारण हुआ। अचानक हुई इस घटना से परिवार, मित्रों और क्षेत्रवासियों में गहरा शोक व्याप्त है। जैसे ही निधन की खबर क्षेत्र में फैली, शोक व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। अनुपम कनौजिया के निधन को लेकर पुलिस विभाग में भी शोक की लहर है। उनके सहयोगियों ने उन्हें एक कर्मठ और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी बताया। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति दें।

## आदर्श लघु माध्यमिक विद्यालय में आयोजित हुआ नव प्रवेश उत्सव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत कपिलवस्तु क्षेत्र अंतर्गत बर्डपुर नगर में स्थित आदर्श लघु माध्यमिक विद्यालय बर्डपुर में नए शिक्षा सत्र का शुभारंभ और नव प्रवेशी विद्यार्थियों का प्रवेश उत्सव कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। विद्यालय में शुरू हुए नए शैक्षिक सत्र के शुभारंभ के अवसर पर विद्यालय की प्रबंधक राजकुमारी पाण्डेय की उपस्थिति में शिक्षकों सहित स्कूल पहुंचे बच्चों का तिलक लगाकर और पुष्प वर्षा कर एवं आरती उतारकर तथा उन्हें गुलाब का पुष्प भेंट कर स्वागत किया।विद्यालय की प्रबंधक राजकुमारी पाण्डेय ने बताया कि प्रवेश उत्सव का उद्देश्य छात्रों में विद्यालय के प्रति अपनापन, अनुशासन एवं पढ़ाई के प्रति सकारात्मक माहौल बनाना है।वही बच्चों ने फीता काटकर विद्यालय में प्रवेश किया । तो वहीं माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए माँ सरस्वती से बल,बुद्धि, विद्या प्रदान करने की प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में नव प्रवेशी नन्हे मुँन्हे बच्चे आकर्षण का केन्द्र रहे। इस दौरान विद्यालय के संचालक नितेश पाण्डेय ने सत्र प्रारम्भ की विशेष प्रार्थना सभा में संचालक कौशल, संस्कार, संकल्प थीम के साथ नए सत्र की कार्ययोजना प्रस्तुत की। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक शोभनाथ यादव ने मुख्य वक्ता के रूप में छात्रों को संबोधित करते हुए नियमित अध्ययन व लक्ष्य निर्धारण पर बल दिया। सभी छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों को विद्यालय के बारे में बताते हुए कहा कि यह विद्यालय पिछले 41 वर्षों से क्षेत्र में बेहतर एवं गुवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करते हुए अपने 42 वें सत्र में प्रवेश कर रहा है । क्षेत्र के अभिभावकों के सहयोग से विद्यालय एवं उसमें अध्ययनरत छात्र - छात्राएं अपने कठोर परिश्रम के फलस्वरूप निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। इस दौरान उमेश यादव, संतोष यादव,संदीप राव, रुचि उपाध्याय, श्वेता पटवा, रीता जायसवाल,पवन पाठक, सरिता जायसवाल, अन्नू जायसवाल, प्रेमलता पासवान, संगीता मौर्य, शशि जायसवाल, विनय कुमार वर्मा, अरुण कुमार, अमित कुमार, चंद्रावती देवी आदि उपस्थित रहे।

## डीएम ने बाल कल्याण समिति कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

● अनुपस्थित लोगों का एक दिन का मानदेय बाधित करने का निर्देश दिए गए, स्पष्टीकरण मांगा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर/** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित बाल कल्याण समिति, खजुरिया रोड, सिद्धार्थनगर के कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित पंजिका का अवलोकन करने पर यह पता चला कि राधा श्रीवास्तव (सदस्य) विगत 05 दिवस, प्रकाशनी श्रीवास्तव (सदस्य ) बाल कल्याण समिति, 01 दिवस और सुनील कुमार (कम्प्यूटर ऑपरेटर) बाल कल्याण समिति अनुपस्थित पाये गये। निरीक्षण के समय अपर्णा श्रीवास्तव (अध्यक्ष) बाल कल्याण समिति/ विरेन्द्र मिश्र (सदस्य) बाल कल्याण समिति और इलमा सिद्दिकी (पैरा लीगल वलंटियर) उपस्थित पाये गये। जिलाधिकारी द्वारा वर्तमान माह में समिति के समक्ष प्रस्तुत प्रकरणों की सूचना, अभिलेख दिखाये जाने को कहा गया जिस पर अपर्णा श्रीवास्तव (अध्यक्ष) बाल कल्याण समिति सूचना उपलब्ध नहीं करा पायी तथा कार्य में लापरवाही किये जाने पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुये आवश्यक कार्यवाही हेतु निदेशक महिला कल्याण उ0प्र0 लखनऊ को पत्र प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें। जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया गया कि अनुपस्थित कार्मिकों का 01 दिन का मानदेय बाधित करते हुये, स्पष्टीकरण लेना सुनिश्चित करें।

### नवप्रवेशी बच्चों का विद्यालय में हुआ स्वागत



**सिद्धार्थनगर /**शोहरतगढ़ विकास क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में नये शिक्षण सत्र के शुरू होने के बाद विद्यालयों के शिक्षक अभिभावकों को जागरूक कर बच्चों का दाखिला स्कूल में कराने के लिये प्रेरित कर रहे हैं। प्राथमिक विद्यालय खुरहुरिया में सोमवार को नवप्रवेशी बच्चों का विद्यालय परिवार ने तिलक लगाकर, कलम, कापी व पेंसिल आदि भेंटकर स्वागत किया। नव प्रवेशी बच्चों को शिक्षकों ने अनाज के ऊपर उंगलियों को फेरकर अक्षर व गिनतियों को लिखने,आकृति को बनाने का तरीका सिखाया। अपने - अपने अभिभावकों के साथ पहुंची छात्रा नंदनी, सुंदरी, व बबिता, मोहन आदि के चेहरे पर खुशी रही। इस दौरान प्रधानाध्यापिका कल्पना रावत, गीता, रंजना श्रीवास्तव, कन्हैया लाल मौर्य आदि लोग उपस्थित रहे।

## प्रज्ञा तिवारी की पुस्तक बाल प्रज्ञा प्रबोधिनी और प्रगति पथ का हुआ विमोचन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** शहर के सिद्धार्थ होटल में जनपद सुल्तानपुर की लोकप्रिय कवयित्री एवं सुप्रसिद्ध लेखिका प्रज्ञा तिवारी की पुस्तक बाल प्रज्ञा प्रबोधिनी एवं प्रगति पथ का विमोचन संपन्न हुआ।इस अवसर पर प्रज्ञा तिवारी ने कहा कि उन्होंने सैकड़ो कविताएं लिखी है और धीरे-धीरे सब का प्रकाशन होना है।उन्होंने कहा कि पुस्तक का प्रकाशन व विमोचन पत्रकार अखिल नारायण सिंह के सहयोग के बिना संभव नहीं था। इस दौरान प्रज्ञा तिवारी का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मीरा तिवारी की वाणी वंदना से हुई।

इस अवसर पर सभी कवयित्रियों ने अपने अपने काव्य पाठ के माध्यम से पुस्तक की लेखिका प्रज्ञा तिवारी को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। इस दौरान मीरा तिवारी,पूनम मिश्रा, महाश्वेता राजे सिंह, चांदनी दुबे ,डॉक्टर रंजीता समृद्धि और नाजो नाज ने काव्य पाठ किया। कार्यक्रम में सभी कवयित्रियों को शाल,सम्मान पत्र एवं बुके देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता न्यू एंजिल्स कालेज की प्रबन्धिका डॉ शाहिदा ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में सुल्तानपुर से लोकप्रिय कवयित्री प्रतिभा पांडे उपस्थित रही।कवयित्री चांदनी दुबे ने अतिथियों का बैज लगाकर स्वागत किया।

कार्यक्रम के आयोजक पत्रकार अखिल नारायण सिंह ने सभी आगंतुकों का सम्मान शाल एवं पुष्प गुच्छ से सम्मानित किया।इस अवसर पर डॉ हरिकेश बहादुर सिंह ने कहा कि पत्रकार सुमन समाचार पत्र नए लेखकों के प्रोत्साहन का एक उचित माध्यम है जिसकी शुरुआत वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय सत्यनारायण सिंह जी ने की थी। उसी कार्य को आगे बढ़ाने का काम अखिल नारायण सिंह कर रहे हैं।डॉ संगम लाल त्रिपाठी भंवर ने आयोजन समिति का आभार व्यक्त करते हुए प्रज्ञा तिवारी को शुभकामनाएं दी।कार्यक्रम का संयोजन नियाज प्रतापगढ़ी ने किया। उन्होंने कहा कि आज के समय में जिस तरह से साहित्य व समाज और रिश्तों के प्रति फिक्र व एहसास प्रज्ञा तिवारी की पुस्तक में दिखी और पढ़ने को मिला ये वास्तव में एक सच्ची कलमकारा की पहचान है। साहित्यकार व संरक्षक प्रेम कुमार त्रिपाठी ने कार्यक्रम का कुशल संचालन किया।इस अवसर पर समाज सेवी श्याम शंकर द्विवेदी,संजय द्विवेदी,डॉ.शमीम ख़ान,रामकेवल पुष्पाकर,रिजवान अहमद,मोहम्मद अनीस एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## घाटमपुर में आटो ट्रैक्टर की टक्कर,दो लोग गंभीर रूप से घायल

**घाटमपुर।** जहानाबाद रोड रेलवे क्रासिंग के पास आटो और ट्रैक्टर की जोरदार टक्कर हो गई, इस हादसे में आटो चालक सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, घायलों में कल्याण पुर गांव निवासी 35 वर्ष आटो चालक कमलेश पुत्र रामप्रसाद,और कस्बे के डाकखाना रोड निवासी 15 वर्षीय शनि पुत्र राजेश शामिल हैं, परिजनों के अनुसार कमलेश अपनी आटो लेकर जहानाबाद रोड घर की ओर जा रहा था, तभी यह हादसा हुआ, जहानाबाद रोड रेलवे क्रासिंग के आगे अचानक ट्रैक्टर आ जानें से आटो से उसकी टक्कर हो गई, सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची, और दोनों घायलों को घाटमपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डाक्टरों ने आटो चालक कमलेश को गंभीर हालत को देखते हुए उसे कानपुर के उर्सला अस्पताल रेफर कर दिया, घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची , पुलिस ने दुर्घटना ग्रस्त दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया, और आगे की कानूनी कार्रवाई मे जुट गई।

# संक्षिप्त खबरें

## कर्नाटकः ED ने कांग्रेस विधायक के बेटों समेत अन्य के ठिकानों पर मारा छापा, मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में कार्रवाई



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कर्नाटक में कई जगहों पर छापामारी की। इसमें कर्नाटक कांग्रेस विधायक एन.ए. हरिस के बेटों से जुड़े परिसर शामिल हैं। यह कार्रवाई क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के तहत की गई है। अधिकारियों ने बताया कि प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत श्रीकृष्ण रमेश उर्फ श्रीकी और अन्य आरोपियों के खिलाफ करीब 12 परिसरों पर तलाशी ली जा रही है। ये छापा बेंगलुरु समेत कर्नाटक के विभिन्न स्थानों पर किए गए। छापों में विधायक एन.ए. हरिस के बेटों मोहम्मद हरिस नालापड़ और ओमार फारूक नालापड़ से जुड़े परिसर भी शामिल हैं।

**क्रिप्टो हैकिंग और बिटकॉइन चोरी से जुड़ा मामला**


जांच कर्नाटक पुलिस द्वारा दर्ज कई एफआईआर और चार्जशीट पर आधारित है। इनमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय वेबसाइटों को हैक करना, बिटकॉइन चोरी, एक्सटॉर्शन और एनडीपीएस एक्ट के उल्लंघन जैसे अपराध शामिल हैं। ईडी की जांच से पता चला है कि आरोपियों का तरीका यह था कि वे वेबसाइटों और क्रिप्टो वॉलेट्स को हैक करके वर्चुअल डिजिटल एसेट्स चुराते थे। फिर इन्हें क्रिप्टो ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म्स के जरिए बेचा जाता था। प्राप्त आय को बैंक खातों के माध्यम से लेयरिंग करके व्यक्तिगत फायदे के लिए इस्तेमाल किया जाता था।

**विधायक के बेटे मुख्य लाभार्थी?**

ईडी के अनुसार, मोहम्मद हरिस नालापड़ और ओमार फारूक नालापड़ श्रीकृष्ण रमेश उर्फ श्रीकी के करीबी सहयोगी हैं और वे अपराध से प्राप्त आय के मुख्य लाभार्थी बताए जा रहे हैं। एन.ए. हरिस शांतिनगर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक हैं। छापों की इस कार्रवाई से कर्नाटक की राजनीति में हलचल मच गई है। श्रीकी पर 2017 से ही वेबसाइट हैकिंग और बिटकॉइन चोरी के आरोप हैं। ईडी अब मनी ट्रेल और लॉन्ड्रिंग नेटवर्क की गहराई से जांच कर रही है।

## अब सरकारी गवाह बनना चाहती हैं Jacqueline Fernandez, 200 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ED से मांगा जवाब

पटियाला हाउस कोर्ट ने जैकलीन फर्नांडिस की सरकारी गवाह बनने की अर्जी पर ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय दिया है। यह मामला 200 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग से संबंधित है, जिसमें सुकेश चंद्रशेखर मुख्य आरोपी हैं



**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस स्थित विशेष न्यायाधीश की अदालत ने अभिनेत्री Jacqueline Fernandez की उस अर्जी पर जवाब दाखिल करने के लिए ईडी को अतिरिक्त समय दे दिया है, जिसमें उन्होंने 200 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सरकारी गवाह बनने की अनुमति देने की मांग की है।

**आठ मई को ईडी देगी अपना जवाब**

विशेष न्यायाधीश प्रशांत शर्मा ने मामले की अगली सुनवाई आठ मई के लिए निर्धारित की है। इसी दिन ईडी को अब अपना जवाब देना होगा। अदालत ने इससे पहले 17 अप्रैल को जैकलीन की ओर से दायर आवेदन पर ईडी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। सोमवार को सुनवाई के दौरान ईडी ने समय की मांग की थी। बता दें कि जांच के दौरान कई बार समन मिलने के बाद ईडी ने पहली बार जैकलीन फर्नांडिस को पूरक आरोपपत्र में आरोपित बनाया था।

**महाठग सुकेश है मुख्य आरोपी**

इस मामले में ठग सुकेश चंद्रशेखर मुख्य आरोपित है, जिस पर रैनबैक्सी के पूर्व प्रमोटरों शिविंदर सिंह और मलविंदर सिंह की पत्नियों से करीब 200 करोड़ रुपये की ठगी का आरोप है। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में मकोका के तहत मामला दर्ज किया है। जांच एजेंसियों के अनुसार, चंद्रशेखर और उनकी पत्नी लीना पालोज ने हवाला मार्ग और शेल कंपनियों के जरिए अवैध धन को इधर-उधर किया। इस मामले में देशभर में अन्य जांच भी जारी हैं।

# नेपाल के पीएम बालेन शाह का बड़ा एक्शन, विश्वविद्यालय परिसर से राजनीतिक संघ को हटाने का दिया फरमान

● प्रधानमंत्री ने विश्वविद्यालयों को आगे निर्देश दिया कि वे शैक्षणिक कैलेंडर का सख्ती से पालन करें और परीक्षा परिणाम एक महीने के भीतर प्रकाशित करें। इसी तरह, शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री सस्मित पोखरेल ने कहा कि मंत्रालय ने राजनीतिक दलों से जुड़े ढांचों को समाप्त करने के निर्देश पहले ही जारी कर दिए हैं, और मौजूदा कानून इनके कार्यान्वयन में कोई बाधा नहीं डालते हैं।



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह ने विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों के कुलपतियों को निर्देश दिया है कि वे पार्टी से जुड़े संघों को तुरंत हटा दें। प्रधानमंत्री ने सोमवार को अपने कार्यालय में कुलपतियों के साथ हुई एक बैठक के दौरान यह निर्देश दिया, और उन्हें आदेश दिया कि वे परिसरों से पार्टी से जुड़े छात्र और कर्मचारी संघों को हटाने के फैसले को तुरंत लागू करें। तीन घंटे तक चली इस लंबी बैठक में, प्रधानमंत्री ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों में किसी भी परिस्थिति में राजनीतिक गतिविधियों की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। उनके कार्यालय के अनुसार, उन्होंने यह स्पष्ट किया कि विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों से पार्टी से जुड़ी संरचनाओं को हटाने में कोई भी कानून बाधा नहीं बनेगा।

इस बात पर ज़ोर देते हुए कि अस्पताल, परिसर और स्कूल 'पवित्र स्थान' हैं, शाह ने कहा कि ऐसी जगहों पर किसी भी राजनीतिक दल के झंडे, प्रभाव या संगठनात्मक ढांचे की अनुमति नहीं होगी। शाह ने यह भी सुझाव दिया कि जो लोग राजनीति में रुचि रखते हैं, उन्हें अपनी पेशेवर जिम्मेदारियों से हट जाना चाहिए और पूरी तरह से राजनीति में शामिल होना चाहिए। चर्चा के दौरान, नेपाल संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. धनेश्वर नेपाल ने कहा कि छात्र संगठनों को खत्म करने के प्रयासों के कारण धमकियाँ और हमले हुए हैं, जिससे सुरक्षा को लेकर चिंताएँ बढ़ गई हैं। प्रधानमंत्री शाह ने कुलपतियों को निर्देश दिया कि यदि राजनीतिक ढांचों को हटाने के दौरान कोई सुरक्षा संबंधी समस्या आती है, तो वे तुरंत संबंधित मंत्रालय या प्रधानमंत्री सचिवालय को सूचित करें। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार सुरक्षा समन्वय सहित सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, और कहा कि पुलिस प्रशासन अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करेगा। शाह ने कुलपतियों से यह भी आग्रह किया कि वे पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करें।

प्रधानमंत्री ने विश्वविद्यालयों को आगे निर्देश दिया कि वे शैक्षणिक कैलेंडर का सख्ती से पालन करें और परीक्षा परिणाम एक महीने के भीतर प्रकाशित करें।

इसी तरह, शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री सस्मित पोखरेल ने कहा कि मंत्रालय ने राजनीतिक दलों से जुड़े ढांचों को समाप्त करने के निर्देश पहले ही जारी कर दिए हैं, और मौजूदा कानून इनके कार्यान्वयन में कोई बाधा नहीं डालते हैं। बैठक के दौरान, त्रिभुवन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. दीपक आर्यल ने कहा कि 'त्नद्धठु-'' आंदोलन और हालिया चुनावों के बाद छात्र और कर्मचारी संगठन धीरे-धीरे निष्क्रिय हो गए हैं। मिड-वेस्ट यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. डॉ. ध्रुव कुमार गौतम, पूर्वांचल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. डॉ. बीजू कुमार थापलिया और सुदूरपश्चिम यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. डॉ. हेमराज पंत ने कहा कि कुछ घटक परिसरों में राजनीतिक तनाव अभी भी बना हुआ है। हालांकि, अन्य विश्वविद्यालयों और अकादमियों के कुलपतियों ने कहा कि उनके संस्थानों में राजनीतिक गतिविधियां बहुत कम हैं, और उन्होंने विश्वास जताया कि अधिक सख्त प्रशासन शैक्षणिक क्षेत्र में राजनीतिक प्रभाव को खत्म करने में मदद कर सकता है।

# न्यूजीलैंड-कनाडा मैच में हुई थी फिक्सिंग, कप्तान पर लगा आरोप



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) क्रिकेट कनाडा के विरुद्ध अपने भ्रष्टाचार रोधी संहिता के कथित उल्लंघन की जांच कर रहा है। इसमें टी-20 विश्व कप में 17 फरवरी को चेन्नई में खेला गया मैच भी शामिल है, जिसमें कनाडा की टीम को हार का सामना करना पड़ा था। एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। चेपॉक स्टेडियम में खेले गए उस मैच में कनाडा आठ विकेट से हार गया था। हाल ही में प्रसारित 43 मिनट की डाक्यूमेंट्री 'करप्शन, क्राइम एंड क्रिकेट' में भ्रष्टाचार के आरोपों को उजागर किए जाने के बाद आईसीसी की भ्रष्टाचार रोधी इकाई (AC) इसकी गहन जांच कर रही है। कनाडा ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 173 रन बनाए। न्यूजीलैंड ने लक्ष्य केवल 15.1 ओवर में हासिल कर लिया। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार आरोपों पर एसीयू दो सक्रिय जांच कर रही है, जिनमें खासकर कनाडा के कप्तान दिलप्रीत बाजवा द्वारा किए गए पांचवें ओवर की जांच शामिल है।

**दिलप्रीत बाजवा संदेह के घेरे में**

ऑलराउंडर बाजवा को टूर्नामेंट से तीन सप्ताह पहले ही कप्तान नियुक्त किया गया था। उन्होंने न्यूजीलैंड के विरुद्ध ओवर की शुरुआत नो-बॉल से की, उसके बाद लेग साइड में वाइड गेंद फेंकी और कुल 15 रन लुटाए। आईसीसी की इंटीग्रिटी यूनिट के अंतरिम महाप्रबंधक एंड्रयू एफग्रेव ने फिलहाल किसी भी आरोप पर टिप्पणी करने की स्थिति में नहीं है। दूसरी जांच कनाडा पूर्व कोच खुर्रम चौहान से जुड़ी एक लीक हुई फोन रिकार्डिंग से संबंधित है, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि बोर्ड के कुछ सीनियर सदस्यों ने उन पर कुछ खिलाड़ियों को चुनने के लिए दबाव डाला था। रिकार्डिंग में मैचों में फिक्सिंग के प्रयासों के दावे भी शामिल हैं।

## 'सपा के 'पीडीए' का खेल समझ चुकी है जनता', केशव मौर्य ने विपक्ष पर नारी शक्ति को कमजोर करने का लगाया आरोप

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने महिला आरक्षण बिल को लेकर विपक्ष पर नारी शक्ति को कमजोर करने की साजिश करने का आरोप लगाया है। सोमवार को अपने सरकारी पर आवास पर मीडिया से वार्ता में उपमुख्यमंत्री ने कहा है कि सपा के 'पीडीए' (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के खेल को जनता पूरी तरह समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि हर वर्ग, हर धर्म और हर जाति के लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनकल्याणकारी नीतियों के साथ खड़े हैं। विपक्ष के पास न कोई विजन है और न ही जनता के प्रति ईमानदारी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष की मानसिकता सदैव महिला विरोधी रही है।

प्रधानमंत्री ने माताओं-बहनों को विधायी कार्यों में उचित भागीदारी देने के लिए महिला आरक्षण बिल रखा था, लेकिन विपक्ष ने इसे विफल करने का कुत्सित प्रयास किया। नारी शक्ति के अपमान और विपक्ष के रवैये के खिलाफ मंगलवार को 'जन आक्रोश रैली' निकाली जाएगी। उन्होंने कहा की भाजपा सरकार ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ से लेकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम तक महिलाओं को सशक्त बनाया है। तुष्टिकरण और जातिवाद की राजनीति करने वाले दल अब हाशिए पर हैं।

## सपा सरकार बनने पर फ्री मिलेगी 300 यूनिट बिजली, महिलाओं को 40 हजार पेंशन

● यूपी चुनाव से पहले अखिलेश का बड़ा वादा



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने वर्ष 2027 के चुनाव में पार्टी की सरकार बनने पर 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने की घोषणा की है। सपा प्रमुख ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय पर आयोजित बैठक में यह घोषणा की और महिलाओं को साल में 40 हजार रुपए पेंशन का अपना चुनावी वादा भी दोहराया। उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतंत्र और संविधान विरोधी है। इसने प्रदेश की स्वास्थ्य शिक्षा, बिजली व्यवस्था सब चौपट कर दी है। सपा सरकार आने पर व्यवस्था में सुधार होगा और हर वर्ग को न्याय मिलेगा। वर्ष 2022 के विधान सभा चुनाव में भी सपा ने 300 यूनिट मुफ्त बिजली का वादा किया था।

**स्मार्ट मीटर से बिजली ठगी का आरोप**

सपा प्रमुख ने कहा कि प्रदेश में स्मार्ट मीटर के नाम पर चल रही बिजली की ठगी के खिलाफ प्रदेश की जनता के गुस्से का मीटर हाई है, भाजपा के बिजली मीटर भी, ईवीएम मशीन की तरह हेराफेरी करते हैं। महंगे सिलिंडर और महंगी बिजली के बिल ही भाजपा का कनेक्शन सत्ता से काट देंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वर्ष 2024 लोकसभा चुनाव का परिणाम दोहराते हुए वर्ष 2027 में अधिक से अधिक विधायक जिताना है। भाजपा की कुटिल चालों पर नजर रखनी होगी। वह झूठे आरोप लगाकर समाजवादियों को बदनाम करने की कोशिश करती है।

**भाजपा सरकार पर अखिलेश का हमला**

एक अन्य बयान में महिला आरक्षण मुद्दे को लेकर कहा कि भाजपाई और उनके संगी-साथियों द्वारा अब नकली विरोध की शूटिंग कराई जा रही है। इसमें शामिल युवक-युवतियों का हम दोषी नहीं मानते, क्योंकि बेतहाशा बेरोजगारी के इस भाजपाई दौर में मजबूर होकर दो पैसों की उम्मीद में लोग कुछ भी करने को तैयार हैं। भाजपा पहले गरीबी-मजबूरी पैदा करती है, फिर उनकी मजबूरी का फायदा उठाकर इस्तेमाल करती है। वहीं बिहार के मुजफ्फरपुर से मुंबई स्थित हाजी अली दरगाह तक स्केटिंग करते हुए जा रहे मोहम्मद तौहीद रजा, मोहम्मद साजिद, मोहम्मद अमीरुल और मोहम्मद अली ने सपा प्रमुख से मुलाकात की। विधान सभा चुनाव में पूरे उत्तर प्रदेश में स्केटिंग करते हुए सपा के पक्ष में प्रचार की इच्छा जताई।

## असम विश्वविद्यालय सिलचर में 'आइंस्टीन का सामान्य सापेक्षता सिद्धांत और उससे आगे' विषय पर 5 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**





**श्रीभूमिः** 20 अप्रैलः असम विश्वविद्यालय, सिलचर (AUS) के भौतिकी विभाग द्वारा पुणे स्थित इंटर-यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स (IUCAA) तथा IUCAA सेंटर फॉर एस्ट्रोनॉमी रिसर्च एंड डेवलपमेंट (ICARD) के सहयोग से आज 'आइंस्टीन का सामान्य सापेक्षता सिद्धांत और उससे आगे' विषय पर पाँच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का औपचारिक शुभारंभ किया गया। यह कार्यशाला 20 से 24 अप्रैल 2026 तक भौतिकी विभाग के मेघनाद साहा कॉन्फ्रेंस रूम में आयोजित की जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य पाठ्यपुस्तकीय ज्ञान और उन्नत शोध-स्तरीय समझ के बीच की खाई को कम करना है, जिससे छात्रों एवं शोधार्थियों को आधुनिक भौतिकी की गहन अवधारणाओं की बेहतर समझ मिल सके। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता भौतिकी विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. अशोक कुमार सेन ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्राध्यापक एवं प्रसिद्ध वैज्ञानिक प्रो. पैट्रिक दासगुप्ता उपस्थित रहे। मंच पर विभागाध्यक्ष प्रो. हिमाद्रि शेखर दास, कार्यशाला समन्वयक एवं स्कूल ऑफ फिजिकल साइंसेज के डीन प्रो. अत्रि देशमुख्य, तथा द्धष्ठ समन्वयक डॉ. अप्रतिम गांगुली सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त आईएसआई कोलकाता की डॉ. भास्वती मंडल एवं आईआईटी गुवाहाटी के डॉ. सयान चक्रवर्ती सहित अन्य विशेषज्ञ भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत प्रतीकात्मक पौधारोपण के साथ की गई। इसके पश्चात उद्घाटन व्याख्यान में प्रो. अत्रि देशमुख्य ने कार्यशाला के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह आयोजन विशेष रूप से उन विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी है, जिन्हें सामान्य सापेक्षता जैसे जटिल विषयों पर व्यवस्थित प्रशिक्षण कम मिलता है। डॉ. अप्रतिम गांगुली ने IUCAA की शैक्षणिक भूमिका और ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित करने के प्रयासों पर विस्तार से चर्चा की। वहीं प्रो. हिमाद्रि शेखर दास ने विभाग की शैक्षणिक उपलब्धियों और निरंतर आयोजित होने वाली अकादमिक गतिविधियों का उल्लेख किया। मुख्य अतिथि प्रो. पैट्रिक दासगुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस युग में भी गणितीय समस्याओं को स्वयं हल करने की प्रक्रिया शोधकर्ताओं के बौद्धिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है।

**प्रतिभागियों की भागीदारी**

इस कार्यशाला में कुल 61 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है, जिनमें पीएचडी शोधार्थी, एम.एससी. छात्र तथा स्नातक स्तर के विद्यार्थी शामिल हैं। प्रतिभागी असम एवं त्रिपुरा के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से आए हैं। उद्घाटन सत्र का संचालन सुश्री संचाली नाथ मजूमदार द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## नासिक TCS मामलाः मुख्य आरोपी निदा खान की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मुंबई।** नासिक में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की बीपीओ इकाई में कथित धर्मांतरण और यौन उत्पीड़न मामले की मुख्य आरोपित निदा खान को अदालत से बड़ा झटका लगा है। नासिक जिला एवं सत्र न्यायालय ने निदा खान की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने उसे गिरफ्तारी से अंतरिम राहत देने से भी इनकार कर दिया है।

**निदा खान को अदालत से नहीं मिली राहत**

सोमवार को सुनवाई के दौरान निदा के वकील ने तर्क दिया था कि वह आठ सप्ताह की गर्भवती है और उस पर लगाए गए आरोपों में अधिकतम सजा तीन साल है, इसलिए उसे गिरफ्तारी से सुरक्षा दी जानी चाहिए। अदालत ने अपराध की गंभीरता और मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए फिलहाल उसे कोई भी राहत देने से मना कर दिया। अब इस मामले की अगली सुनवाई 27 अप्रैल को होगी।

**टीसीएस धर्मांतरण मामला**

बता दें कि यह विवाद नासिक स्थित टीसीएस के बीपीओ सेंटर से शुरू हुआ था। एक 23 वर्षीय महिला कर्मचारी ने आरोप लगाया था कि कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों और सहकर्मियों ने उस पर इस्लाम धर्म अपनाने का दबाव बनाया। पीड़िता के अनुसार, उसे हिंदू देवी-देवताओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के लिए मजबूर किया गया और शादी का झांसा देकर उसका यौन उत्पीड़न भी किया गया। पुलिस जांच के अनुसार, निदा खान इस पूरे प्रकरण की 'मास्टरमाइंड' मानी जा रही हैं। आरोप है कि उसने अन्य कर्मचारियों के साथ मिलकर युवतियों को निशाना बनाने और उन्हें धार्मिक रूप से प्रभावित करने का गिरोह चलाया। इस मामले में अब तक कई लोगों को नामजद किया गया है, जिनमें से सात पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं। निदा खान इकलौती



आरोपित है जो अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। पुलिस का विशेष जांच दल (एसआईटी) उसकी तलाश में महाराष्ट्र के विभिन्न हिस्सों में छापेमारी कर रहा है। टीसीएस ने आरोपों के बाद निदा खान को तत्काल प्रभाव से निलंबित भी कर दिया है और उसका सिस्टम एक्सेस भी ब्लॉक कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर गठित एसआईटी की जांच में यह भी सामने आया है कि यह गिरोह 18 से 25 वर्ष की युवतियों को टारगेट करता था। पुलिस का मानना है कि निदा खान की गिरफ्तारी से इस धर्मांतरण सिंडिकेट के और भी बड़े खुलासे हो सकते हैं।

## नेपाल में भारतीय वाहनों पर कार्रवाई के बीच आई गुड न्यूज, गाड़ी मालिकों को मिलेगा फ्री पास




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

नेपाल के अधिकारियों ने सीमावर्ती मधेश प्रांत में अवैध रूप से चल रहे भारतीय पंजीकृत वाहनों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है। काठमांडू पोस्ट समाचार पत्र ने शुक्रवार को सुरक्षा अधिकारियों के हवाले से बताया कि अधिकारियों ने उन वाहनों के खिलाफ जांच अभियान शुरू किया है जो कस्टम प्रक्रियाओं को पूरा किए बिना या अनुमति प्राप्त रहने की अवधि से अधिक समय तक चल रहे हैं।

**भारतीय वाहनों के लिए एक दिन का फ्री पास**

गृह मंत्रालय ने मधेश प्रांत के जिलों में चल रहे भारतीय पंजीकृत वाहनों की संख्या के बारे में डाटा मांगा है, जो बिहार से सटा हुआ है। जनकपुर जिले में पुलिस प्रवक्ता कमल थापा ने कहा, 'हमने नियमों का उल्लंघन करते हुए कस्टम क्लीयरेंस के बिना चल रहे किसी भी भारतीय पंजीकृत वाहनों के खिलाफ प्रवर्तन को कड़ा किया है।' मुख्य कस्टम अधिकारी बिकाश राज राजक ने कहा कि निकटवर्ती सीमा बाजारों में जाने वाले भारतीय वाहनों को एक दिन का पास मुफ्त में जारी किया जाता है।

## बिहार नहीं छोड़ूंगा... नीतीश कुमार का JDU MLAs को संदेश

सरकार के हर काम पर रखूंगा पैनी नजर




जेडीयू अध्यक्ष नीतीश कुमार ने सोमवार को पार्टी विधायकों से कहा कि मुख्यमंत्री पद छोड़ने के एक सप्ताह बाद भी वे बिहार में विकास कार्यों पर नजर रखना जारी रखेंगे। कुमार ने 1, अणे मार्ग पर विधायक दल की एक बैठक को संबोधित किया, जो मुख्यमंत्री का आधिकारिक आवास है और जहां जेडीयू सुप्रीमो, जो अब राज्यसभा सांसद हैं, लगभग दो दशकों से रह रहे हैं। बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए जेडीयू एमएलसी और प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि हमारे पार्टी नेता ने कहा है कि संसद के उन सत्रों को छोड़कर जिनमें उनकी उपस्थिति आवश्यक होगी, वे अपना अधिकतम समय बिहार में बिताएंगे।

## चार सदस्यीय समिति करेगी यूपी SI भर्ती के लिए डॉक्यूमेंट की जांच, बोर्ड ने जारी की सूचना

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखनऊ।** सब इंस्पेक्टर की भर्ती के लिए दस्तावेजों व शारीरिक मानक की जांच चार सदस्यीय समिति करेगी। इस संदर्भ में पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि जिला मजिस्ट्रेट द्वारा नामित डिप्टी कलेक्टर को समिति का अध्यक्ष बनाया जाएगा। इसके अलावा संबंधित जिलों के पुलिस कमिश्नर, एसएसपी या एसपी द्वारा नामित डीएसपी, शिक्षा विभाग के राजपत्रित अधिकारी व मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा नामित किसी एक चिकित्साधिकारी को समिति का सदस्य बनाया जाएगा। भर्ती बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया है कि अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच के बाद शारीरिक मानक परीक्षण को लेकर समिति का निर्णय अंतिम होगा। सामान्य व अन्य पिछड़े वर्गों व अनुसूचित जातियों के अभ्यर्थियों की न्यूनतम ऊंचाई 168 सेंटीमीटर व अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम शारीरिक ऊंचाई 160 सेंटीमीटर मान्य होगी। वहीं सामान्य व अन्य पिछड़े वर्गों व अनुसूचित जातियों के अभ्यर्थियों के लिए सीने का न्यूनतम माप 79 सेंटीमीटर और फुलाने पर कम से कम 84 सेंटीमीटर होना चाहिए। इसी प्रकार अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए 77 सेंटीमीटर व फुलाने पर 82 सेंटीमीटर का माप होना चाहिए। सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग व अनुसूचित जाति की महिला अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम ऊंचाई 152 सेंटीमीटर व अनुसूचित जनजाति की अभ्यर्थियों की न्यूनतम शारीरिक ऊंचाई 147 सेंटीमीटर होनी चाहिए। साथ ही महिला अभ्यर्थियों का भार न्यूनतम 40 किलोग्राम होना चाहिए।

## उत्तर प्रदेश के किसानों को Yogi सरकार की बड़ी राहत, बिना ऑनलाइन पंजीकरण बेचें MSP पर गेहूं



सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, उत्तर प्रदेश के किसान अब अनिवार्य ऑनलाइन पंजीकरण के बिना सरकारी खरीद केंद्रों पर गेहूं बेच सकते हैं। यह निर्णय खरीद प्रक्रिया के दौरान किसानों को होने वाली कठिनाइयों को दूर करने के लिए लिया गया है। बयान में स्पष्ट किया गया है कि किसानों की पहचान और उनकी फसलों के सत्यापन के लिए इस्तेमाल की जाने वाली डिजिटल प्रणाली 'किसान रजिस्ट्री' अब अनिवार्य नहीं रहेगी।

## डिजिटल गिरफ्तारी के मामलों में पढ़े-लिखे लोगों का ठगा जाना चौंकाने वाला

● सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल ठगी के मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पढ़े-लिखे लोग भी साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल ठगी के मामलों पर चिंता जताते हुए कहा कि यह चौंकाने वाली बात है कि पढ़े-लिखे लोग भी साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने सोमवार ये टिप्पणी उस वक्त की जब केंद्र सरकार की ओर से पेश अटार्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने विभिन्न विभागों में साइबर ठगी पर अंकुश के मामले में बैठकें चलने और मुद्दा विचाराधीन होने के आधार पर डिजिटल अरेस्ट के मामले की सुनवाई 12 मई तक टालने का अनुरोध किया।

**सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल ठगी पर जताई चिंता**

डिजिटल अरेस्ट के मामले में सुप्रीम कोर्ट स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई कर रहा है। सोमवार को सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि वह उस महिला को आधिकारिक रूप से जानते हैं, जिसके सेवानिवृति के सभे लाभ धोखे से हड़प लिये गए। उसने अपनी सारी जमां पूंजी खो दी।

**मामले की सुनवाई 12 मई तक स्थगित**

जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि यह चौकाने वाली बात है कि इतने पढ़े लिखे लोग भी इस तरह ठगी का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने अटार्नी जनरल से इस पहलू पर भी ध्यान देने को कहा। अटार्नी जनरल ने कोर्ट को भरोसा दिलाया कि इन सभी मुद्दों पर विचार किया जा रहा है। बाद में कोर्ट ने अटार्नी जनरल का अनुरोध अनुरोध स्वीकार करते हुए डिजिटल अरेस्ट मामले की सुनवाई 12 मई तक स्थगित कर दी।